वर्ष 73 अंक 260 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 18 जून, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सफल होने की इच्छा महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है तैयारी करने की इच्छा।
- बॉबी नाइट




## ऑफ बीट

### 4 देशों की यात्रा कर चुके 'आलोका' के लाखों फैन



*कोलकाता की सड़कों पर बेसहारा घूमने वाला स्ट्रे डॉग 'आलोका' अब दुनिया भर में शांति और करुणा का प्रतीक माना जा रहा है। अमेरिका सहित चार देशों की यात्रा कर चुका आलोका मंगलवार को गुरुग्राम पहुंचा, जहां उससे मिलने और तस्वीरें खिंचवाने के लिए बड़ी संख्या में पशु प्रेमी जुटे। सोशल मीडिया पर भी आलोका की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 4.8 लाख फॉलोअर्स हैं। बौद्ध भिक्षु पन्नकारा के अनुसार, आलोका मूल रूप से कोलकाता की गलियों में रहने वाला एक आवारा कुत्ता था। एक शांति यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात बौद्ध भिक्षुओं से हुई और वह उनके साथ जुड़ गया। इसके बाद उसने अमेरिका, श्रीलंका, थाईलैंड और भारत में कई हजार किलोमीटर की पदयात्राएं कीं। हाल ही में आलोका ने दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से भी मुलाकात की थी।*

## संक्षिप्त खबरें

### अभद्र टिप्पणी मामले में गुरुग्राम में एफआईआर

**गुरुग्राम, जेएनएन।** स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान की गई कथित अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के बाद अब राष्ट्रीय महिला आयोग की शिकायत पर गुरुग्राम में भी प्रणित मोरे, हिमांशु जांगड़ा और सेजल पवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला एक कॉमेडी शो से जुड़ा है, जहां दर्शक के रूप में मौजूद हिमांशु जांगड़ा और सेजल पवार ने महिलाओं और निजी अंगों को लेकर विवादित टिप्पणियां की थीं। वीडियो वायरल होने के बाद तीनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई।

### टीएमसी में टूटः 19 को बिड़ला से मिलेंगे अभिषेक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में कथित बंटवारे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोनों पक्षों को सुनने का फैसला किया है। इसी क्रम में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को 19 जून को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया गया है। दरअसल, टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय के बाद लोकसभा में अलग गुट के रूप में मान्यता देने की मांग की है। बागी सांसद पहले ही लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर चुके हैं। वहीं, ममता के नेतृत्व वाले गुट ने स्पीकर से बागी समूह को मान्यता न देने की मांग की है।

### अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत के बाद दोनों नेताओं की अहम बैठक

# पीएम ने की नाविक सुरक्षा पर बात ट्रंप बोले- मोदी बहुत सख्त वार्ताकार

**एवियन (फ्रांस), जेएनएन।** फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। ओमान के तट के पास एक भारतीय ध्वज वाले जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के बाद दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। बैठक में समुद्री सुरक्षा, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के समुद्री व्यापार में लाखों भारतीय नाविक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना वैश्विक समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है। मोदी ने कहा कि होर्मुज का खुला रहना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है और समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए ट्रंप द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत तथा क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में उठाए गए कदम उम्मीद की नई किरण दिखाते हैं। मोदी ने भरोसा जताया कि किसी भी संभावित समझौते में नाविकों और समुद्री व्यापार की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय नाविकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन पेशा है। हम इन लोगों से प्यार करते हैं और इस मुद्दे पर साथ मिलकर काम करेंगे।' हालांकि उन्होंने हमले पर विस्तृत टिप्पणी नहीं की।

बैठक के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता अंतिम चरण में है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'वह दुनिया के सबसे सख्त वार्ताकारों में से एक हैं। लोग उन्हें बहुत सहज और विनम्र मानते हैं, लेकिन बातचीत की मेज पर वह बेहद मजबूत और दृढ़ रहते हैं।'

ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में मोदी को 'फरिश्ते जैसा दिखने वाला लेकिन बेहद सख्त नेता' बताया। उन्होंने भारत यात्रा की अपनी पुरानी यादें भी साझा कीं और कहा कि अहमदाबाद में उनका स्वागत ऐतिहासिक था।

यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव, होर्मुज़ जलडमरूमध्य की सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बनी हुई है। हाल के अमेरिकी सैन्य अभियानों के कारण क्षेत्र में कई वाणिज्यिक जहाज प्रभावित हुए हैं। ओमान के पास भारतीय जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत ने भारत की चिंता और बढ़ा दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मोदी द्वारा समुद्री सुरक्षा का मुद्दा सीधे ट्रंप के सामने उठाना भारत की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है।




### मोदी बोले- पश्चिम एशिया संकट का असर लंबे समय तक रहेगा

मोदी ने समिट में कहा कि पश्चिम एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर काफी समय तक रहेगा। अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के लिए कमजोर देशों को संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाना चाहिए। कई देशों की आबादी बूढ़ी हो रही है, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के देशों में युवा प्रतिभा और कौशल की कमी नहीं है।

### जी-7 समिट मजाकिया अंदाज में ट्रंप बोले- मैं ही बॉस हूं

जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप का एक हल्का-फुल्का मजाक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विश्व नेताओं के बीच पहुंचते ही ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं ही बॉस हूं'। उनकी यह टिप्पणी सुनते ही वहां मौजूद नेताओं के बीच हंसी का माहौल बन गया। यह घटना उस समय हुई जब सम्मेलन के मेजबान और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप का स्वागत करते हुए पूछा, 'आप कैसे हैं?' इस पर ट्रंप ने पहले 'गुड, थैंक यू' कहा और फिर मजाकिया अंदाज में खुद को 'बॉस' बता दिया। यह पूरा संवाद कैमरों में रिकॉर्ड हो गया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### शिवसेना (यूबीटी) के बागियों ने स्पीकर को लिखा पत्र

# 6 सांसदों ने जताई शिंदे गुट में विलय की इच्छा

**नई दिल्ली/मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बुधवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भेजकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय की इच्छा जताई है। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय और न ही बागी सांसदों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

दिलचस्प बात यह है कि संजय दीना पाटिल ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों का सार्वजनिक रूप से खंडन किया था। इसके बावजूद राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हैं कि शिवसेना (यूबीटी) एक और बड़े विभाजन के दौर से गुजर रही है। स्थिति को संभालने के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने 18 जून को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक बुलाई है। पार्टी ने सभी सांसदों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले सांसदों के खिलाफ कानूनी और संगठनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस घटनाक्रम पर कांग्रेस ने भी भाजपा को घेरा है।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस में भड़के राउत

दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बेहद आक्रामक भाषा का इस्तेमाल करते हुए उन्हें 'बेईमान' बताया और कहा कि विश्वासघात उनके खून में है। बाद में विवाद बढ़ने पर राउत ने सफाई दी कि मराठी समाज में ऐसे शब्द कई बार सामान्य बोलचाल का हिस्सा होते हैं। राउत ने भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि प्रत्येक सांसद को 50 करोड़ रुपये तक का प्रस्ताव दिया गया है और उनमें से कई को निजी चार्टर्ड विमानों के जरिए दिल्ली लाया गया।

### उत्तरप्रदेशः डिप्टी सीएम बोले-सपा के 25-26 सांसद टूटने को तैयार

इस बीच, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में भी बड़ी टूट हो सकती है और कई नेता भाजपा के संपर्क में हैं। इधर, राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया है कि सपा के 25-26 सांसद टूटने के लिए तैयार हैं, लेकिन भाजपा उन्हें तोड़ने का प्रयास नहीं कर रही है। हालांकि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने शायरी के अंदाज में जवाब देते हुए कहा, 'दाना और गाना, कब तक चलेगा ये अफसाना।'

### मुख्यमंत्री ने की उज्जैन जिले में कई विकास कार्यों की घोषणा

# किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार ने किए अनेक उपायः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन सिटी में धार, नागदा और रतलाम को भी शामिल किया गया है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। प्रदेश में किसानों की समृद्धि के लिए तमाम उपाय किए जा रहे हैं। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है।

मुख्यमंत्री बुधवार को उज्जैन जिले के नागदा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो हजार करोड़ रूपए की लागत से भव्य चित्रकूट धाम का निर्माण कर रही है। सरकार गरीब, किसान और नारी शक्ति के सशक्तीकरण द्वारा अंत्योदय के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान किया है। राज्य में प्राकृतिक खेती और गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति गाय 1100 रुपये महीना सहायता दी जाएगी।

एक अन्य कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा इस क्षेत्र के किसानों को अन्न पैदा करने के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। सामाकोटा बैराज उज्जैन जिले में जल संरक्षण को नई ऊर्जा देगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल और खेतों को नई संजीवनी मिलेगी। राज्य सरकार ने नवाचार करते हुए एयर एंबुलेंस की शुरुआत की है। राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क पर घायलों की मदद करने वालों को सरकार 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सम्मान निधि और लाड़ली बहना को निरंतर राशि दी जा रही है। अब तक लाड़ली बहनों को 60 हजार करोड़ की राशि अंतरित कर चुकी है। राज्य सरकार ने पिछला वर्ष उद्योग और रोजगार को और यह साल किसान कल्याण को समर्पित किया है।



### राष्ट्रपति मुर्मु आज से 5 दिवसीय मप्र प्रवास पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार 18 जून को 5 दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आएंगी। राष्ट्रपति प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के अलावा इंदौर, बैतूल, जबलपुर, ग्वालियर और श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में आयोजित विभिन्न आयोजनों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी। इसके बारद वे बैतूल में स्पिरिचुअल अवेकनिंग कार्यक्रम में शामिल होंगी। शुक्रवार को ओंकारेश्वर में राष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। शनिवार को जबलपुर पहुंचेंगी और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, रानी दुर्गावती विवि के दीक्षांत समारोह में हिस्सेदारी करेंगी और कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगी।



पांच जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में होंगी शामिल

# टेलीग्राम ने अपने एप पर रोक के फैसले को दी हाईकोर्ट में चुनौती

### कहा- पेपर लीक के दोषियों के बजाय 15 करोड़ यूजर्स को सजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने नीट यूजी री-एग्जाम से पहले पेपर लीक और उससे जुड़ी अफवाहों पर रोक लगाने के लिए टेलीग्राम पर अस्थायी बैन लगाया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति दे दी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को बताया था कि सरकार के निर्देश पर टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून तक रोक लगाई गई है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म का मैसेज-एडिटिंग फीचर 30 जून तक बंद कर दिया गया है। टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इससे पेपर लीक करने वालों को नहीं, बल्कि भारत के 15 करोड़ से अधिक वैध उपयोगकर्ताओं को नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि प्रतिबंध से समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि गलत गतिविधियों में शामिल लोग आसानी से दूसरे प्लेटफॉर्म पर चले जाएंगे। सरकारी आदेश के बाद गूगल और एप्पल ने भी अपने-अपने ऐप स्टोर से टेलीग्राम को अस्थायी रूप से हटा दिया है। यह पहली बार है जब भारत में किसी एप पर पेपर लीक की आशंका के आधार पर इस तरह की कार्रवाई की गई है। सरकार का कहना है कि कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाह फैलाने, फर्जी दावे करने और छात्रों से ठगी करने के लिए कर रहे थे। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि स्थिति ऐसी हो गई थी कि सरकार के पास कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।




### री-एग्जाम पर सुप्रीम सुनवाई जुलाई में

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जुलाई में सुनवाई की जाएगी। यह मामला जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष रखा जाएगा, जो पहले से ही नीट-यूजी से जुड़ी अन्य याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ के सामने दायर याचिका में पुनर्परीक्षा के फैसले को रद्द करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत के नियमित कामकाज शुरू होने के बाद जुलाई में इस मामले पर विचार किया जाएगा।

## स्वदेशी हथियार

### निर्माण में एक साल में 15.6 फीसदी की वृद्धि; ब्रह्मोस, तेजस की बढ़ी वैश्विक मांग

# रिकॉर्डः 1.78 लाख करोड़ के पार पहुंचा रक्षा उत्पादन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 1.54 लाख करोड़ की तुलना में 15.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2020-21 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 84,643 करोड़ रुपये था, जिसके मुकाबले पांच वर्षों में इसमें 110 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि वर्ष 2013-14 में भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन केवल 43,746 रुपये करोड़ था। यानी पिछले एक दशक में यह लगभग चार गुना बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि को भारत की आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार और स्वदेशी विनिर्माण क्षमता का परिणाम बताया है।

### ब्रह्मोस के लिए 12,600 करोड़ रुपये की डील

*सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की अंतरराष्ट्रीय मांग लगातार बढ़ रही है।*

- फिलीपींस के साथ लगभग 3,200 करोड़ रुपये की डील पहले ही हो चुकी है।
- वियतनाम के साथ करीब 5,800 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।
- इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की बातचीत अंतिम चरण में है।
- मलेशिया और थाईलैंड ने भी ब्रह्मोस में रुचि दिखाई है।



### आकाश व पिनाका को भी मिल रहे विदेशी ग्राहक

- भारत की स्वदेशी आकाश-1एस एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति अर्मेनिया को शुरू हो चुकी है।
- अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों ने भी इस प्रणाली में रुचि दिखाई है।
- पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम की आपूर्ति अर्मेनिया को पहले ही की जा चुकी है।

### तेजस ने बढ़ाया भारत का आत्मविश्वास

*स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।*

- 2015 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ तेजस अब मार्क-1ए और भविष्य के मार्क-2 संस्करणों के साथ भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की रीढ़ बनता जा रहा है।

### अग्नि-5 और लॉयटरिंग म्यूनिशन की बढ़ती मांग

- 2018 में सेना में शामिल हुई अग्नि-5 भारत की सबसे शक्तिशाली मिसाइलों में से एक है। यह मिसाइल कई लक्ष्यों को भेद सकती है।
- नागास्त्र-1 और स्काईस्ट्राइकर जैसे लॉयटरिंग म्यूनिशन यानी 'सुसाइड ड्रोन' की विदेशी बाजारों में मांग बढ़ रही है।

### 100 से अधिक देश कर रहे खरीदी, निर्यात में 25 गुना वृद्धि

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। इनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख ग्राहक हैं। अमेरिका भारत से रक्षा प्रणालियों और पुर्जों का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है। भारतीय कंपनियां बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी वैश्विक कंपनियों को भी रक्षा उपकरण और कलपुर्जे उपलब्ध करा रही हैं।

**38, 424** करोड़ रुपये तक पहुंच गया है वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात

**1,522** करोड़ रुपये था 2016-17 में भारतीय रक्षा निर्यात

**50,000** करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य है 2029-30 तक के लिए

# डंपर-ट्रक की भिडंत, डीजल टैंक फटा, चालक जिंदा जले

### ग्वालियर में हादसाः केबिन से नहीं निकल सके बाहर

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर जिले के फुले का पुरा गांव के पास दो ट्रक चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। दतिया की ओर से आ रहा एक डंपर ग्वालियर जा रहे ट्रक से आमने-सामने टकरा गए। इसके बाद एक वाहन का डीजल टैंक फट गया, जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान दोनों चालक केबिन में फंस गए और बाहर नहीं निकल सके। हादसा मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 2 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए । चश्मदीदों के अनुसार, टक्कर के बाद एक वाहन के डीजल टैंक में विस्फोट हो गया, जिससे आग तेजी से फैल गई और दोनों वाहन आग के गोले में तब्दील हो गए। ग्रामीणों और पुलिस ने आग बुझाकर चालकों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण कोई भी वाहन के करीब नहीं पहुंच सका। बेहट थाना पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मुरैना निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र सिंह गुर्जर और बंगरोली निवासी सुरेंद्र सिंह गुर्जर के रूप में हुई है। दमकल के पहुंचने तक दोनों चालक जिंदा जल चुके थे। बुधवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। बेहट एसडीओपी मनीष यादव ने बताया कि दो वाहनों की टक्कर के बाद आग लगने से दोनों चालकों की मौत हुई है।



# अधर्म से संचित धन कभी टिकता नहीं : वल्लभाचार्य महाराज

## सिलपरी में हो रहा संगीतमय श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन



**जागरण, सतना।** सिद्धशक्ति पीठ बुढ़ऊ बाबा हनुमान जी एवं साधना स्थली परम् पूज्यपाद सन्त स्वामी ललियादास बाबा महाराज सिलपरी के प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा आयोजन के अंतर्गत भगवान श्रीरामजी की पावन कथा परम् श्रृद्धा.. भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में स्थानीय व क्षेत्रीय धर्मानुरागी व श्रृद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति में क्रमशः कथा के छठवें दिवस कथा व्यास जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज ने जानकी की बिदाई व श्री राम जी के साथ अयोध्या आगमन प्रभु श्री राम की आलौकिक जीवन गाथा रामजी के पिता दशरथ व गिद्धराज जटायु का सन्दर्भ महाराज दशरथ का राम के प्रति अनन्य अनुराग सहित महत्वपूर्ण कथाओ का वर्णन किया। उपरोक्त कथा दिवसों पर क्रमशः पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह,रामपुर बघेलान, वरिष्ठ समाजसेवी रामशंकर पयासी रामपुर बघेलान, निवर्तमान संचालक कृषि डॉक्टर गायत्री प्रसाद पाण्डेय, बिलासपुर ;सिलपरीद्ध, निवर्तमान कृषि विस्तार अधिकारी रामसुशील पाण्डेय,बिलासपुर पण्डित राजेश द्विवेदी, अध्यक्ष.. राष्ट्रीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ जिला इकाई सतना एवं वरिष्ठ समाजसेवी , , सुधीर सिंह राठौर, रामपुर बघेलान,सेवानिवृत्त प्राचार्य बीएल त्रिपाठी, डॉक्टर केशव त्रिपाठी, रामपुर बघेलान, एडवोकेट देवेन्द्र तिवारी, श्रीमती अल्का झा, रीवा,महन्त स्वामी उर्मिलादास महाराज हर्षण कुंज चित्रकूट, मदन प्रसाद त्रिपाठी लामी करही , रामनरेश शुक्ला ,विनोद द्विवेदी, रामबिहारी द्विवेदी, ब्रह्मानन्द तिवारी, रामाश्रय द्विवेदी , सूर्यप्रकाश द्विवेदी , सुधीर निगम , वरिष्ठ समाजसेवी रमाकांत पाण्डेय, , एडवोकेट मिथिलेश पाण्डेय,बालमुकुंद पाण्डेय, सन्तोष कुमार , बृजेन्द्र मिश्र , करिया पतेर, पप्पू साहू , कीर्तिशेष पौराणिक रामलखन पाण्डेय के कृपापात्र इंजीनियर नोखेलाल गुप्ता ,मृत्युञ्जय पाण्डेय, ध्रुवकुमार पाण्डेय,राजकुमारी यादव ,रामफल तिवारी, सन्तोष द्विवेदी , गरुड़ प्रसादपाण्डेय, तुलसीदास पाण्डेय, विनय पाण्डेय , आनंद कुमार,देवशरण पटेल , चंद्रशेखर द्विवेदी, के पी तिवारी, सेहेरुआ, सूर्यप्रकाश द्विवेदी, रुंगवा,हीरालाल द्विवेदी, इन्द्रपाल द्विवेदी सेहेरूआ, गणपति पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय,रमेश कुमार, मनोज कुमार,राजबली पाण्डेय , हरिशरण पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, विजयंत पांडेय, राधेश्याम द्विवेदी, वेदान्त प्रसाद, सुरेन्द्र द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, रुंगवा, पुरुषोत्तमदास पाण्डेय, दिनापुर,रामनरेश मिश्रा,रामशिरोमणि द्विवेदी, प्रेमलाल गुप्ता रामपुर बघेलान, आदित्य प्रसाद तिवारी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, देवशरण पाण्डेय, ,अशोक पाण्डेय, सुनील कुमार पाण्डेय, विजय तिवारी, गया प्रसाद, सन्त बिहारी, पूजन सिंह, पण्डित रमाकान्त पाण्डेय, रामसिपाही, ममता पाण्डेय, उमेश तिवारी, श्यामू पाण्डेय, पण्डित रामाधार द्विवेदी, रामसिपाही पाण्डेय,कामता द्विवेदी, रामराज शर्मा, प्रमोद तिवारी, कृष्णकुमार पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, श्यामलाल पाण्डेय, भाई लल्लू परौहा,कुन्दन वर्मा, कमलेश प्रसाद, , मयंक तिवारी, समयलाल सेन, शिवमूरत यादव, रामविश्वास, प्रमोद द्विवेदी,सूर्यभान सिंह ,भैयालाल द्विवेदी, डॉक्टर देव पाण्डेय, पण्डित पंकज शास्त्री, हीरालाल तिवारी, रामभजन त्रिपाठी, शिवकांत द्विवेदी,आलोक चतुर्वेदी, अजय द्विवेदी, रजनीश सिंह, आई पी तिवारी, चन्दन अजय शर्मा करही, गोलू पाण्डेय, घनश्याम यादव ,उमाशंकर अग्निहोत्री, कर्रा,आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# आधुनिक जीवन में संतुलन और स्वास्थ्य का आधार है योग : डॉ रत्नेश पाण्डेय



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय व्याख्यानमाला के तृतीय दिवस पर श्आधुनिक जीवन में योग का महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ रत्नेश पाण्डेय ने कहा कि बढ़ते तनाव अनियमित दिनचर्या और बदलती जीवनशैली के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि शरीर मन और चेतना के समन्वित विकास का विज्ञान है। भारतीय ज्ञान परंपरा की यह धरोहर आज विश्वभर में स्वीकार्यता प्राप्त कर रही है। नियमित योगाभ्यास से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैए तनाव कम होता है तथा आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग प्राणायाम और ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि योग एकाग्रता स्मरण शक्ति और आत्मानुशासन को सुदृढ़ करता है। स्वस्थ और अनुशासित युवा ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। योग के वैज्ञानिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि अनेक शोधों में योग को जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में उपयोगी पाया गया है। संतुलित आहार नियमित दिनचर्या और सकारात्मक चिंतन को उन्होंने योगमय जीवन के आवश्यक तत्व बताया।

# महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे का एक दिवसीय प्रवास आज



**जागरण, सतना।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे एक दिवसीय प्रवास पर आज 18 जून को सतना आयेंगी जहाँ पर वो विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। श्रीमती परांजपे के सतना आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी की गई है। श्रीमती परांजपे सतना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ साथ मीसाबंदियों से भी मुलाकात करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया की श्रीमती अश्विनी परांजपे सुबह 8.30 बजे पन्ना से सतना के लिए प्रस्थान करेंगी और नागौद होते हुये सतना पहुंचेंगी। 12.30 बजे श्री साइन पैलेस में स्वसहायता समूह एवं लखपती दीदी महिला संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। श्रीमती परांजपे दोपहर 2.30 बजे भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जिला महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगी। इस दौरान वे संगठन विस्तारए आगामी कार्यक्रमों महिला सशक्तिकरण सामाजिक सहभागिता तथा संगठन की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। श्रीमती परान्जपे सतना में विभिन्न कार्यक्रमो मे हिस्सा लेने के बाद आज गुरुवार 18 जून चित्रकूट मे रात्रि विश्राम करेगी। शुक्रवार 19 जून को विभिन्न मण्डलो मे आयोजित कार्यक्रमो मे हिस्सा लेने के पश्चात मैहर के लिए प्रस्थान करेगी।

**महिला मोर्चा की बैठक में बनी स्वागत की रणनीति :** प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ स्वप्ना वर्मा की उपस्थिति में वृहद तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा एक.एक कार्यकर्ता को अलग.अलग जिम्मेदारियां सौंपकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के प्रथम सतना आगमन को ऐतिहासिक भव्य एवं गरिमामय बनाने के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वागत मंचए पुष्पवर्षा अभिनंदन समारोह एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को स्वागत मंच व्यवस्था संपर्क प्रचार–प्रसार अतिथि सत्कार स्वागत द्वार निर्माण तथा कार्यक्रम समन्वय सहित विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

# सरस्वती विद्यालय में आचार्य प्रशिक्षण प्रारंभ



**जागरण, सतना ।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान में 15 जून को संस्था के नवीन प्राचार्य के रूप में गणेश प्रसाद मिश्र ने दायित्व संभाला । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक सिंह व्यवस्थापक पंकज सोनी कोषाध्यक्ष राहुल चौरसिया प्रभारीप्राचार्य उमेश शुक्ला एवं समस्त आचार्य दीदी हर्षपूर्वक उनका स्वागत किया । इसके साथ ही दिनांक 16 जून से पांच दिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग आयोजित किया जा रहा है । जिसके प्रथम दिवस में क्रमशः शारीरिक प्रमुख सूर्यमणि त्रिपाठी द्वारा शारीरिक योग एवं प्रार्थना कराई गई तत्पश्चात समिति सदस्य प्रकाश ताम्रकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य कार्यपद्धति को विस्तार से समझाया गया एवं अंतिम सत्र में प्राचार्य गणेश मिश्र द्वारा पंचपदी शिक्षा पद्धति के पांच सोपानों पर प्रकाश डाला गया । वर्ग के द्वितीय दिवस में समिति सदस्य प्रकाश ताम्रकार द्वारा एनईपी संबंधी प्रभावी दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया तत्पश्चात प्राचार्य गणेश मिश्र ने विद्याभारती के पांच आयामों के क्रियान्वयन एवं पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।आचार्यों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग से आचार्य दीदियों के साथ ही विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे ।

# विट्स में एआई टूल्स पर कार्यशाला का आयोजन



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में कम्प्यूटर साईंस डिपार्टमेंट के तत्वाधान में बी टेक कम्प्यूटर साईंस छात्रों के लिए एआई टूल्स पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था, ताकि वे अपने विचारों को वास्तविक प्रोजेक्ट्स में बदल सकें। कार्यशाला का संचालन ग्रोथस्क्वेयर के फाउंडर व सीईओ शिवम सिंह एवं कम्यूनिटी मैनेजर उत्कर्ष गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई के विभिन्न उन्नत टूल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनके उपयोग का लाइव प्रदर्शन भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों को गूगल एआई टूल्स के अंतर्गत जेमिनी एंटीग्रेविटी, गूगल एआई स्टूडियो, एवं गूगल स्टिच के माध्यम से आइडिया डेवलपमेंट और प्रोजेक्ट निर्माण की प्रक्रिया सिखाई गई। साथ ही, प्रोजेक्ट्स के डिप्लॉयमेंट के लिए गिटहब और नेटलिफाई जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग भी व्यावहारिक रुप से समझाया गया। हैं।

कई उन्नत 'एआई टूल्स' आज जटिल समस्याओं के समाधान, स्वचालित निर्णय प्रक्रिया, डेटा विश्लेषण और बुद्धिमान सहायक प्रणालियों में उपयोग किए जा रहे हैं। विशेष सत्र में 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वर्तमान शोध में रिइनफोर्समेंट लर्निंग का उपयोग ऐसे एआई टूल्स विकसित करने के लिए किया जा रहा है जो स्वयं बेहतर प्रॉम्प्ट तैयार कर सकें और समय के साथ अपनी कार्यक्षमता में सुधार कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को एआई एजेंट्स, कॉन्टेक्स्ट इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग, एआई सुरक्षा तथा भविष्य में एआई आधारित करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को नवाचार, अनुसंधान और उभरती प्रौद्योगिकियों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्यों एवं बड़ी संख्या में छात्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने एआई टूल्स, रिइनफोर्समेंट लर्निंग और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं उनके कौशल विकास एवं करियर निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी।

# जन-जन को लाभ पहुंचाने भाजपा सरकार कर रही हरसंभव प्रयास : विक्रम सिंह



## जनकल्याण शिविर के समापन पर कहा रामपुर विधायक ने

**जागरण, सतना।** सरकार द्वारा चलाई जा रहे जनकल्याण शिविर का तीसरे दिन जनपद कार्यालय रामपुर बघेल में समापन किया गया आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह रहे वही अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि पांडेय विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी अनंत सिंह गंगा शिवमोहन सिंह लाला पंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा रामानंद द्विवेदी एनआरएलएम के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबंध करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जन.जन को लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालिका अधिकारी सुश्री रश्मि पांडेय ने बताया कि 1196 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी विभागों को मिलाकर 700 आवेदनों पर निराकरण किया जा चुका है शेष आवेदनों का निराकरण जल्द ही हो जाएगा आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी श्वेता जुनेजा द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्यवेक्षा के प्रियंका शुक्ला मृदुता चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन और प्रोटीन से भरपूर पकवानों से दूर.दूर से आई हुई मात्र शक्तियों को अवगत करणी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं विजेता को 5000 की राशि से पुरस्कार किया गया। कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह एवं जनपद अध्यक्ष रावेद्र सिंह द्वारा लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र आय जाति निवास प्रमाण पत्र का वितरण भी कार्यक्रम स्थाल से किया गया।

# वन बंधु परिषद शाखा का भव्य शुभारंभ

## नई कार्यकारिणी की घोषणा, डॉ राकेश अग्रवाल अध्यक्ष, जागृत कपूर सचिव एवं विराम जैन कोषाध्यक्ष घोषित




**जागरण, सतना।** आदिवासी अंचल में निवासरत बच्चों एवं वयस्कों के शिक्षा स्वास्थ संस्कार स्वावलंबन एवं सर्वांगीण विकास हेतु समाज में समाज में संवेदनाए सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट्रीय एकता के उद्देश्य से कार्यरत वन बंधु परिषद की सतना शाखा का भव्य शुभारंभ समारोह स्थानीय सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन बंधु परिषद जबलपुर प्रांत के अध्यक्ष गणेश पुरोहित थे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। परिषद के उपाध्यक्ष डॉ हेमंत मोढ ने वन बंधु परिषद का परिचय देते हुए इसके सेवा संस्कार समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। संदीप जैन ने परिषद की संगठनात्मक संरचना एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न स्तरों पर चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों की जानकारी साझा की। सतना शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सतना शाखा की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाखा द्वारा वनवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा स्वावलंबन पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से परिषद के सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया तथा बताया कि सतना शाखा सेवा एवं संस्कार आधारित गतिविधियों के माध्यम से जिले में एक सशक्त सामाजिक मंच के रूप में कार्य करेगी। नवनियुक्त संरक्षक उत्तम बनर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की सामूहिक शक्ति से ही बड़े परिवर्तन संभव हैं। उन्होंने परिषद के माध्यम से सेवा कार्यों को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया तथा संगठन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संरक्षक मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि वन बंधु परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया तथा सेवा और संस्कार को संगठन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। मुख्य अतिथि गणेश पुरोहित ने अपने उद्बोधन में वन बंधु परिषद की स्थापना के उद्देश्यों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सतना शाखा के गठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सतना शाखा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी संरक्षक उत्तम बनर्जी मणिकांत माहेश्वरी अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष कैलाश नाथ चामड़िया अतुल मेहरोत्रा सचिव जाग्रत कपूर कोषाध्यक्ष सीए विराम जैन संयुक्त सचिव शिवांशु माहेश्वरी रूपेश जैन संगठन मंत्री अजय पाठक महिला प्रमुख श्रीमती पूजा बेंजामिन सह महिला प्रमुख डॉ मनीषा सोइन अधिवक्ता आभा अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी सीए अभिषेक श्रीवास्तव पत्रिका सचिव सीए प्रशांत नायक कार्यकारिणी सदस्य दशरथ अग्रवाल जितेंद्र जैन उमेश बड़ेरिया समरेंद्र सिंह जयदेव ताम्रकार अश्वनी अग्रवाल।

# नामांकन रद्द मामलाः एनएसयूआई ने भाजपा कार्यालय के बाहर किया पुतला दहन

**रीवा।** कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार एवं कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई रीवा इकाई द्वारा भाजपा कार्यालय ढेकहा के बाहर चुनाव आयोग का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई रीवा के जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने किया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार, भाजपा एवं चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्षी नेताओं की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का यह प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। यह घटना दर्शाती है कि संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है।

# नए शिक्षा सत्र की शुरुआत पहले दिन कम ही पहुंचे छात्र

**जागरण,रीवा।** नया शिक्षण सत्र तो 1 अप्रैल से शुरू हो गया था लेकिन उसके बाद मई से गर्मी की छुट्टियां पड़ गई थीं। अब मंगलवार से स्कूल फिर से शुरू हो गए। गर्मी के इतने दिनों में वीरान से हो गए स्कूल परिसर, उनके मैदान, उनके गार्डन मंगलवार से फिर गुलजार हुए। हालांकि पहले दिन जिलो के विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम ही रही। जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों का स्वागत किया गया। यह अलग बात है कि कुछ सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाओं की कमी के चलते बारिश में बच्चों को परेशान होना पड़ता है। कहीं जर्जर भवनों से टपकती बूंदें मिलेंगी तो कहीं जर्जर खपरैल स्वागत गीत गाते नजर आएंगे। स्कूल के पहले दिन कुछ स्कूलों में कचरे के ढेर रहे तो कहीं बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। कुछ सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाएं इतनी अच्छी हैं कि वह प्राइवेट स्कूलों को भी मात देते हैं।

## 30 तक चलेगा अभियान

शासकीय विद्यालयों और सांदीपनि विद्यालयों में 16 से 30 जून तक स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दौरान प्री–प्राइमरी से 8वीं तक की सभी स्कूलों में बाल सभा और पहले दिन विशेष भोज का आयोजन करने संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, क्रियाशील वालिका शौचालयों की उपलब्धता, पेयजल आपूर्ति और अभिभावकों के शाला से जुड़ाव जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने का निर्णय किया है।

# निगम के ठेका कर्मचारियों को नहीं मिल रहे सुरक्षा संसाधन

## दो साल पूर्व दी थी वर्दी, अभी मिल रहे सिर्फ दस्ताने




**जागरण, रीवा।** नगर निगम में ठेके पर नियुक्त कर्मचारियों को शासन की ओर से दिए जाने वाले सुरक्षा संसाधन नसीब नहीं हो रहे। सफाई कामगारों सहित कई ठेका कर्मचारी कचरा वाहन में भी नियुक्त हैं। जिन्हें निगम की ओर से न ही ठेकेदार की ओर से वर्दी, जूते आदि वितरित नहीं किए गए, संसाधनों के नाम पर महज मास्क और दस्ताने भर वितरित किए गए हैं। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर सफाई कामगारों ने बताया कि उन्हें लगभग दो साल पूर्व वर्दी वितरित की गई थी, उसके बाद से वर्दी भी नहीं मिली, जो वर्दी दी गई थी वह फट चुकी है, जूते भी नहीं दिए गए, कई सफाईकर्मी कचरे में खड़े रहकर कचरा भरते हैं, जिन्हें कचरे में घुसे जहरीले जीव नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा उन्हें जूते प्रदाय नहीं किए गए। दस्ताने भर दिए हैं, जिनसे हाथों की सुरक्षा हो जाती है, लेकिन पैर सहित शरीर का अन्य हिस्सा असुरक्षित रहता है। जबकि एक वर्ष में दो बार सुरक्षा संसाधन सहित वर्दी वगैरह दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार सफाई कर्मियों की जान जोखिम में डाल रहा है, इस पर निगम प्रशासन का भी ध्यान नहीं है। बरसात का सीजन आने वाला है, ऐसे में कचरे के ढेरों में आए दिन जहरीले जीव निकलते हैं ।

# 3 दिनों में 600 से अधिक खिलाड़ियों ने दिया ट्रॉयल

## विवि स्टेडियम में संभागीय टीम के लिए खिलाड़ियों की परखी प्रतिभा



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में दिनांक 14 से 16 जून 2026 के बीच रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम रीवा में अंडर–13 एवं अंडर–15 आयु वर्ग के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों की खोज हेतु आयोजित 3 दिवसीय ट्रायल का समापन मंगलवार को किया गया। उक्त जानकारी देते हुये रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह–सचिव देवेश शुक्ला के द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार यह ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमे पूरे रीवा संभाग के 15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाड़ियों की बैटिंग, बालिंग एवं विकेट कीपिंग क्षमता को परखा गया। उक्त ट्रायल में 13 वर्ष से कम आयु के 295 खिलाड़ी तथा 13 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 356 खिलाड़ियों के द्वारा भाग लिया गया। खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखने के लिये प्रशिक्षक के रूप में आये भोपाल के हर्ष पाण्डेय एवं इन्दौर के अमल कोकजे के मार्गदर्शन में ट्रायल का आयोजन किया गया । दोनो प्रशिक्षकों न बताया कि कुछ खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली हैं जिनमें प्रगति करने की पूरी संभावनाएं हैं। ज्ञातव्य हो कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर–13 एवं अंडर–15 अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में आगामी सत्र 2026–27 से प्रायोगिक तौर पर दो संयुक्त संभागीय टीमों को प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। अतः संपन्न हुये इस 3 दिवसीय ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को संयुक्त संभागीय टीमों ओर से खेलने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

वर्ष 73 » अंक 260 » पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 18 जून, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
नगर » मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

इंसान ही इंसान की दवा है। कोई दुख देता है तो कोई सुकून बन जाता है।

# मधुबनी से पकड़ा गया इजहार 22 तक एटीएस की रिमांड पर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी एटीएस ने बिहार के मधुबनी से गिरफ्तार कर लाए गए संदिग्ध आतंकी मौलाना इजहार उल हक को 22 जून तक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। उसे मंगलवार देर रात बिहार से ट्रांजिट रिमांड पर भोपाल लाया गया था। बुधवार सुबह उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने एटीएस का आवेदन मंजूर करते हुए उसे 22 जून तक पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दे दिए। इसके बाद एटीएस की टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल एटीएस ने इजहार से पाकिस्तानी हैंडलर, अफगानिस्तान के एक मोबाइल नंबर के साथ ही जेहादी साहित्य, जेहादी तकरीरों और फंडिंग को लेकर पूछताछ की है। एटीएस के अफसरों के अनुसार इस मामले में जल्द ही नए खुलासे होंगे। इस मामले की छानबीन के दौरान यह साफ हुआ है कि भोपाल में रहने वाला फराज पढ़ाई के लिए देवबंद गया था, वहीं मदरसे में उसकी मुलाकात सहारनपुर के नईम अब्दुल्ला से हुई थी। एटीएस सच जानने के लिए अब इजहार का सामना नईम और शाकिर से कराएगी।




### पाकिस्तान, स्लीपर सेल, फंडिंग और जेहादी कनेक्शन की होगी पूछताछ

## आरोपी को शादी समारोह से दबोचा

मौलाना इजहार के बारे में एनआईए ने एमपी एटीएस को इनपुट दिया था। एमपी एटीएस ने पहले भोपाल से फराज को दबोच लिया था। यूपी के सहारनपुर के नानौता से नईम अब्दुल्ला और राजस्थान के अलवर एवं हरियाणा के नूंह जिले की सीमा से शाकिर मेव को उठाया तो उन्होंने भी मौलाना इजहार का नाम लिया था। इसके बाद एटीएस की स्पेशल टीम बिहार भेजी गई और वहां की एटीएस की मदद से इजहार को दबोचने का प्लान बनाया। रविवार को जैसे ही एमपी और बिहार एटीएस की ज्वाइंट टीम मधुबनी के नौतोल सरिसबपाली गांव पहुंची तो पता चला कि मौलाना निकाह में गया है। टीम समारोह में मेहमान बनकर शामिल हो गई। यह साफ हो गया कि समारोह से मौलाना को उठाने पर हालात बिगड़ सकते हैं। इसके बाद टीम ने इंतजार किया, जैसे ही मौलाना समारोह से निकला तो रास्ते में ही एक सुरक्षित स्थान पर उसे रोककर हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद सोमवार को मधुबनी कोर्ट ने उसे ट्रांजिट रिमांड पर एमपी भेजने के आदेश दे दिए।

## मौलाना भेजता था भड़काऊ तकरीरें

इस मामले में एटीएस अब बिहार, राजस्थान, यूपी और हरियाणा के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस से भी जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक छानबीन के दौरान यह सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार महाराष्ट्र समेत दक्षिण भारतीय राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। मौलाना इजहार कई बार इन राच्यों में गया था और वहां के युवाओं के संपर्क में था। एटीएस इन संदिग्धों से मिले मोबाइल, लैपटॉप से हासिल डिजिटल फुटप्रिंट और सोशल मीडिया की डिटेल भी खंगाल रही है। इसके अलावा इन सभी को होने वाली फंडिंग की भी जानकारी जुटाई जा रही है। 56 साल के मौलाना इजहार पर यह भी संदेह है कि वह ही पाकिस्तानी हैंडलर्स के कहने पर स्लीपर सेल तैयार कर रहा था। इधर यह भी पता चला है कि वह ही भड़काऊ तकरीरें अपने नेटवर्क के जरिए युवाओं तक पहुंचाता था।



गोलकीपर वाजिन्हा ने वर्ल्ड कप में केप वर्डे के लिए बेमिसाल गोल बचाए!

## संक्षिप्त खबरें

### राजाभोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर बने त्रिपाठी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पौने चार साल तक राजाभोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर रहे रामजी अवस्थी कार्यमुक्त हो गए हैं। उनका कोलकाता तबादला हुआ है। उनकी जगह जाइंट जनरल मैनेजर आलोक त्रिपाठी को नया डायरेक्टर बनाया गया है। यह आदेश एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया ने जारी किए हैं। आलोक त्रिपाठी सबसे सीनियर अधिकारी हैं और पिछले दो साल से राजा भोज एयरपोर्ट पर रामजी अवस्थी के अधीनस्थ कार्य कर रहे थे। उन्हें विमानन विभाग में विभिन्न पदों एवं अन्य विभागों में काम करने का लंबा अनुभव है और वे देश के अनेक एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बता दें कि रामजी अवस्थी ने भोपाल में 9 सितंबर 2022 को कार्यभार ग्रहण किया था और पौने चार साल इस पद पर रहे। उनके कार्यकाल में सातों दिन 24 घंटे एयरपोर्ट पर काम प्रारंभ हुआ जिसकी बदोलत भोपाल आधी रात के बाद की पुणे की फ्लाइट मिली। उनके कार्यकाल में ही नया एटीसी भवन एयरपोर्ट को समर्पित हुआ।




### मादक तस्कर गिरफ्तार 26 किग्रा डोडा चूरा जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मिसरोद थाना पुलिस ने दो मादक तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे साढ़े 26 किग्रा डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त माल की कीमत सवा लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उनका नेटवर्क खंगाल रही है। मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात आकृति एक्वा सिटी के पास पुलिस की एक टीम ने दबिश दी थी। जहां दो युवकों को घेराबंदी कर दबोचा गया। उनकी पहचान मोहित कीर (24) और आर्यन कीर (19) दोनों निवासी ग्राम घाटपिपलिया, जिला रायसेन के रूप में हुई। उनके पास एक बैग मिला, जिसकी तलाशी ली गई। बैग में कुल साढ़े 26 किग्रा डोडा चूरा रखा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी डोडा चूरा की खेप कहां से लाए और किसे सप्लाई करने वाले थे। पुलिस उनके नेटवर्क को खंगाल रही है।

### शादी में शराब पीने से मना किया तो चाकू से हमला

**जागरण,भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात एक बजे की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय दीपक बंशकार पिता प्रेम नारायण रातीबड़ में रहता है। वह निजी काम करता है। बुधवार को वह खदान कजलीखेड़ा स्थित उसकी बुआ की बेटी की शादी में शामिल होने गया था। रात करीब एक बजे शादी समारोह में दो युवक शराब पी रहे थे। इस पर दीपक ने उन्हें शराब पीने से मना किया। इस दौरान आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी पीठ पर गंभीर चोटे आई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# 29 आईएएस के तबादले: जेल, राजस्व, खनिज के प्रमुख सचिव बदले, कर्मवीर भोपाल-शीलेंद्र रीवा कमिश्नर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। बुधवार को जारी ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 29 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा लंबे समय से लूप लाइन में रहे कुछ अफसरों को वापस अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे चौंकाने वाला फेरबदल मुख्यमंत्री के सचिव रहे आलोक कुमार सिंह को पंजीयन महानिरीक्षक के पद पर भेजना रहा। उनके पास खनिज विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार था। 1998 बैच के आईएएस मुकेश चंद गुप्ता को जेल विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है, जबकि 1999 बैच के ई. रमेश कुमार राजस्व विभाग के नए प्रमुख सचिव के साथ ही राहत एवं पुनर्वास आयुक्त भी बनाए गए हैं। 2000 बैच के विवेक पोरवाल अब खनिज विभाग के पीएस होंगे। इस ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार भोपाल और रीवा संभाग के कमिश्नर भी बदले गए हैं। भोपाल के कमिश्नर संजीव सिंह अब खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सचिव होंगे, जबकि कर्मवीर शर्मा को भोपाल का नया संभागायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा रीवा कमिश्नर बीएस जामोद को भी बदल दिया गया है, उनकी जगह शीलेंद्र सिंह को भेजा गया है।

### 10 अफसरों के अतिरिक्त प्रभार में भी बदलाव

- केसी गुप्ता एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग को अकृषि उत्पादन आयुक्त का प्रभार
- अनिरुद्ध मुखर्जी, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, तथा एसीएस लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को एसीएस पर्यावरण तथा महानिदेशक एप्को का प्रभार
- गुलशन बामरा पीएस जनजातीय कार्य विभाग को पीएस अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का प्रभार
- सोनिया मीना अपर सचिववित्त को आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत का प्रभार
- अशोक बर्णवाल, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसीएस पर्यावरण विभाग तथा महानिदेशक एप्को के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनीष सिंह आयुक्त, जनसंपर्क जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनीष सिंह प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनु श्रीवास्तव, एसीएस नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- अरविन्द कुमार दुबे अपर सचिव, मुख्यमंत्री तथा संचालक जनसंपर्क, केवल आयुक्त-सह-संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

### इन अफसरों के हुए तबादले

| नाम | वर्तमान पद | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| मुकेश चंद गुप्ता | सचिव, मानवाधिकार आयोग | पीएस जेल |
| डॉ ई रमेश कुमार | पीएस अजा कल्याण | पीएस राजस्व, राहत एवं पुनर्वास आयुक्त |
| विवेक पोरवाल | पीएस राजस्व, राहत-पुनर्वास आयुक्त | पीएस खनिज |
| संजीव सिह | कमिश्नर भोपाल | सचिव खेल एवं युवक कल्याण |
| बाबू सिंह जामौद | कमिश्नर रीवा | सचिव नगरीय प्रशासन |
| दीपक सिह | सचिव राज्य निर्वाचन आयोग | आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी संस्थाएं |
| आलोक कुमार सिंह | सचिव सीएम एवं खनिज | आईजी पंजीयन एवं मुद्रांक |
| सत्येंद्र सिंह | संचालक आदिम जाति विकास योजना | आयुक्त अजाक एवं पिछड़ा वर्ग |
| कर्मवीर शर्मा | आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | कमिश्नर भोपाल |
| भास्कर लक्षकार | आयुक्त कोष एवं लेखा | आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूति |
| दिनेश श्रीवास्तव | संचालक स्वास्थ्य | सचिव राज्य निर्वाचन आयोग |
| शीलेंद्र सिह | सचिव नगरीय प्रशासन | कमिश्नर रीवा |
| सौरव कुमार सुमन | आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक | आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण |
| नेहा मारव्या सिंह | अपर सचिव , जनजातीय कार्य | संचालक आदिम जाति विकास योजना |
| मनोज पुष्प | आयुक्त सहकारी संस्थाएं | संचालक स्वास्थ्य, नियंत्रक एफडीए (अति) |
| प्रीति जैन | संभागीय सचिव एमपी बोर्ड इंदौर | संयुक्त आयुक्त (लिटिगेशन)इंदौर |
| रोहित सिंह | अपर सचिव वित्त | एमडी पाठ्य पुस्तक निगम |
| हर्षिका सिंह | सीईओ एसआरएलएम | संचालक बजट |
| भारती जाटव ओगरे | अपर सचिव खनिज | अपर सचिव स्कूल शिक्षा |
| अमनबीर सिह बैंस | एमडी ऊर्जा विकास निगम | आयुक्त कोष एवं लेखा |
| कैलाश वानखेड़े | अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन | अपर सचिव ऊर्जा |
| अमर बहादुर सिंह | अपर आयुक्त, जबलपुर | अपर सचिव, जनजातीय कार्य |
| पवन कुमार जैन | अपर आयुक्त, सागर | उप सचिव सहकारिता |
| रानी बाटड | उप सचिव, सहकारिता | उप सचिव श्रम, कल्याण आयुक्त |
| विनय निगम | जीएम पाट्य पुस्तक निगम | सीईओ, एसआरएलएम |
| मंजूषा विक्रांत राय | उप सचिव स्कूल शिक्षा | उप सचिव पशुपालन |
| शैली कनाश | संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन इंदौर | संभागीय सचिव एमपी बोर्ड इंदौर |
| अरविंद कुमार शाह | अपर आयुक्त, जबलपुर नगर निगम | सीईओ, आयुष्मान भारत |

# बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद स्टेशनों पर जनसैलाब

### 5.52 लाख अभ्यर्थियों की वापसी से ट्रेनों में भारी भीड़



**पटना, जेएनएन।** बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे और अंतिम चरण के संपन्न होने के बाद राज्य के रेलवे स्टेशनों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे लाखों उम्मीदवारों के कारण ट्रेनों में हालात इतने खराब हो गए कि कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं बची। इसे लेकर कई स्टेशनों पर बवाल हुआ। कुछ ट्रेनों के शौचालयों तक में यात्रियों की भीड़ देखी गई। बुधवार को आयोजित परीक्षा में राज्य के 38 जिलों के लगभग 500 परीक्षा केंद्रों पर करीब 5.52 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा समाप्त होते ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे स्टेशनों की ओर रवाना हो गए, जिससे कई प्रमुख स्टेशनों पर अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। मुजफ्फरपुर, भागलपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और सीवान सहित कई रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में चढ़ने को लेकर अफरा-तफरी का माहौल रहा। भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस में क्षमता से कई गुना अधिक यात्री सवार हो गए। तारेगना स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बावजूद प्लेटफॉर्म पर मौजूद सैकड़ों यात्री डिब्बों में प्रवेश नहीं कर सके। बोगियों के भीतर अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई और कुछ लोग बेहोश भी हो गए। भीड़ से परेशान यात्रियों ने कई स्थानों पर चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद

# टिन्नू की पत्नी बोलीं- हमें बदनाम करने की साजिश

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में जांच तेज हो गई है। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की पत्नी पूनम यादव पहली बार सामने आई और परिवार पर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।



उन्होंने कहा कि उनके पास 50 कमरे, हॉस्टल, होटल और लग्जरी गाड़ियां होने के दावे झूठे हैं और उनके पति को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। पूनम ने कहा कि यदि किसी के पास सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। इस बीच, स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) लगातार तीसरे दिन बुधवार को राम मंदिर पहुंची। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम चढ़ावे की गिनती और बैंक में जमा करने की प्रक्रिया से जुड़े बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है। इससे पहले मंगलवार को एसआईटी ने करीब 11 घंटे तक मंदिर परिसर में जांच की और ट्रस्ट पदाधिकारियों समेत 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की। मामले में अब तक रामशंकर उर्फ टिन्नू सहित पांच लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, इनकी निशानदेही पर अब तक करीब 2 करोड़ रुपये की राशि बरामद की जा चुकी है। हालांकि, टिन्नू के घर से सोना मिलने के दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सामने आ रहे दस्तावेज सवाल खड़े करते हैं और मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा, 'बिना आग के धुआं नहीं उठता।'

# 4 अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर, 133 करोड़ 68 लाख की 35.86 एकड़ जमीन से हटाए कब्जे

### मीरपुर में बिना अनुमति बनाई जा रही थीं दो अवैध कालोनियां, कोल्हुखेड़ी में 5.31 एकड़ पर निर्माण की थी तैयारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** बुधवार को प्रशासन ने हुजूर तहसील के ग्राम मीरपुर और कोल्हूखेड़ी में विकसित की जा रही चार अवैध कालोनियों पर कार्रवाई करते हुए बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माणों को जमींदोज कर दिया। यह पहली बार है कि प्रशासन द्वारा अवैध कालोनाइजर पर इतनी बड़ी कार्रवाई की गई हो। कार्रवाई के दौरान एक ही दिन में चार अवैध कालोनियों की बाउंड्रीवॉल, मुख्य द्वार सहित अन्य पक्के निर्माण तोड़े गए। इस दौरान कुल 133 करोड़ 68 लाख रुपए कीमत की। 35.86 एकड़ जमीन से कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम कोल्हूखेड़ी में रियान गोल्डन द्वारा अधिकृत 3.29 एकड़ जमीन पर मोहम्मद फारुख, राहुल महावर और अन्य लोगों द्वारा कालोनी विकसित की जा रही थी, लेकिन कालोनाइजर बगैर अनुमति के कालोनी बना रहे थे। अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए 9.31 करोड़ की जमीन से कब्जे हटवाए। इसी तरह कोल्हूखेड़ी में ही 82 लाख रुपए कीमत की 2.02 एकड़ जमीन पर शौकीन अली कालोनी बनाने की तैयारी में थे। वहां भी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अवैध कब्जे हटाए हैं। चारों अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध न हो। इसके लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।



### जिले में 111 अवैध कालोनियां

हुजूर, कोलार, बैरसिया और गोविंदपुरा सहित शहर की आठ तहसीलों में प्रशासन द्वारा 111 से अधिक अवैध कॉलोनियों को चिह्नित किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एसडीएम से अवैध कालोनियों पर कार्रवाई कर जमींदोज करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आम लोगों को ठगी से बचाया जा सके। पहले भी परवलिया सड़क और सूखीसेवनिया समेत विभिन्न जगहों पर बनाई जा रही अवैध कालोनियों के कालोनाइजर पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि भूमाफियाओं ने किसानों के साथ मिलकर 90 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के प्लॉटिंग कर दी और लोगों को बिजली, पानी, सड़क और सीवेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को दिए बिना ही प्लॉटों की बिक्री कर दी गई। फिलहाल प्रशासन द्वारा जिन चार कालोनाइजर पर कार्रवाई की गई है वे नोटिस के बावजूद कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

### चारों अवैध कालोनियां एक नजर में

| स्थान | रकबा ( एकड़ में ) | कीमत |
|---|---|---|
| कोल्हूखेड़ी | 3.29 | 9.31 करोड़ रुपए |
| कोल्हूखेड़ी | 2.02 | 82 लाख रुपए |
| मीरपुर | 7.44 | 30 करोड़ रुपए |
| मीरपुर | 23.11 | 93.55 करोड़ रुपए |

### मीरपुर में हुई बड़ी कार्रवाई

हुजूर तहसील के ही ग्राम मीरपुर के खसरा नंबर 2/9 कुल रकबा 1.198 हेक्टेयर (2.96 एकड़) और खसरा नंबर 28/1/2/1/1/1 कुल रकबा 1.8137 हेक्टेयर (4.48 एकड़) जमीन पर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। कालोनाइजर दिनेश चंद्र अग्रवाल को प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन कालोनाइजर ने लगातार निर्माण जारी रखा। जिस पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए निर्माण जमींदोज किए गए। इसी तरह मीरपुर में ही मीनेश इंटरप्राइजेस द्वारा 9.3354 हेक्टेयर (२३.11 एकड़) पर अवैध कालोनी बनाई जा रही थी। लगभग 93.55 करोड़ की कालोनी पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण जमींदोज किए गए।

### फार्म छंटनी में दिक्कत — ईरान के साथ युद्ध में उलझे होने के बाद भी प्रदेश के युवाओं में इजरायल जाकर काम करने की होड़

# इजराइल में 3500 पदों पर भर्ती, प्रदेश के 10 हजार युवा लाइन में

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईरान के साथ युद्ध में उलझे होने के बाद भी प्रदेश के युवाओं में इजरायल जाकर काम करने की होड़ लगी है। इजरायल में होम-बेस्ड केयरगिवर के 3,500 पदों के लिए राज्य से ही अब तक 10 हजार से अधिक आवेदन भरे जा चुके हैं। बड़ी संख्या में आए इन आवेदनों ने फिलहाल केंद्र के साथ ही प्रदेश सरकार के कौशल विकास विभाग की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। केंद्रीय कौशल विकास विभाग ने साफ कर दिया है कि संबंधित प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ही इन आवेदनों की छंटनी कर कैंडिडेट को शॉर्टलिस्ट करेंगे। ये आवेदन राज्य के अलग-अलग जिला रोजगार कार्यालयों के जरिए भरे गए हैं। एमपी में स्थानीय स्तर पर आवेदनों की पात्रता जांचना स्टाफ की कमी की वजह से मुश्किल है। यह प्रोसेस 26 जून से पहले पूरी करनी है।

### जोखिम पर भारी पड़ रहा लुभावना वेतन

इस भर्ती में करीब 1.99 लाख रुपये प्रति माह का जो वेतन पैकेज दिया जा रहा है, उसने युवाओं को अधिक आकर्षित किया है। भोपाल से आवेदन भरने वाले युवा हेमंत गुप्ता और सूरज रघुवंशी के अनुसार, इजरायल के मौजूदा हालात और सुरक्षा को लेकर सवाल से ज्यादा अहम विदेश में जाकर रोजगार हासिल करना है। इससे न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि भविष्य के रास्ते भी खुल जाएंगे। इस भर्ती के लिए 25 से 45 वर्ष के ऐसे युवाओं से आवेदन मांगे गए हैं जो कम से कम दसवीं पास हैं और उन्होंने केयरटेकर के तौर पर लगभग 990 घंटे या अधिक का प्रशिक्षण ले रखा है। इसके अलावा एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और फिजियोथेरेपी डिप्लोमा भी मान्य है। दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल और पुलिस वेरिफिकेशन के बाद इन आवेदकों का ऑनलाइन इंटरव्यू होगा। हालांकि, इजराइल में पहले काम कर चुके या जिनके परिजन पहले से वहां हैं, वे इन पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकते। आवेदन के लिए एक शर्त यह भी है कि किसी भी स्थिति में आवेदक की लंबाई 1.5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए।




### यूपी से भी आए हजारों आवेदन

मप्र ही नहीं, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी युवाओं की भारी तादाद इजरायल के लिए कतार में है। केंद्र सरकार के साथ हुए इंडिया-इजराइल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के बाद राच्य सरकारों ने इन पदों को भरने के लिए व्यवस्था तो की, लेकिन जमीनी स्तर पर मामला उलझ गया। इस मामले पर न तो जिला रोजगार अधिकारी कुछ कह रहे हैं और न ही प्रदेश के कौशल विकास विभाग से जुड़े अफसर। नियम के अनुसार, इजरायल जाने वाले युवाओं को मुफ्त में ही आवास एवं भोजन सुविधा के साथ चिकित्सा बीमा का भी लाभ मिलेगा। सप्ताह में छह दिन काम के अलावा उन्हें सालाना 09 दिनों का अवकाश तथा 16 दिनों की एनुअल लीव भी दी जाएगी।

संस्थापक गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## समझौता खोलेगा स्थिरता व साझा समृद्धि का रास्ता

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। अमेरिका -इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त करने तथा होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने पर बनी सहमति भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए संकट से राहत मिलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। द्विपक्षीय शांति समझौते पर उन्नीस जून को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हस्ताक्षर किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लागू होने से निश्चित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों का बाधित आवागमन और तेल-गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला फिर से बहाल हो पाएगी, जिससे खासकर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव कम होगा और ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ इसकी कीमतों में भी गिरावट भी आएगी।

मगर अमेरिका और ईरान के बीच इस सहमति को अभी उम्मीद के तौर पर ही देखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के रुख में जिस तरह की अनिश्चतता देखी गई है, उस लिहाज से इस समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल हो रहा है। यहां यह सवाल उठना भी स्वाभाविक नजर आ रहा है कि, क्या दुनिया अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातों पर भरोसा कर सकती है? यह संशय इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि अंतिम समझौते के नियम और शर्तें अभी औपचारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई हैं और दोनों पक्षों में से कौन इसमें अड़ंगा लगा दे, इसे बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने इस वर्ष 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार शुरू कर दिया। अप्रैल में अमेरिका की ओर से दो सप्तह के युद्धविराम की घोषणा की गई, जिसे बाद में अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। हालांकि, इस बीच दोनों ही ओर से छिटपुट हमले भी होते रहे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से हुआ, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया। दरअसल वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से का परिवहन इसी मार्ग से होता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे तेल उत्पादक खाड़ी देशों के लिए यही मुख्य निर्यात मार्ग है, जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर यह मार्ग फिर से बहाल हो जाता है, तो भारत जैसे दुनिया के कच्चे तेल आयातक देशों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम होंगी, माल ढुलाई लागत घटेगी और महंगाई पर दबाव भी कम होगा।

पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने पर बनी सहमति की खबरें आने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो गया। भारत में इसका असर शेयर बाजार में उछाल और डालर के मुकाबले रुपए की मजबूती के रूप में सामने आया। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इससे पश्चिम एशिया को होने वाले भारत के निर्यात में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी और रुपये की स्थिरता को भी बल मिलेगा।

काफी जन-धन की हानि होने के बाद ईरान की ओर से होर्मुज जलमार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध करने के बाद इसके आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। मगर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय सहमति के एलान के साथ यह स्पष्ट कर दिया है कि इस जलमार्ग के फिर से खुलते ही नाकेबंदी को भी हटा लिया जाएगा।

बहरहाल , ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका और ईरान इस सहमति पर कायम रहेंगे और शांति समझौते को अंतिम मंजूरी देने की दिशा में सकारात्मक रूप से कदम आगे बढ़ाएंगे, ताकि पश्चिम एशिया में फिर से शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता खुल सके।

प्रसंगवश : अंतरराष्ट्रीय सूखा दिवस

## यदि सूखा पड़ा तो गंभीर खाद्य-संकट की आशंका

भारत सरकार को उर्वरक, खाद सबसिडी 3.42 लाख करोड़ रुपए करनी पड़ सकती है। यह सबसिडी कंपनियों को दी जाएगी, ताकि वे खाद का पर्याप्त बंदोबस्त कर सकें। बजट में इस सबसिडी का करीब 1.71 लाख करोड़ रुपए का अनुमान रखा गया था। खाद के संकट के साथ देश की खाद्य-सुरक्षा भी जुड़ी है। यदि कमजोर मॉनसून और अल नीनो के कारण, खाद के अभाव में, उपज कम हुई, तो खाद्यान्न की कमी के कारण देश में खाद्य-संकट के हालात भी बन सकते हैं। कृषि विशेषज्ञ गेहूं, चावल, दलहन की उपज कम आंक रहे हैं, लिहाजा उनके आकलन हैं कि दक्षिण एशिया में सूखे के गंभीर आसार बन रहे हैं। उन देशों में भारत भी शामिल है।

फिलहाल सरकार दावा कर रही है कि खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन बुनियादी समस्या उर्वरक और एलएनजी की है। हमें दोनों का आयात करना पड़ता है। करीब 59 फीसदी एलएनजी खाड़ी देशों से आयात होती रही है, जिसमें करीब 43 फीसदी एलएनजी अकेला कतर हमें सप्लाई करता था। ईरान युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों से कतर की रिफाइनरी, एलएनजी के ढांचे, तेल के अन्य ठिकाने नष्ट हुए हैं, लिहाजा कतर को उत्पादन बहुत कम करना पड़ा है, नतीजतन आपूर्ति बाधित है। भारत में अब खरीफ की फसलों की बुवाई का समय है। धान, ईख, मक्का आदि मुख्य फसलें हैं। खाद का भारत का आयात बिल करीब 74 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के प्रतिनिधि किसानों को सलाह दे रहे हैं कि यूरिया, डीएपी खाद का इस्तेमाल कम करें। जैविक, प्राकृतिक



खेती पर फोकस है, लेकिन सरकारी अधिकारी यह नहीं जानते कि प्राकृतिक खेती के लिए औसत खेत तीन साल में तैयार होता है। यह खेती छोटे भू-भाग पर भी नहीं की जा सकती। किसान जिस खाद का इस्तेमाल करते हैं, उसका एक मोटा हिस्सा जमीन के भीतर रिस कर और भूमिगत जल के साथ मिल कर आसपास के खेतों में चला जाता है। उससे जैविक खेती प्रभावित, खादयुक्त हो जाती है। फिर वह प्राकृतिक खेती रहती ही नहीं।

भारत में करीब 6.01 करोड़ टन खाद की सालाना खपत होती है। बेशक 90 फीसदी एनपीके का उत्पादन देश में ही किया जाता है और 87 फीसदी यूरिया का उत्पादन भी हम करने में सक्षम हैं, लेकिन उर्वरक संयंत्रों को चलाने के लिए भी एलएनजी चाहिए। खाड़ी, पश्चिम एशिया में लंबे समय तक युद्ध जारी रहने से संकट बढ़ा है। अमरीका का एक तबका युद्ध से डॉलर छाप रहा है। ईरान ने भी कुवैत, बहरीन, जॉर्डन के अमरीकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले कर उन्हें तबाह किया है। युद्ध के कारण तेल, गैस, खाद और खासकर एलएनजी के आयात और आपूर्ति दोनों ही बाधित हुई हैं। इनके कारण और कमजोर मॉनसून, अल नीनो के प्रभाव से भारत के राजस्थान, गुजरात के कच्छ क्षेत्र, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल और कर्नाटक आदि राज्यों में सूखे, खाद्य-संकट के आसार बन रहे हैं। कम उत्पादन के कारण चावल, दालों, सब्जियों की आपूर्ति और उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। उससे खाद्य मुद्रास्फीति में भी बढ़ोतरी की आशंका है।

विश्व में 26.6 करोड़ लोग सूखे और खाद्य-संकट के शिकार हो चुके हैं। उन देशों में एशिया के भी कई देश हैं, लेकिन शुक्र है कि भारत फिलहाल उस जमात में नहीं है। सरकारों ने सूखे से निबटने के लिए जिला स्तरीय समितियां बनाई हैं। फसल विविधीकरण के प्रयास भी जारी हैं, लेकिन किसान की उपज पर्याप्त नहीं होगी, तो वह बाजार में क्या बेचेगा? यदि व्यापार अच्छी तरह नहीं कर पाएगा, तो उसकी आय कैसे बढ़ेगी? औसत किसान आज भी 10,000 रुपए माहवार कमा पाता है। उसमें भी खेती की आमदनी कम और मजदूरी का मेहनताना ज्यादा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 12 साल पूरे करने का जश्न भाजपा-एनडीए मनाए, लेकिन देश का औसत किसान कब जश्न मना पाएगा, यह भी यक्ष-प्रश्न से कम नहीं है। खेती की लागत बढ़ रही है, जबकि किसानों की आमदनी में पर्याप्त इजाफा नहीं हो पा रहा है। गांवों के लोग अब खेती को छोड़ रहे हैं और मजदूर बनकर अपना गुजारा कर रहे हैं। खेती को लाभदायक बनाने की घोषणाएं होती हैं, पर हकीकत इससे दूर है।

पाकिस्तान में असंतोष

पीओके संकट राजनीतिक वैधता की प्रतिस्पर्धी अवधारणाओं का संघर्ष

## आंदोलन पाक के लिए गंभीर चुनौती

आनंद कुमार

पाकिस्तान लंबे समय से स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों के अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताता रहा है, किंतु आज पीओके से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे बिल्कुल अलग कहानी कहती हैं। हजारों लोग सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी है, इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और मानवाधिकार संगठनों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाये जा रहे हैं। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहा आंदोलन 1947 के बाद से इस क्षेत्र में पाकिस्तान के सामने खड़ी सबसे गंभीर राजनीतिक चुनौतियों में से एक है। पहली नजर में यह विवाद विधानसभा की 45 में से 12 सीटों के आरक्षण का मुद्दा प्रतीत होता है, जो उन शरणार्थियों के लिए सुरक्षित हैं, जो विभाजन के बाद भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान चले गये थे, किंतु यह पूरा सच नहीं है। दरअसल, पीओके में जो कुछ हो रहा है, वह राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक उपेक्षा, क्षेत्रीय पहचान और पाकिस्तान की सैन्य-राजनीतिक व्यवस्था के अत्यधिक हस्तक्षेप के विरुद्ध वर्षों से जमा होते आ रहे असंतोष का विस्फोट है।

यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि पाकिस्तान की उस व्यवस्था के विरुद्ध भीतर से उठी चुनौती है, जिसने लंबे समय से इस क्षेत्र को अपने सामरिक हितों के अनुरूप संचालित किया है।

वर्तमान आंदोलन की तात्कालिक वजह विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में बस गये थे। पाकिस्तान का तर्क है कि यह व्यवस्था कश्मीर के पूरे भूभाग पर उसके दावे को मजबूत करती है और विस्थापित कश्मीरियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करती है। पर पीओके के स्थानीय निवासियों की दृष्टि में यह व्यवस्था लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रतीक बन चुकी है। उनका कहना है कि विधानसभा की लगभग एक-चौथाई सीटों पर ऐसे लोग क्यों चुने जायें, जो न इस क्षेत्र में रहते हैं, न ही यहां के लोगों की समस्याओं से उनका सीधा संबंध है।

पीओके के सर्वोच्च न्यायालय ने इन सीटों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त बताते हुए कहा है कि इन्हें समाप्त करने के लिए संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा। पर स्पष्ट है कि यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि एक गहरा राजनीतिक संकट है। मुजफ्फराबाद और रावलाकोट में हजारों लोगों का सड़कों पर उतरना, प्रतिबंधों और गिरफ्तारियों के बावजूद आंदोलन का जारी रहना इसका प्रमाण है कि यह मुद्दा आम जनता के मन में गहरी जगह



बना चुका है।

इस आंदोलन के केंद्र में जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) है, जिसका गठन 2023 में हुआ था। आरंभ में यह संगठन बढ़ती बिजली दरों, गेहूं पर सब्सिडी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनांदोलन के रूप में उभरा था। पर धीरे-धीरे इस आंदोलन में राजनीतिक प्रश्न उठाये जाने लगे। अब यह संगठन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संस्थागत सुधार और क्षेत्रीय स्वायत्तता की मांग कर रहा है। यह परिवर्तन दर्शाता है कि आर्थिक संकट ने लोगों को व्यवस्था की मूल संरचना पर प्रश्न उठाने के लिए प्रेरित किया है।

विडंबना यह है कि पाकिस्तान लंबे समय से स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों के अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताता रहा है। आत्मनिर्णय और लोकतांत्रिक अधिकारों की भाषा उसकी कश्मीर नीति का केंद्रीय तत्व रही है। किंतु आज पीओके से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे बिल्कुल अलग कहानी कहती हैं। हजारों लोग सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी है, इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और मानवाधिकार संगठनों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाये जा रहे हैं। यह विरोधाभास नया नहीं है। पीओके की संवैधानिक स्थिति शुरू से ही अस्पष्ट रही है।

औपचारिक रूप से वहां अपना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विधानसभा है, लेकिन रक्षा, विदेश नीति और अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर नियंत्रण इस्लामाबाद का ही रहा है। समय के साथ लोगों में यह धारणा मजबूत हुई है कि उनकी संस्थाओं के पास वास्तविक अधिकार नहीं हैं और उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय कहीं और लिये जाते हैं। यही असंतोष समय-समय पर आंदोलनों के रूप में सामने आता रहा है, पर इस बार उसका स्वरूप कहीं अधिक व्यापक है। इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय पहचान का प्रश्न भी है। लंबे समय से यह देखा गया है कि पीओके के एक वर्ग में पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य अभिजात्य व्यवस्था के प्रति असंतोष रहा है।

सांस्कृतिक व भाषायी निकटता के बावजूद लोग खुद को अलग राजनीतिक पहचान के रूप में देखते हैं। मौजूदा आंदोलन इसका संकेत है कि बड़ी संख्या में लोग अपने राजनीतिक भविष्य के स्वतंत्र निर्धारक बनना चाहते हैं।

आर्थिक मुद्दों ने इस चेतना को और मजबूत किया है। वर्ष 2023 और 2024 के आंदोलनों में बिजली की ऊंची दरें और सब्सिडी वाले गेहूं की कमी प्रमुख मुद्दे थे। तब लोगों ने सवाल उठाया था कि जिन क्षेत्रों में विशाल जलविद्युत परियोजनाएं हैं, जहां से पाकिस्तान को बिजली मिलती है, वहां के लोगों को ही महंगी बिजली क्यों खरीदनी पड़ती है? मंगला बांध जैसे परियोजनाओं के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए, पर उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिला। इससे लोगों में यह भावना गहरी हुई कि विकास की कीमत उन्होंने चुकाई है, जबकि उसके लाभ कहीं और पहुंचे हैं।

इस आंदोलन पर पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया भी अपेक्षित ही रही है। जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगाया गया, उसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया और आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताया गया। पर अनुभव बताता है कि केवल दमन से राजनीतिक असंतोष समाप्त नहीं होता। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में भी सुरक्षा-केंद्रित नीतियां मूल समस्याओं का समाधान नहीं कर सकी हैं। पीओके में भी बल प्रयोग शायद अस्थायी रूप से विरोध को दबा दे, पर उसके कारणों को समाप्त नहीं कर सकता।

पीओके का संकट पाकिस्तान के व्यापक आंतरिक संकट का हिस्सा है। देश के अनेक हिस्सों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय ढांचे और शासन की वैधता पर प्रश्न उठ रहे हैं। आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सेना तथा नागरिक संस्थाओं के बीच तनाव ने एक अस्थिर वातावरण पैदा कर दिया है।

ऐसे में पीओके का आंदोलन केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं रह जाता, बल्कि पाकिस्तान के राज्य-तंत्र और उसकी राजनीतिक संरचना पर एक व्यापक बहस का हिस्सा बन जाता है।

यह स्पष्ट है कि पीओके का संकट शासन, पहचान और राजनीतिक वैधता की प्रतिस्पर्धी अवधारणाओं का संघर्ष है। यह उन लोगों की आवाज है, जो अपने भविष्य पर अधिक अधिकार चाहते हैं और लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं। पीओके में उठी आवाज भीतर की बगावत है, जो पाकिस्तान की राजनीति पर दूरगामी असर डाल सकती है।

खुला मंच

## महंगाई के दौर में कितनी सस्ताई

सहीराम

सस्ताई भी अपनी पूरी ताकत के साथ महंगाई के सामने डटी हुई है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसे किसी लहीम-सहीम पहलवान के सामने कोई सींकिया पहलवान डटकर खड़ा हो जाए।

इन दिनों में महंगाई का शोर इतना है जनाब कि बेचारी सस्ताई की बात कोई सुन ही नहीं रहा है। महंगाई के सामने सस्ताई का हाल वैसा बिल्कुल भी नहीं है, जैसे झूठ के सामने सच का हो जाता है या जैसे दबंग के सामने कमजोर का हो जाता है। अब यह जिद देखिए साहब कि जब यह कहा जा रहा है कि हमारे देश में चुनाव बड़े महंगे हो गए हैं, जब तक हजार करोड़ न हों, कोई चुनाव लड़ ही नहीं सकता। उसी दौर में बंगाल में मोदीजी ने दस रुपये की झालमुड़ी खाकर अपनी पार्टी को चुनाव जितवा दिया। इससे ज्यादा सस्ताई और क्या आएगी बताइए। रही भाजपा की बात, तो भैया चित्त भी उसकी और पट भी उसकी। करोड़ों-अरबों का चंदा भी उसका और दस रुपये की झालमुड़ी भी उसकी। अब देखिए लोग कह रहे हैं कि जनाब यह ऐसा दौर है कि जब तक हजार-पांच सौ करोड़ अंटी में न हों, तब तक कोई राजनीतिक पार्टी बना ही नहीं सकता। लेकिन बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसद और विधायक फ्री में पार्टी बना रहे हैं। वहां एक दिन विधायक घोषणा कर देते हैं कि हम अलग पार्टी बना रहे हैं और उनकी पार्टी बन भी जाती है। फिर एक दिन सांसद कहते हैं कि हम अलग पार्टी बना रहे हैं और पार्टी बन भी जाती है। जब इस दौर में हर कोई यह स्वीकार कर रहा है कि भैया घोड़ामंडी में सांसदों और विधायकों की कीमत सौ-पचास करोड़ से कम कतई नहीं होती, उस दौर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद और विधायक फ्री में मिल रहे हैं। ले लो कोई भी ले लो, ममता दीदी को छोड़कर।

सस्ताई की हालत तो यह है जनाब कि एक रुपये की टॉफी से भी सफल कूटनीति की जा सकती है। इसके लिए करोड़ों रुपये फूंकने की कतई ही जरूरत नहीं। बस शर्त यही है कि वह टॉफी मैलोडी हो और सामने मैलोनी हों। बल्कि इधर तो शिक्षक भी कौड़ियों के भाव मिलने लगे हैं। और शिक्षक भी कौन एकदम स्टार शिक्षक-आईएएस और आईपीएस बनाने वाले। जी यह बात कुछ पत्रकारों ने बताई। जाहिर है यह राज खोलने वाले पत्रकार भी कोई छोटे-मोटे स्टार नहीं है। इस पर शिक्षकों ने पलटकर पत्रकारों से कहा कि अगर हम कौड़ी के हैं तो तुम फूटी कौड़ी के हो। हालांकि, वे एक-दूसरे पर मुकदमे करोड़ों की मानहानि के ही कर रहे हैं। पर सस्ताई तो है न जी। नहीं?

महिला अधिकार

समाज की सोच में परिवर्तन का संकेत है गृहिणी के योगदान का मूल्यांकन

## गृहिणी के योगदान को आर्थिक मूल्य देना न्यायसंगत

देवांशु श्रीवास्तव

भारतीय समाज में गृहिणी को सदैव परिवार की धुरी माना गया है। वह घर संभालती है, बच्चों का पालन-पोषण करती है, बुजुर्गों की देखभाल करती है, परिवार की जरूरतों का प्रबंधन करती है और अनेक बार परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भावनात्मक सहारा भी बनती है। फिर भी उसके श्रम को अक्सर आर्थिक दृष्टि से शून्य माना जाता रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहिणी के योगदान का मूल्यांकन करते हुए उसे प्रतिमाह 30 हजार रुपये के बराबर मानना केवल एक न्यायिक निर्णय नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सोच में परिवर्तन का संकेत है। न्यायालय ने कहा कि गृहिणियां केवल घर नहीं संभालतीं, बल्कि वे 'राष्ट्र निर्माता' हैं। यह उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है। किसी भी राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई परिवार है और परिवार के सुचारु संचालन में गृहिणी की भूमिका केंद्रीय होती है।

भारत सहित विश्व के अधिकांश देशों में सकल घरेलू उत्पाद की गणना केवल उन गतिविधियों को ध्यान में रखकर की जाती है, जिनका प्रत्यक्ष आर्थिक लेनदेन होता है। घर के भीतर किये जाने वाले श्रम, चाहे वह भोजन बनाना हो, बच्चों को शिक्षित करना हो, बुजुर्गों की सेवा करना हो या घरेलू संसाधनों का प्रबंधन करना, आर्थिक आंकड़ों में दिखाई नहीं देते। इस कारण करोड़ों महिलाओं द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले श्रम को अदृश्य श्रम की श्रेणी में रख दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी अदृश्य श्रम को दृश्य बनाने का प्रयास है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि किसी गृहिणी का निधन हो जाता है या वह दुर्घटना के कारण अपने कार्य करने में असमर्थ हो जाती है, तो परिवार को केवल भावनात्मक क्षति ही नहीं होती, बल्कि घरेलू सेवाओं की भी भारी हानि होती है।

इन सेवाओं की पूर्ति के लिए परिवार को घरेलू सहायकों, देखभालकर्ताओं और अन्य पेशेवर सेवाओं पर व्यय करना पड़ सकता है। ऐसे में गृहिणी के योगदान को आर्थिक मूल्य देना न्यायसंगत और आवश्यक है। यह निर्णय लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय समाज में महिलाओं के कार्य को अक्सर पुरुषों के रोजगार की तुलना में कम महत्व दिया जाता है। जबकि गृहिणियां प्रतिदिन आठ से बारह घंटे तक विभिन्न प्रकार के कार्यों में लगी रहती हैं। यदि इन कार्यों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जाये, तो उनका आर्थिक योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



प्रश्न है कि क्या केवल दुर्घटना मुआवजा मामलों में ही गृहिणी के श्रम को मान्यता मिलनी चाहिए? या सामाजिक और आर्थिक नीतियों में भी इसकी उचित गणना की जानी चाहिए? यह समय की मांग है कि सरकारें और नीति निर्माता घरेलू श्रम के मूल्यांकन पर गंभीरता से विचार करें। महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, बीमा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं को इस दृष्टिकोण से पुनर्परिभाषित करने की जरूरत है। हालांकि इस निर्णय को केवल महिलाओं तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। आधुनिक समाज में ऐसे अनेक पुरुष भी हैं, जो पूर्णकालिक रूप से घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इसलिए घरेलू श्रम का मूल्यांकन लिंग के आधार पर नहीं, कार्य के आधार पर किया जाना चाहिए। इससे समाज में श्रम के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होगी।

न्यायपालिका ने इससे पूर्व भी कई अवसरों पर गृहिणियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया है, किंतु इस बार आर्थिक मूल्य का स्पष्ट निर्धारण एक नया मानक स्थापित करता है। यह भविष्य में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों और अन्य न्यायिक मंचों को अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

साथ ही, यह संदेश भी देगा कि घरेलू कार्य 'निःशुल्क' जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला श्रम है। जब देश का सुप्रीम कोर्ट गृहिणी को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग घोषित करता है, तब यह समाज को आत्ममंथन का अवसर देता है।

क्या हम अपने घरों में महिलाओं के योगदान को पर्याप्त सम्मान देते हैं? क्या हम घरेलू कार्यों को केवल कर्तव्य मानते हैं या उन्हें श्रम के रूप में भी स्वीकार करते हैं? इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अंततः, गृहिणी के श्रम का मूल्य केवल रुपये-पैसों में नहीं आंका जा सकता। उसका योगदान परिवार के संस्कारों, बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, बुजुर्गों की सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता में दिखाई देता है। फिर भी आर्थिक मान्यता एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि आधुनिक समाज में मूल्यांकन का एक प्रमुख आधार आर्थिक योगदान ही माना जाता है।

सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय उस सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हर प्रकार के श्रम को उसका उचित सम्मान और मान्यता प्राप्त हो सके। अब आवश्यकता इस बात की है कि समाज, सरकार और नीति निर्माता इस संदेश को समझें और घरेलू श्रम को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी सम्मानित करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। तभी गृहिणी को वास्तविक अर्थों में वह स्थान प्राप्त होगा, जिसकी वह लंबे समय से अधिकारी रही है।

जीवन दर्शन

## हर काम कर्मयोग नहीं हो सकता

गीता में कर्मयोग की बात की गयी है लेकिन कई लोगों को इसका अर्थ ठीक से समझ नहीं आता और ना ही ये समझ आता है कि जीवन में कर्मयोग कब बनता है। वे इससे जुड़े सन्दर्भ को वास्तविक जीवन से जोड़कर नहीं देख पाते। कोई अगर सिर्फ सांस ले रहा या विचार ही कर रहा, तो वह कर्म कर रहा है।

कर्म करना मायने जरूर रखता है लेकिन कर्म किस प्रकार का किया गया है, यह भी मायने रखता है।

गीता के अनुसार, कर्मयोग का अर्थ है निःस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाना। कर्म योग की भावना अपनाने से मानसिक तनाव कम हो सकता है, कार्य में एकाग्रता बढ़ सकती है। गीता में कर्म की प्रधानता पर जोर दिया गया है और यह भी कहा गया है कि कोई भी मनष्य कर्म किये बिना नहीं रह सकता। कोई अगर सिर्फ सांस ले रहा या विचार ही कर रहा, तो वह कर्म कर रहा है। मनुष्य को इस जीवन में हर तरह से कर्म ही करना है। वह इसे चुने बिना नहीं रह सकता लेकिन हर कर्म करने वाला कर्मयोगी नहीं बनता। कर्म करना मायने जरूर रखता है लेकिन कर्म किस प्रकार का किया गया है, यह भी मायने रखता है। कर्म योग व्यक्ति



को यह सिखाता है कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करे, लेकिन उसके फल के प्रति अत्यधिक आसक्ति न रखे। भगवान् श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 47) में कहा है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

अर्थात तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। यही कर्म योग का मूल सिद्धांत है।

कर्म योग का सरल अर्थ गीता में कर्मयोग एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है क्योंकि यह मनुष्य के जीवन को एक सकारात्मक और सार्थक दिशा देता है।

**कर्म योग कब बनता है?**

गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्मयोग तब बनता है, जब तक व्यक्ति आसक्ति का त्याग करके योग में स्थित होकर कार्य नहीं करता। यानि कर्म योग तब बनता है जब व्यक्ति कर्तव्य निभाता है लेकिन सफलता-असफलता से प्रभावित नहीं होता, जब कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जाता है बिना अहंकार और स्वार्थ के, जब हर क्रिया को ईश्वर को अर्पण मानकर किया जाता है और जब व्यक्ति फल की आसक्ति छोड़कर केवल प्रयास पर ध्यान देता है। ऐसी स्थितियों में व्यक्ति का साधारण कर्म भी कर्म योग का रूप ले सकता है।

**कर्म योग के लाभ :** कर्म योग की भावना अपनाने से मानसिक तनाव कम हो सकता है, कार्य में एकाग्रता बढ़ सकती है और व्यक्ति अधिक संतुलित बन सकता है। इससे व्यक्ति में सफलता और असफलता को सहजता से स्वीकार करने की क्षमता विकसित हो सकती है और जीवन में संतोष और शांति का अनुभव हो सकता है।

**चंदा कुमारी**

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**सत्त्वात्संजायते ज्ञानं रजसो लोभ एव च।**
**प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च॥**

**भावार्थ**

हे पार्थ, सत्वगुण से ज्ञान उत्पन्न होता है, रजोगुण से लोभ उत्पन्न होता है, और तमोगुण से प्रमाद, मोह और अज्ञान उत्पन्न होते हैं।

# तहसीलदार एक ही भूमि पर दो-दो बार दे रहे हैं स्टे



**जागरण मनमानी**

## मामला ग्राम पंचायत कपुरी कोठार पंकज गुप्ता का नायब तहसीलदार के सीमांकन को तहसील ने किया निरस्त



जागरण, सीधी

जिले के रामपुर नैकिन तहसीलदार द्वारा एक ही भूमि पर दो-दो बार स्टे देने का मामला काफी सुर्खियों में बना हुआ है। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत कपुरी कोठार में पंकज गुप्ता का सामने आया है। ग्राम पंचायत कपुरी कोठार निवासी पंकज गुप्ता के द्वारा अपनी स्वयं की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। जिस पर तहसीलदार के द्वारा 10 दिसंबर 2025 को स्टे देकर निर्माण कार्य में रोंक लगा दी गई थी। उसके बाद तहसीलदार ने उक्त निर्माण कार्य पर निजी पर लगी भूमि हटा दी और कहा कि पंकज गुप्ता द्वारा अपनी स्वयं की भूमि पर ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। उसके बाद तहसीलदार के द्वारा पुनः 18 मार्च 2026 को उक्त निर्माण कार्य पर रोंक लगाते हुए कहा कि आपके द्वारा शासकीय आराजी क्रमांक 406, रकबा 0.200 हे. आबादी मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए सुरक्षित है। उक्त शासकीय भूमि पर आपके द्वारा गिट्टी-बालू रखकर अवैध अतिक्रमण किया गया है। इस कारण मकान निर्माण पर रोंक लगाई जा रही है। इतना ही नहीं तहसीलदार के द्वारा नायब तहसीलदार के नेतृत्व में सीमांकन टीम गठित की गई। जिसके सीमांकन के दौरान पंकज गुप्ता के द्वारा अपनी भूमि पर निर्माण कार्य होना पाया गया। इसके बाद भी तहसीलदार ने नायब तहसीलदार के द्वारा किए गए सीमांकन को गलत मानकर सीमांकन अमान्य कर दिया गया। इस तरह 6 माह से पंकज गुप्ता के निर्माण कार्य में बिना किसी कारण के रोंक लगाई गई है। निर्माण कार्य पर रोंक लगने के बाद पीड़ित द्वारा लगातार सभी कागजात लेकर तहसील कार्यालय का चक्कर काटा जा रहा है। सभी वैध कागजात होने के बावजूद तहसीलदार द्वारा उनको अमान्य अपने तरीके से किया जा रहा है। पीड़ित द्वारा कलेक्टर सीधी के यहां भी आवेदन दिया गया जिसमें कहा गया कि ग्राम कपुरी कोठार में पंकज कुमार पिता रामदीन गुप्ता के नाम से 15 डिस्मिल जमीन है जिसका सर्वे नंबर 405 है। यह भूमि रजिस्ट्री पर खरीदी गई थी। उक्त भूमि में मकान का निर्माण किया जा रहा है। राजस्व अमले द्वारा जांच के दौरान 406 नंबर में 8 फुट कोना गलत नापकर फंसा दिया गया। 248 का मामला चलाया गया। जिसमें त तहसील न्यायालय में जवाब देने पर खारिच कर दिया गया। आदेश होने के बाद बार-बार हल्का पटवारी द्वारा 248 का नोटिस कटवाया जाता है। प्रकरण में आदेश होने के बाद ऊपर की अदालत में जाने के लिए कहा जाता है। तहसीलदार से निवेदन करने पर कोई सुनवाई नहीं की जाती। हल्का पटवारी एवं आरआई द्वारा दबाव में भूमि की गलत नाप की जाती है। उसकी निजी भूमि 405 नंबर को करीब 31 फुट सरकारी भूमि में नापा जाता है जो करीब 5 ढिस्मिल है।

### ड्राइवर करता है दलाली का कार्य

तहसीलदार रामपुर नैकिन के वाहन का ड्राइवर इन दिनों पूरी तरह से भूमियों के मामले में दलाली का कार्य किया जा रहा है। कई पीड़ित किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ड्राइवर द्वारा तहसील न्यायालय में भूमि विवाद को लेकर आने वाले लोगों से संपर्क कर कहा जाता है कि इस कार्य के लिए इतनी सुविधा शुल्क देनी होगी। ड्राइवर के माध्यम से सुविधा शुल्क देने वाले लोगों का काम हो जाता है। इस वजह से अब भूमि विवाद में मनमानी तौर पर फंसाए गए लोग मजबूरी में ड्राइवर की मदद ले रहे हैं। जिससे उनके पक्ष में न्यायालय का निर्णय आ सके।

### तहसीलदार ने आबादी भूमि का किया बंटवारा

तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम बुढ़गौना की आबादी भूमि का प्रकरण 162/अ/27/2025-26 आदेश दिनांक 17 अप्रैल 2026 तहसीलदार की अधिकारिता क्षेत्र में न होने के बाद भी बंटवारा कर दिया गया। बताया गया है कि तहसीलदार को आबादी प्रकरणों की सुनवाई का अधिकार नहीं है फिर भी तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा अपने अधिकारिता क्षेत्र से बाहर जाकर आबादी के प्रकरणों की सुनवाई की जा रही है। साथ ही उनमें मनमानी तौर पर आदेश में जारी किया जा रहा है। जिसके चलते तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं कि तहसीलदार को अपने अधिकारिता क्षेत्र के बाहर के मामलों की सुनवाई एवं फैसला करने का अधिकार कहां से मिल गया है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## जिले के 37 पटवारियों का हुआ स्थानांतरण



**जागरण, सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सीधी कार्यालय द्वारा प्रभारी मंत्री सीधी को अनुमोदन उपरांत 37 पटवारियों का स्थानांतरण सूची अपर कलेक्टर द्वारा जारी किया गया है। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार पटवारी मुनिबादेश्वर सिंह राजगढ़ सिहावल से मझौली, दिवाकर सिंह घोपारी सिहावल से कुसमी, नागेन्द्र सिंह मुर्दाडीह सिहावल से रामपुर नैकिन, राजीव सोनी पोखड़ौर बहरी से चुरहट, कमलेश साकेत भनमारी बहरी से मड़वास, अंकित सिंह लौआर नानकार बहरी से अमरोला कुसमी, राघवेन्द्र नरवरिया नकझर कला बहरी से कुसमी, अनुज आदिवासी ददरीकला बहरी से चुरहट, रामलखन प्रजापति कुशियारी बहरी से चुरहट, विपिन सिंह डिहुली नंबर 3 सिहावल से रामपुर नैकिन, डिगन लाल सिंह डिहुली खास सिहावल से मड़वास, देवेन्द्र सिंह चंदोहीडोल मड़वास से मझौली, राममिलन प्रजापति धुपखड़ कुसमी से रामपुर नैकिन, अमरेश तिवारी भरतपुर रामपुर नैकिन से मड़वास, राजीव तिवारी जमोड़ी सेंगरान गोपद बनास से पड़रा गोपद बनास, विकास पाण्डेय जमोड़ी खुर्द गोपद बनास से सीधी गिर्द गोपद बनास, श्रीमती प्रवीणा शुक्ला खैरा बहरी से जमोड़ी कला गोपद बनास, आशीष तिवारी तहसील सिहावल संबद्ध गोपद बनास से खैरही गोपद बनास, रविशंकर शुक्ला सीधी गिर्द गोपद बनास से जमोड़ी सेंगरान गोपद बनास, रामबहोर कोल उमरिया कुसमी से कुंदौर कुसमी, राजकुमार सिंह कुंदौर कुसमी से उमरिया कुसमी, अतुल कुमार तिवारी लुरघुटी कुसमी से गोपद बनास, रामचरण प्रजापति खोरी बहरी से गोपद बनास, अमित सिंह टिकरी मड़वास से बरिगवां गोपद बनास रणबहादुर सिंह तहसील सिहावल से मड़वास, शुभम दांगी मोहनी रामपुर नैकिन से पटौहा चुरहट, नवनीत सिंह शंकरपुर कुसमी से चुरहट, चंद्रप्रताप सिंह जूरी कुसमी से मझौली, मो. इस्लाल कंजवार मड़वास से रामपुर नैकिन, दीपक कुमार शुक्ला पड़रा गोपद बनास से डैनिहा गोपद बनास, उपेन्द्र सिंह नौढ़िया गोपद बनास से सेमरिया गोपद बनास, अतुल कुमार सिंह पनवार चौहानन टोला गोपद बनास से जमोड़ी खुर्द गोपद बनास, अशोक कुमार गिरि बडेसर रामपुर नैकिन से चुरहट, नंदलाल पटेल दुआरी कुसमी से चुरहट, जीतेन्द्र कुमार द्विवेदी धुंआडोल मड़वास संबद्ध भू-अभिलेख सीधी से पटेहरा खुर्द गोपद बनास राजीव सिंह अमगांव कुसमी से मझौली, अरविंद द्विवेदी पटेहरा खुर्द गोपद बनास से झगरहा गोपद बनास शामिल हैं।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के मीडिया प्रमुख मुकेश सेन द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 18 जून 2026 को पूरे देश में एक साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली जिससे मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संबद्ध है के निर्देश पर एक साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट के विरुद्ध प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं शिक्षा मंत्री भारत सरकार को टेट परीक्षा निरस्त करने एवं विधि संगत अध्यादेश लोकसभा में पारित कराने हेतु जिलाध्यक्ष सीधी सतीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कलेक्टर सीधी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन का रूपरेखा सभी शिक्षक साथी प्राचार्य से लेकर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों के साथ 3:30 बजे दोपहर से 4:30 बजे शायं तक वीथिका भवन में एकत्रीकरण शिक्षकों का होगा तथा निर्धारित समय शायं 5 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा। सभी शिक्षक साथी निर्धारित समय सायं 4:30 बजे के पहले निर्धारित स्थान पर उपस्थित होने एवं ज्ञापन सौपे जाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## चोभरा पंचायत में नाली का अवैध निर्माण



**जागरण, सीधी।** जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत चोभरा जयकरण सिंह में पंचायत द्वारा नाली का अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। तत्संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ को प्रेषित शिकायत में दुर्गा जी पब्लिक हाई स्कूल के संचालक ने कहा है कि आबादी क्षेत्र न होने के बावजूद सरपंच एवं सचिव द्वारा उनके विद्यालय के पीछे दीवाल के किनारे नाली निर्माण के लिए खुदाई कराई गई है। जबकि यहां कोई भी आबादी नहीं है। मनमानी तरीके से नाली का निर्माण होने पर विद्यालय भवन को जहां क्षति पहुंचेगी वहीं पढ़ने आने वाले छोटे-छोटे बच्चों के साथ नाली में गिरने की घटनाएं भी बढ़ जाएंगी। बरसात के दिनों में यह खतरा और भी ज्यादा हो जाएगा। इस वजह से नाली का निर्माण कार्य तत्काल बंद कराया जाए।

## पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी पुलिस द्वारा गुम नाबालिग बालिका को तत्परता एवं सजगता से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 17 जून 2026 को फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित होकर सूचना दी गई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री प्रातः घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटी है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। सूचना प्राप्त होते ही थाना जमोड़ी में गुम इंसान कायम कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से बालिका का पता लगाया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह स्वयं नौकरी करने के उद्देश्य से घर से बाहर चली गई थी। बालिका को सकुशल दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी, एएसआई गोविंद, प्रधान आरक्षक कुशुम, महिला आरक्षक सविता, आरक्षक राजू यादव का विशेष योगदान रहा।

## जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला आयोजित

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा एडीआर भवन में जिला स्तरीय जागृति योजना-2025 के अंतर्गत पॉक्सो अधिनियम के संवेदनशील क्रियान्वयन, बाल संरक्षण एवं सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी एवं संवेदनशील क्रियान्वयन के साथ बाल अधिकारों की सुरक्षा, पीड़ित बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में न्यायपालिका, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

## रविनंदन ने हासिल किया यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक 17



**जागरण, सीधी।** सिंगरौली जिले के सरई ग्राम के निवासी रामायण प्रसाद गुप्ता जो कि पेशे से व्यापारी और सुमित्रा गुप्ता गृहणी के सुपुत्र रविनंदन गुप्ता ने विषम परिस्थितियों के बावजूद सफलता का ऐसा कीर्तिमान हासिल किया है जो हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे रविनंदन शुरूआती शिक्षा सीधी के नवोदय विद्यालय में पूर्ण कर जेईई एडवांस की परीक्षा के बाद आईआईटी गुवाहटी से ग्रैजुएट हुए और आर्थिक संघर्षो के कारण निजी संस्थान रिलायंस इंडस्ट्रीज में 4 वर्षों तक क्षेत्र प्रबंधक के तौर पर काम किया। उन्होंने इसे ही अपना जीवन ना मानकर अपने अंदर के जुनून और आत्मविश्वास के दम पर एमपीपीएससी की परीक्षा दी जिसमें वह प्रथम प्रयास में ही सफल हुए और उनका रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर में चयन हुआ और लगभग ढाई वर्ष तक उन्होंने इस पद पर सेवा दी। उसके बाद भी उन्होंने अपने आप को सीमित नहीं किया और प्रशासनिक दायित्व के साथ-साथ बिना किसी कोचिंग संस्थान के खुद से पढ़ाई करके यूपीएससी की परीक्षा देते रहे जिसमें दो बार वो असफल हुए और तीसरे प्रयास पर उन्हें बड़ी सफलता मिली और ऑल इंडिया रैंक में 17 रैंक हासिल कर सफलता की एक नई ऊंचाई हासिल की इसके बाद आईएफएस में उनका चयन हुआ। सफलता पश्चात सीधी आगमन पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता और व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के निवास में पिता के साथ पहुंचकर आशीर्वाद लिया। श्री गुप्ता द्वारा रघुनंदन का स्वागत कर मुंह मीठा कर बधाई एवं आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि रविनंदन के लगन आत्मविश्वास और समर्पण का ये परिणाम है, उनके सफलता से प्रदेश के साथ-साथ विंध्य और पूरा समाज गौरवान्वित है। स्वागत करने में मुख्य रूप से राकेश गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता निच्चू, आलोक गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अमित गुप्ता, रोहित गुप्ता एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# गरीबों के बोनस की राशि पर डाका न डाले सरकार: अजय

## तेंदूपत्ता संग्रह की राशि पर आदिवासियों का हक

जागरण, सीधी



पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लाभांश की राशि को वन विभाग द्वारा निर्माण कार्यों में खर्च करने के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप करने और अनुचित आवंटन पर रोक लगाने की माँग की है। अजय सिंह ने कहा कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव ने अभयारण्यों में तालाब बनाने के लिए लघु वनोपज संघ से लगभग 20 करोड़ रुपये मांगे है। यह नियमों और लाभांश के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। अजय सिंह ने कहा कि लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ का उपयोग वैधानिक रूप से केवल वनोपज संग्राहकों के सामाजिक कल्याण, वनों के पुनरुत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ही किया जा सकता है। नियमानुसार इस लाभांश का 75 प्रतिशत हिस्सा सीधे आदिवासियों को बोनस के रूप में वितरित होना चाहिए। शेष राशि ग्रामीण समुदायों के कल्याण, वनों के पुनरुत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संरक्षित क्षेत्रों में तालाब निर्माण जैसे कार्यों के लिए कैम्पा फंड, वन्यजीव बजट और कई अन्य केंद्रीय योजनाएं पहले से ही संचालित हैं। इन योजनाओं की राशि का उपयोग करने के बजाय, प्रदेश के सबसे गरीब जनजातीय और ग्रामीण समुदायों के खून-पसीने की कमाई को अन्य मदों में डायवर्ट करना पूरी तरह से अनैतिक और अवैध है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस संवेदनशील मामले में खुद संज्ञान लें। उन्होंने वन विभाग द्वारा मांगी गई राशि के हस्तांतरण को निरस्त करने की माँग की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि तेंदूपत्ता लाभांश का एक-एक पैसा केवल और केवल वनाश्रित आदिवासियों और संग्राहकों के हितलाभ पर ही सीधे खर्च किया जाए।

## खनिज राजस्व प्राप्ति में सीधी प्रदेश में प्रथम



**जागरण, सीधी।** जिले ने खनिज राजस्व संग्रहण एवं प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के नेतृत्व, सुशासन की प्रतिबद्धता तथा राजस्व संवर्धन एवं रोजगार सृजन के प्रति समर्पित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पूर्व वर्षों में खनिज राजस्व प्राप्ति के मामले में सीधी जिला प्रदेश में सामान्यतः 20वें से 25वें स्थान के बीच रहा करता था, जबकि वर्तमान में जिला प्रदेश स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त करने में सफल हुआ है। यह उपलब्धि कलेक्टर के सतत मार्गदर्शन तथा खनिज विभाग की सक्रिय कार्यशैली का परिणाम है। विभागीय अधिकारियों द्वारा अवकाश दिवसों में भी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए रेलवे, निर्माण एजेंसियों एवं खदान संचालकों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही सभी उपखंडों में अनुविभागीय अधिकारियों की अध्यक्षता में मासिक तथा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में त्रैमासिक समीक्षा बैठकें आयोजित कर स्वीकृत खदानों के संचालन से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। जिले में स्वीकृत खदानों के सुचारू संचालन, अधिकतम राजस्व प्राप्ति, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन तथा अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरणीय स्वीकृतियों के अनुरूप खनिज उत्पादन एवं रॉयल्टी जमा कराने पर विशेष बल दिया गया। खनन पट्टाधारकों के साथ समन्वयात्मक एवं सकारात्मक संवाद स्थापित कर उन्हें खनिज व्यवसायी के रूप में सम्मान दिया गया, जिससे खनिज क्षेत्र में निवेश एवं उत्पादन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला। वर्तमान में जिले की लगभग सभी स्वीकृत खदानें संचालित हैं, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व संग्रहण में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले द्वारा 30 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2024-25 में 32 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 38 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में शासन द्वारा निर्धारित 10.27 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 16.85 करोड़ रुपये की प्राप्ति कर 164 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई, जिसके आधार पर सीधी जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## हरित उद्योगों और रोजगार सृजन को मिलेगी नई गति

**जागरण, सीधी।** जिले के आर्थिक, औद्योगिक एवं पर्यावरणीय विकास को नई दिशा देने की दृष्टि से सीधी में क्लाइमेट ग्रीन इकोनॉमिक जोन (सीजीईजेड) परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधायक सीधी रीती पाठक के मार्गदर्शन में क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया के प्रतिनिधि डॉ. संजय कुमार वर्मा एवं निखिल चौहान ने कलेक्टर विकास मिश्रा से भेंट कर परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया तथा इसके संभावित लाभों एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में विधायक रीती पाठक ने कहा कि सीजीईजेड परियोजना सीधी जिले के विकास को नई दिशा देने वाली दूरदर्शी पहल है। यह परियोजना केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार, कृषि, आधारभूत संरचना और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी व्यापक सकारात्मक बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलने से जिले में निवेश आकर्षित होगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों के विस्तार से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने परियोजना की अवधारणा एवं संभावनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न विभागों के समन्वय से इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं अनुमतियों के उपरांत जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विनोद कुमार मिश्रा पिता श्री शेषमणि मिश्रा उम्र-45 वर्ष निवासी ग्राम/पोस्ट टीकट कला, थाना व तहसील चुरहट, जिला-सीधी (म.प्र.) का हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र अभिषेक मिश्रा का भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा कराया गया था जिसकी पालिसी क्रमांक-379443549 है किन्तु उक्त पालिसी में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश ओम मिश्रा अंकित हो गया था, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम अभिषेक मिश्रा है जो उसके आधार कार्ड, समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं समस्त दस्तावेज में अंकित भी है, इसी तरह मेरे दूसरे पुत्र यश मिश्रा का भी भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा कराया गया था जिसकी पालिसी क्रमांक-208057928 है, किन्तु उक्त पालिसी में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश अवनीश कुमार मिश्रा अंकित हो गया है, जबकि पुत्र का सही नाम यश मिश्रा है, जो उसके आधार कार्ड, समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं समस्त दस्तावेज में अंकित भी है।

अतः भारतीय जीवन बीमा में पॉलिसी क्रमांक 379443549 में सही नाम अभिषेक मिश्रा सुधार किया जाए एवं दूसरी पॉलिसी क्रमांक 208057928 में सही नाम यश मिश्रा सुधार किया जाए। जिससे कि बीमा भुगतान में बीमार्थी को कोई परेशानी न हो।

**शपथकर्ता, विनोद कुमार मिश्रा पिता श्री शेषमणि मिश्रा**

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामकृष्ण पाण्डेय पिता श्री छोटेलाल पाण्डेय निवासी ग्राम भरतपुर पोस्ट भरतपुर, थाना व तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नंबर 757075032568 में नाम नैन पाण्डेय पिता श्री रामकृष्ण पाण्डेय अंकित है। वहीं पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र एवं अन्य शिक्षण अभिलेख में नाम माधवी पाण्डेय पिता श्री रामकृष्ण पाण्डेय अंकित है जो सही है। जबकि पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम नैन पाण्डेय अंकित हो गया है। आधार कार्ड में पुत्री का नाम सुधार कराने पर आधार कार्ड रिजेक्ट हो जाता है। आधार कार्ड क्रास लिमिट होने के कारण सुधार नहीं हो रहा है। जिससे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है, जिसके अनुसार नैन पाण्डेय एवं माधवी पाण्डेय एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरी पुत्री है।

## RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

**Admission open** for session 2026-27 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
| --- | --- | --- |
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068





# जिले के 67 पुलिसकर्मियों का किया गया स्थानांतरण

## एसआई, एएसआई, आरक्षकों का हुआ स्थानांतरण

### अग्रिम आदेश तक के लिए स्थानांतरण प्रभावी

जागरण, सीधी



पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा 16 जून को जिले के 67 पुलिस कर्मियों को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। यह स्थानांतरण अग्रिम आदेश तक के लिए प्रभावी रहेगा। स्थानांतरित पुलिस कर्मियों में जैलेन्द्र सिंह उप निरीक्षक मझौली से चुरहट, कार्य.सउनि केशरी प्रसाद पाण्डेय कमर्जी से पुलिस लाइन, कार्य. सउनि राजेन्द्र सिंह पटेल एसडीओपी कार्यालय चुरहट से पुलिस अधीक्षक रीडर शाखा, कार्य. सउनि भरत मालवीय पुलिस लाइन से मझौली, कार्य. सउनि गोविंदलाल साकेत जमोड़ी से कमर्जी, कार्य. सउनि अनंत लाल प्रजापति चुरहट से कुसमी, रजनीश बघेल कार्य. सउनि रामपुर नैकिन से जमोड़ी, कार्य. सउनि अजीत पाण्डेय पुलिस लाइन से रामपुर नैकिन, प्रआर लक्ष्मीकांत शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय से ओएम शाखा, प्रआर शिवशंकर तिवारी पुलिस लाइन से कोतवाली, प्रआर सरोज रावत रामपुर नैकिन से महिला थाना, कार्य.प्रआर जगमोहन पनिका स्टेनो शाखा से जमोड़ी, नंदकिशोर पनिका पुलिस लाइन से कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, राकेश बैस बहरी से कमर्जी, अमर सिंह परिहार कमर्जी से बहरी, अनूप सिंह परिहार थाना यातायात से थाना अजाक, शशिभूषण त्रिपाठी थाना यातायात से कमर्जी, शुधा पटेल चुरहट से सेमरिया, भीमसेन त्रिपाठी सेमरिया से चुरहट, जगलाल रावत मझौली से चुरहट, लल्लू विश्वकर्मा चुरहट से मझौली, राजकुमार सिंह मझौली से कोतवाली, रामचंद्र दीवान मड़वास से बहरी, दिनेश सिंह चंदेल चौकी पथरौला से थाना यातायात, संतकुमार सिंह बहरी से सेमरिया, कमलेश प्रजापति कुसमी से चौकी पोंड़ी, बीरेन्द्र रावत चौकी पोंड़ी से थाना यातायात, जयराम सैनी कोतवाली से अमिलिया, जितेन्द्र पाठक पुलिस लाइन से चौकी पोंड़ी, आरक्षक विकास कुमार तिवारी ओएम शाखा से रामपुर नैकिन, रोशन सिंह चौकी पोंड़ी से पुलिस लाइन, सुरेन्द्र सिंह पाल वारंट शाखा से मड़वास, सतीष मिश्रा पुलिस लाइन से कमर्जी, आजाद खान पुलिस लाइन से जमोड़ी, उमेश द्विवेदी चौकी पोंड़ी से कोतवाली, प्रवीण सिंह मड़वास से कोतवाली, आदर्श सिंह कोतवाली से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विकास सिंह चौकी सिहावल से कुसमी, शिवम शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय से चौकी पोंड़ी, नीतेश कुमार सिंह चौकी पोंड़ी से कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, रामबली सिंह कोतवाली से थाना यातायात, पुष्पेन्द्र यादव कोतवाली से कुसमी, नीरज पटेल कोतवाली से मड़वास, किशुनपाल सिंह जमोड़ी से चौकी बम्हनी, कृति त्रिपाठी जमोड़ी से कोतवाली, प्रवीण कुमार सिंह चुरहट से कोतवाली, अभिषेक शुक्ला चुरहट से एसडीओपी कार्यालय चुरहट, संजीव सिंह चंदेल चेक पोस्ट सेमरिया से चौकी सिहावल, सचिन कुमार चौकी पिपरांव से चौकी पोंड़ी, मुकेश सिंह चंदेल मझौली से बहरी, सोनू कुमार यादव कमर्जी से कोतवाली, अवधेश कुशवाहा बहरी से कोतवाली, राजधर विश्वकर्मा बहरी से चुरहट, शिवराम बैस कुसमी से सायबर शाखा, अनिल यादव महिला थाना से चौकी पिपरांव शामिल हैं।

### इनका भी स्थानांतरण

पुलिस विभाग की जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार सउनि दिलीप कुमार रावत चौकी पोंड़ी प्रभारी का स्थानांतरण बहरी, कार्य सउनि जय नारायण श्रीवास्तव बहरी से चौकी पोंड़ी प्रभारी, कार्य सउनि सुरेश प्रताप सिंह बहरी से थाना यातायात, कार्य सउनि प्रदीप सिंह कुसमी से बहरी, प्रआर राजकुमार मिश्रा रामपुर नैकिन से चुरहट, कार्य प्रआर राजू जायसवाल कमर्जी से मझौली, बलवीर नीखरे चौकी पोंड़ी से भुईमाड़, रामसुंदर साकेत बहरी से रामपुर नैकिन, धीरेन्द्र सिंह बागरी चुरहट से मझौली, आरक्षक दिनकर दुबे कुसमी से चौकी सिहावल, दिनेश प्रताप हिंस भुईमाड़ से बहरी एवं प्रभात सिंह चंदेल मड़वास से थाना कोतवाली स्थानांतरित किए गए हैं।

# विजयराघवगढ़ में 4.60 करोड़ के एसटीपी प्लांट का हुआ भूमिपूजन



## अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे और विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की पहल से साकार होगा स्वच्छ एवं समृद्ध नगर का सपना

**जागरण, कटनी।** विजयराघवगढ़ नगर के विकास पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उस समय उठाया गया जब स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का भूमिपूजन खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे की विशेष उपस्थिति और सक्रिय भूमिका ने इस परियोजना को नगर के विकास के नए युग की शुरुआत बना दिया। वर्षों से नगर के लोगों की यह अपेक्षा रही कि झपावन नदी को प्रदूषण से मुक्त कर स्वच्छ जलधारा के रूप में संरक्षित किया जाए। अब यह सपना साकार होने जा रहा है। नगर परिषद विजयराघवगढ़ में स्थापित होने वाला यह आधुनिक एसटीपी प्लांट नगर के नालों और सीवरेज के गंदे पानी को वैज्ञानिक तकनीक से शुद्ध करेगा तथा उपचारित जल को ही झपावन नदी में प्रवाहित किया जाएगा। इससे नदी की स्वच्छता बनी रहेगी और पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत यह परियोजना विजयराघवगढ़ के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के सतत प्रयासों व मार्गदर्शन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण नगर को यह महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। यह परियोजना न केवल स्वच्छता अभियान को मजबूती देगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण की नींव भी रखेगी।

इस अवसर पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि विजयराघवगढ़ के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और नगर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने का संकल्प तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल स्वच्छ वातावरण और बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं जिन्हें उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने 10 एकड़ भूमि पर विकसित किए जाने वाले भव्य एवं ऐतिहासिक पार्क परिसर में वृक्षारोपण कर हरित विकास का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह पार्क भविष्य में नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा जहां परिवारों बच्चों और बुजुर्गों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सुबह शाम लोग यहां प्रकृति की गोद में समय व्यतीत कर सकेंगे। नगरवासियों का मानना है कि एसटीपी प्लांट और प्रस्तावित पार्क परियोजना विजयराघवगढ़ के विकास इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होने वाली उपलब्धियां हैं। यह केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि स्वच्छ सुंदर और विकसित विजयराघवगढ़ की नई तस्वीर गढ़ने का संकल्प है जिसे नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे और विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के नेतृत्व में साकार रूप मिलता दिखाई दे रहा है। भूमिपूजन समारोह में जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों पार्षदों भाजपा पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कुठला पुलिस के हत्थे चढ़ी शराब तस्करी की बड़ी खेप, 540 लीटर अवैध शराब एवं बोलेरो वाहन जब्त



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा कटनी द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है। जिनके निर्देश पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने बोलेरो वाहन में 540 लीटर अवैध शराब तस्करी की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

थाना कुठला पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग एवं गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान इन्द्रानगर पुल के पास एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक एमपी 20 के 8589 पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध रूप से तेज गति से गली नंबर 9 सेन मोहल्ला की ओर मुड़ गई। पुलिस को शंका होने पर वाहन का पीछा किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस द्वारा स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अन्दर रखे 60 कार्टून अवैध शराब बरामद हुए जिसमें 55 कार्टून देशी लाल मशाला एवं 5 कार्टून देशी सफेद शराब पाई गई। प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव शराब भरी हुई थी। विधि अनुसार नमूने पृथक कर शेष शराब को सीलबंद किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 540 लीटर तथा अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपये पाई गई। साथ ही प्रयुक्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई। इस प्रकार कुल 13 लाख रुपये मूल्य का मशरूका जप्त किया गया। वाहन की जांच के दौरान प्राप्त दस्तावेजों एवं पीओएस मशीन से सत्यापन करने पर वाहन शुभम निषाद पिता राजाराम निषाद के नाम पर पंजीबद्ध होना पाया गया। मामले में बोलेरो चालक के विरुद्ध अपराध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, आरक्षक शिशिर पाण्डेय, हर्षुल मिश्रा, विजय राणा एवं अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# बिलहरी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब निर्माण एवं विक्रय के ठिकानों पर दी दबिश

### भारी मात्रा में महुआ लाहन व भट्ठी को किया नष्ट

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चिसिया, थाना प्रभारी कुठला अखिलेश दाहिया के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर ग्राम करहिया कला में अलग अलग स्थानो पर दबिश देकर ग्राम करहिया कला व ग्राम रैपुरा में चढ़ी कच्ची शराब की भट्टियों व भारी मात्रा में करीब 18 डिब्बा महुआ लहान नष्ट किया गया है व 15 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# सहायक आयुक्त ने किया 12 मासी छात्रावास जैतपुर का निरीक्षण



**जागरण गोहपारू।** जिले के दूरस्थ क्षेत्र जैतपुर के छात्रावास का निरीक्षण कर गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया है सहायक आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग,आनंद राय सिन्हा ने जैतपुर स्थित 12 मासी छात्रावास का भ्रमण कर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान संचालित रचनात्मक एवं कौशल विकास गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला, हस्तकला,लेखन, पठन-पाठन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर जोर दिया गया। श्री सिन्हा ने बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न कलाकृतियों एवं रचनात्मक सामग्री का अवलोकन करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की तथा उन्हें निरंतर सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनमें आत्मविश्वास,अनुशासन एवं व्यक्तित्व निर्माण को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने छात्रावास प्रबंधन द्वारा बच्चों को सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयासों की भी सराहना की। इस दौरान विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जीवनोपयोगी कौशलों के विकास पर विशेष बल दिया गया।

# आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में निकला पैदल मार्च



**शहडोल।** संभाग के अनुपपुर में मध्यप्रदेश के प्रभारी जीतेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व विशाल आम सभा एवं कार्यकर्ताओं के साथ निकला पैदल मार्च जिसमें नगर वासियों को लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, किसानों एवं आदिवासियो के ऊपर हो रहे अत्याचार शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करया जाकर महंगाई कम करने की केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से अपील की आम आदमी का भी जीवन यापन हो सके इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शहडोल जिले के ब्योहारी से जिला उपाध्यक्ष मृगेंद्र सिंह गुड्डू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए इस कार्यक्रम में जीतेन्द्र सिंह तोमर ने जिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा गया इस कार्यक्रम से शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं में जोश उत्साह के साथ नयी उर्जा का संचार हुआ जिसका आगामी नगरीय चुनाव में आम आदमी पार्टी लाभ मिल सकता है।


## PM SHRI School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa (M.P.)

### NOTIFICATION FOR WALK-IN-INTERVIEW

PM SHRI School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa, M.P. Requires the following Teachers/Coaches/Trainers purely on Contract/Temporary basis for the academic session 2026-27. Interested and eligible candidates can attend WALK-IN-INTERVIEW on dated 25/06/2026 at 10:00 AM at PM SHRI School, Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa (M.P.) at their own cost with all supporting documents.

| Sl. No. | Position | Essential Qualification | Honorarium/ Remuneration |
|---|---|---|---|
| 01 | Atal Tinkering Lab Facilitator (01) | BE/B.Tech in Electronics/Communication/Mechanical/AI/Robotics Engineering | Per month Rs.30000/- (for 10 months) |
| 02 | YOGA Trainer (Preferably Female)(01) | 1 year Post Graduate Diploma in Yoga **OR** Post Graduate with Diploma/ Certificate in Yoga **OR** Bachelor's Degree in Yoga | Rs. 12,500/- per month for 8 Months |
| 03 | Sports Coaches (02) | B.P.Ed or N.I.S. expert in Basketball/Kabaddi | Rs. 20,000/- per month for 5 Months |
| 04 | Dance Expert (01) | Certificate/ Diploma in Katthak. | Rs. 25,000 per month for 6 Months |
| 05 | Music Expert (01) | Cerificate Diploma and Skilled in Tabla | Rs. 25,000 per month for 6 Months |
| 06 | Self Defence Trainer (**Only Female**) (01) | Expert and Black belt in any of the Martial Arts Like Judo/Karate/Taikwando. | Rs. 12500/- Per Month for 8 Months |

1. The maximum age limit is 50 years as on 01.07.2026
2. Priority will be given on the basis of the experience.
3. The engagement is purely on a temporary basis. No TA/DA is payable for attending the Walk-in-Interview. Willing candidates are requested to attend the interview with proof of Identity and address, biodata, application form attached, experience certificate & original testimonials with one set of self attested copies of all documents & 03 passport size photographs. Interested candidates are requested to attend the interview on 25/06/2026 at 10.00 AM.
4. Post would be kept vacant if no candidate found sutable/eligible in the interview.
5. The Principalreserves the right to cancel, modify and amand the eligible/terms & conditions at any stage without assigning any reasons.
6. For further inquiries, contact the School Office between 09:00 AM to 01:30 PM on Working Days.
7. For furher details and to download the Application Form, visit the Vidyalaya website https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/REWA/en/home/

PRINCIPAL
PM SHRI SCHOOL JNV REWA (M.P.)


# मोबाइल चोरी के मामले में कुठला पुलिस को मिली सफलता

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज को भय मुक्त एवं निर्बाध जीवन यापन का वातावरण बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस को चोरी हुए 5 नग मोबाइलों को दो नाबालिको से चन्द घण्टो में जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है।

प्रार्थी हिमांशु पिता मनोज प्रजापति उम्र 21 साल निवासी सौरपुर थाना पैहलानी जिला बन्दा उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर कि लमतरा स्थित गुटखा फैक्ट्री में कार्यरत हैं। रात्रि भोजन करने के बाद सभी सो गए थे। प्रातः करीब 5 बजे जागने पर देखा कि उनके 5 नग मोबाइल फोन 2 ओप्पो, 2 रियलमी एवं 1 वीवो कुल कीमत लगभग 75 हजार रुपये गायब थे। साथ में काम करने वाले मौके से अनुपस्थित मिले। तलाश करने पर उनका पता नहीं चला। फरियादी को संदेह है कि उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन चोरी कर ले जाए गए हैं। रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारम्भ की गई। जांच के दौरान थाना कुठला पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी हुए 5 नग मोबाइलों को दो नाबालिग विधि उल्लंघनकारी बालकों से जबलपुर से बरामद किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, अजीत मिश्रा, आरक्षक मनोज सिंह एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## कार्यालय नगर परिषद मनगवां जिला- रीवा (म.प्र.)

Office, Nagar Parishad Mangawan Dist.Rewa (M.P.)

Address:- Ward No.09 Mangawan, Dist.Rewa (M.P.) - 486111
Email:-cmomangava@mpurban.gov.in

क्रमांक/630/भंडार/निविदा आमंत्रण/2026 — मनगवां, दिनांक 11.06.2026

### ई निविदा आमंत्रण

नगर परिषद मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार विभिन्न सामग्री क्रय व कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म /निविदाकारों द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवां से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | एनआईटी क्र. एवं दिनांक | टेण्डर क्र. | नाम सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (₹ लाख में) | अमानत राशि (₹ में) | कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515715_1 | विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 2 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515715_2 | पेयजल व हैण्डपम्प सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 3 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515715_3 | सफाई एवं कीटनाशक सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 4 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515715_4 | जल प्रदाय सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 5 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515708_1 | हैण्डपम्प सुधार कार्य की वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 5.00 | 5000/- | 2000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 6 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_515708_2 | सवमर्सिबल मोटर पम्प सुधार कार्य की वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 2.00 | 2000/- | 2000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिये गये वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

अध्यक्ष
नगर परिषद मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मनगवां,जिला-रीवा (म.प्र.)



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

### प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27

केन्द्रीय जेल रीवा में संचालित उद्योग इकाई में लगने वाले कच्चा माल एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु प्रथम वार्षिक ई-निविदा वर्ष 2026-27 www.mptenders.gov.in पर दिनांक-14/07/2026 को सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 24/06/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 13/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 15/07/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 18/07/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

**नोट:-** **1.** ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) द्वारा की जावेगी। **2.** निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा ( म.प्र. )

G-14504/26



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

### प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27

केन्द्रीय जेल रीवा एवं सर्किल के अंतर्गत आने वाली जिला जेल-शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सीधी, बैढ़न एवं सब जेल ब्यौहारी, बुढ़ार, मऊगंज एवं त्योंथर में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु केन्द्रीय जेल रीवा में संचालित उद्योग इकाई के बुनाई अनुभाग पॉवर लूम/हैण्डलूम में कपड़ा निर्माण हेतु लगने वाले विभिन्न प्रकार के सूत क्रय करने हेतु प्रथम वार्षिक ई-निविदा वर्ष 2026-27 www.mptenders.gov.in पर दिनांक-14/07/2026 को सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। ई-निविदा सम्बंधी तिथि विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 24/06/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 13/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | सेम्पल/नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 5. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 15/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 6. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 18/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:-व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा ( म.प्र. )

G-14505/26

## संक्षिप्त खबरें

### श्रमिकों को सम्मान मिले यह अफसरों की जिम्मेदारी

**विसं, भोपाल।** श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अधिकारियों से कहा है कि उन्हें इस बात पर विशेष ध्यान देना होगा कि राज्य के किसी भी श्रमिक और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध हो सके। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं मॉनिटरिंग करनी होगी। मंत्री पटेल मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। नई श्रम संहिताएं श्रमिकों को नया संरक्षण प्रदान करते हुए उनके कल्याण के लिए संचालित व्यवस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाएंगी। अधिकारी वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप श्रम कल्याण संबंधी प्रावधानों को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाए,जिससे कर्मचारी और नियोक्ता के मध्य बेहतर संबंध स्थापित हों और औद्योगिक विकास को गति मिले। पटेल की पहल पर श्रमिकों के बच्चों के लिए मेधा छात्र उन्नयन छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ करने का बड़ा निर्णय लिया गया है।

### येवतकर ने एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी का पदभार संभाला

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय में एनएल येवतकर (मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी) ने क्षेत्रीय अधिकारी भोपाल का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एनएचएआई के मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं निवर्तमान क्षेत्रीय अधिकारी भोपाल श्रवण कुमार सिंह ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पदभार ग्रहण समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एनएल येवतकर राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना क्षेत्र के अनुभवी एवं प्रतिष्ठित अधिकारी हैं। अपने लंबे प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुभव के दौरान उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में अनेक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मध्य प्रदेश से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा है।



### आयुर्वेद की 200 सीटों के लिए 400 मरीजों की ओपीडी जरूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में नए आयुर्वेद कॉलेज खोलने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही सीट वृद्धि के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ( एनसी आईएसएम) नई दिल्ली ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। जानकारी अनुसार इसके लिए आवेदन 16 से 31 अगस्त तक किए जा सकेंगे। भारत का राजपत्र एनसीआईएसएम अधिसूचना गजट के अनुसार बीएएमएस की 60 सीटों के लिए ओपीडी 120 मरीज, आईपीडी में 36 मरीज, टीचिंग स्टॉफ 36 होना जरूरी है। इसी प्रकार 100 सीटों के लिए ओपीडी 200 मरीज, आईपीडी 60 मरीज तथा टीचिंग स्टॉफ 51 होना जरूरी, 150 सीटों के लिये ओपीडी 300, आईपीडी 90 मरीज तथा टीचिंग स्टॉफ 70 जरूरी, 200 सीटों के लिये ओपीडी 400, आईपीडी 120 और टीचिंग स्टॉफ 90 होना अनिवार्य है। इसके साथ ही मापदण्डानुसार सीटें बढ़ाने के लिए नॉनटीचिंग व हॉस्पिटल स्टॉफ, उपकरण व मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी करना होगी। वर्तमान में प्रदेश समेत देशभर में 625 से ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों में लगभग 43000 बीएएमएस की सीटें संचालित हैं तथा डेढ़ लाख से ज्यादा छात्र अध्ययनरत हैं। अगर 200 सीटें प्रत्येक कॉलेज में हो जाएं तो कुल 125000 बीएएमएस सीटें हो जाएंगी।

# मंत्रियों के प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुए सीएम तबादलों की नई समय सीमा रात में ही खत्म

**अनौपचारिक संवाद के दौरान मंत्रियों ने किया था तबादले की तारीख आगे बढ़ाने का आग्रह**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकारी विभागों में तबादलों के लिए समय सीमा में वृद्धि करने के मंत्रियों के प्रस्तावों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहमति नहीं दी। उन्होंने मंगलवार को रात्रि 12 बजे के उपरांत तबादलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश विभागों में 90 प्रतिशत तबादलों का काम पूरा हो चुका है। जो शेष है, उसे आज ही निपटाया जाए। इस निर्देश में स्कूल शिक्षा विभाग शामिल नहीं होगा। कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से संवाद किया। इस दौरान कुछ मंत्रियों ने तबादलों की तारीख बढ़ाए जाने का आग्रह किया। पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल ने कहा कि समय स्थानांतरण का समय बढ़ाया जाना चाहिए,क्योंकि कई आदेश पाइप लाइन में हैं। उन पर हस्ताक्षर नहीं हो पाए हैं। ऐसे में कम से कम दो दिन का समय मिलना चाहिए। इस पर सीएम ने कहा कि इस बार विभागों ने तबादलों को लेकर बेहतर काम किया है,जहां थोड़ी बहुत कमी है, उसे आज रात्रि (मंगलवार) तक निपटा लिया जाए,इससे ज्यादा समय नहीं मिलेगा।



### कैबिनेट में ये भी हुए निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा श्रमिक कल्याण से संबंधित श्रम विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक कुल 5 वर्षों तक संचालन के लिए 531 करोड़ 78 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इसी तरह वित्त विभाग के अंतर्गत संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालन और विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण सम्बन्धी योजना के 16वें वित्त आयोग की अवधि एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च, 2031 तक निरंतर संचालन के लिए 492 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। स्थानीय निधि संपरीक्षा के लिये 491 करोड़ 75 लाख और विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण के लिये 00.70 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ऐच्छिक संस्थाओं को 687 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने जनजातीय कार्य विभाग की ऐच्छिक संस्थाओं को शैक्षणिक और अन्य कल्याणकारी प्रवृत्तियों के लिए अनुदान संबंधी योजना को 16वें वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2031 में निरंतर संचालन के लिए 687 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। योजना के तहत प्रदेश के 22 जिलों में कार्यरत 32 अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित शैक्षणिक, छात्रावास, आश्रम शाला, बालवाडी, आरोग्य केन्द्र आदि संस्थाओं के कर्मचारियों के वेतन भते एवं संचालन के लिए अनुदान दिया जाता है।

### रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने राशि स्वीकृत

मंत्रि-परिषद ने रेशम संचालनालय में संचालित 8 कार्यक्रमों योजनाओं की निरंतरता के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक की अनुमानित वित्तीय लागत 639 करोड़ 25 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। स्वीकृत राशि से रेशम समृद्धि योजना का संचालन, रेशम उद्योग का विकास कार्य, रेशम उद्योग की योजनाओं का क्रियान्वयन, टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम, कुटीर एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रमोशन, ब्राण्ड बिल्डिंग एवं विपणन अधोसंरचना, एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यक्रम और विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण के साथ रेशम केन्द्रों पर सिंचाई सुविधाएं एवं अन्य निर्माण कार्य किए जायेंगे।

### नक्सलमुक्त की पीएम ने की तारीफः सीएम

अनौपचारिक चर्चा के दौरान सीएम ने मंत्रियों को बताया कि नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रदेश में नक्सलमुक्त होने की तारीफ की है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार के विकास के हर मामले में सदैव अग्रणी रहने की क्रियाशीलता की सराहना की। देश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज करने पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने मंत्रीगण को बताया कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में नीति निर्माण जनसामान्य के सुझावों मांगे जा रहें है। अच्छी नीति निर्माण के लिए बेहतर जनभागीदारी आवश्यक है। प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या सुझाव आमंत्रित करने के लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाये जायें।

### योग दिवस पर जबलपुर आएंगी राष्ट्रपति

मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिये योग रखी गई है। इसका मुख्य कार्यक्रम जबलपुर में होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु शामिल होंगी। कार्यक्रम में सीएम भी मौजूद रहेंगे।

**एमपी टूरिज्म को मिला उत्कृष्टता पुरस्कारः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग को मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित 10वें डेसेनियल एक्जीबिशन एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026में कॉन्फ्रेंस मैनेजमेंट में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एमपी टूरिज्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना प्रदेश के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। इसे देश के इवेंट, एक्जीबिशन और माइस सेक्टर के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माना जाता है।

### नीट परीक्षा के दौरान छात्र न हों परेशान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि योग दिवस के दिन होने वाली नीट के दौरान छात्रों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रशासन को विशेष ध्यान देना होगा। विशेष तौर पर जबलपुर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का प्रवास है, ऐसे में वहां के प्रशासन को विशेष ध्यान देना होगा। सीएम 21 जून को होने वाली नीट की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर रहे थे। सुनिश्चित करें कि सभी परीक्षार्थी तय समय से पहले केंद्रों में पहुंच जाएं। किसी परीक्षार्थी को यदि सेंटर तक पहुंचने में साधन की परेशानी आ रही है तो प्रशासन और पुलिस अधिकारी किसी शासकीय वाहन या खुद अपने वाहन से उन्हें केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि न रहे। परीक्षा कराने में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें।

## ओलंपिक, नेशनल गेम्स विजेताओं को पुलिस में मिलेगी सीधी नौकरी

**आरक्षक से लेकर एसआई बनेंगे खिलाड़ी, सरकार ने बदले नियम**



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नियमों में बदलाव कर दिया है। गृह विभाग ने मध्यप्रदेश पुलिस में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति नियम में संशोधन कर दिया है। नए नियम के तहत अब प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ी और पदक विजेताओं को पुलिस में आरक्षक से लेकर उप निरीक्षक तक नियुक्त किया जाएगा। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके अनुसार अब हर साल पुलिस विभाग खेल कोटे से नियमित रूप से भर्तियां करेगा।

### अनारक्षित श्रेणी में होगी नियुक्ति

सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों की इन नियुक्तियों को किसी आरक्षित वर्ग के भीतर नहीं, बल्कि अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अंतर्गत माना जाएगा। इससे भर्ती प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता आएगी। साथ ही, केवल उन्हीं खेल विधाओं को मान्य किया जाएगा, जो पिछले तीन ओलंपिक खेलों में शामिल रही हों। गृह विभाग ने यह भी साफ कर दिया है कि मेरिट लिस्ट तैयार करते समय यदि दो खिलाड़ियों के अंक समान होते हैं, तो वरिष्ठता का निर्धारण ओलंपिक, एशियाई खेल आदि की प्राथमिकता और खिलाड़ी की आयु के आधार पर किया जाएगा।

### किसी भी परीक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा

संशोधित नियमों के अनुसार अब खिलाड़ियों को पुलिस में भर्ती होने के लिए किसी भी परीक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा। पदक विजेताओं के साथ-साथ ओलंपिक, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी भी सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे। इन उत्कृष्ट खिलाड़ियों को लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षण के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता और ऊंचाई (हाइट) जैसे शारीरिक मापदंडों में छूट दी जाएगी। नए नियम के अनुसार ओलंपिक, एशियाई, कॉमनवेल्थ या विश्व कप, विश्व चैम्पियनशिप में सहभागिता करने या पदक जीतने वाले को सीधे उप निरीक्षक के पद पर नौकरी मिलेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों और अधिकृत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी आरक्षक के पद पर भर्ती हो सकेंगे।

### तबादलों ने रोकी अतिथि विद्वानों की च्वॉइस फिलिंग

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि विद्वानों की नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल रोक दी थी। पंजीयन के बाद इस समय अतिथि विद्वानों से च्वॉइस फिलिंग कराई जा रही थी। मगर यह प्रक्रिया तीन दिन यानी 18 जून तक स्थगित रहेगी। विभाग ने स्थानांतरण प्रक्रिया को देखते हुए कॉलेजों में अतिथि विद्वान की भर्ती से संबंधित कार्य रोक दिए हैं। अब 19 जून के बाद ही आवेदक अपने पसंद के कॉलेजों की च्वॉइस भर सकेंगे।

**तबादलेः शासन की सख्ती पर प्रोफेसरी भारी, भोपाल से भेजे नौ आ गए सोलह**

## उच्च शिक्षा में विभाग से ज्यादा चली प्रोफेसरों की मर्जी

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** सीजन के अंतिम दिन देर अधिकांश विभागों में जहां मध्य रात्रि तक मानसून की तरह तबादले हुए। वहीं उच्च शिक्षा विभाग की पूरी कार्रवाई प्री-मानूसन एक्टिविटी की तरह रही। प्रशासकीय तबादले दबे-छुपे अंदाज में टुकड़ों में किए गए तो पुराने आदेशों को भी विभाग को बदलना पड़ा। शासन द्वारा तबादलों के लिए बनाए गए सारे फार्मूले प्रोफेसरों के आगे फेल हो गए। सारी ताकत लगाकर भी विभाग अपनी मर्जी से केवल 42 को यहां से वहां कर सका तो 245 प्रोफेसर और कर्मचारी स्वयं के व्यय पर जहां चाहा वहां ट्रांसफर हुए। उच्च शिक्षा विभाग में वैसे जमावट एक सप्ताह पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन 15 जून की तिथि में कॉलेजों के सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी, प्रयोगशाला सहायक, चौकीदार, भृत्य, स्वीपर तक के तबादले किए गए। हैरान करने वाली बात यह है कि इतने सारे संवर्गों



में भी प्रशासकीय यानी विभाग की मर्जी और नियमों के तहत तीन अलग-अलग आदेशों से महज 42 तबादले किए जा सके। इसके उलट, स्वैच्छिक तबादलों के लिए दो बड़ी-बड़ी लिस्ट निकालना पड़ी। एक सूची में 183 तो दूसरी में 62 शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टॉफ के तबादले किए गए हैं। इनमें भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, रीवा, उज्जैन पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा है। एक सहायक प्राध्यापक को तो चार दिन पहले एक साल पुराना आदेश निरस्त कर गुना के कॉलेज में यथावत रखा गया था, अब स्वैच्छिक तबादला गुना के ही दूसरे कॉलेज में विभाग को करना पड़ा है।

### सतपुड़ा में दो ओएसडी और बढ़े

उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन और मंत्रालय वैसे ही ओएसडी के भरोसे चल रहा है। संचालनालय में डेढ़ दर्जन से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर फिलहाल ओएसडी के तौर पर तैनात हैं। मंत्रालय का कामकाज भी शिक्षकों के ही भरोसे चल रहा है। कॉलेजों में खाली पड़े पदों को देखते हुए सारे प्रोफेसरों को कार्यालयों से हटाने की बात चल रही थी, लेकिन इस सीजन में दो और प्रोफेसरों को कॉलेजों से हटाकर संचालनालय में ओएसडी बना दिया गया है। इनमें एक जबलपुर और दूसरे इंदौर के कॉलेज से भोपाल भेजे गए हैं।

### अधिकांश विषयों में प्रोफेसर अतिशेष

यही हाल भोपाल आने वालों का रहा। कहां तो भोपाल के कॉलेजों में अधिकांश विषयों में प्रोफेसर अतिशेष बताए जा रहे हैं। पद विरुद्ध भोपाल में जमे प्राध्यापकों की संख्या भी अच्छी खासी है। बावजूद इसके विभाग भोपाल से गिने चुने प्रोफेसरों को ही भोपाल से भेज सका। इसमें भी हास्यास्पद यह है कि प्रशासकीय आधार पर भोपाल के कालेजों से 9 सहायक प्राध्यापकों को दूसरे जिलों के कॉलेजों में भेजा गया। वहीं दो को प्रशासकीय और 8 सहायक प्राध्यापकों व एक प्राध्यापक को स्वयं के व्यय पर भोपाल में पदस्थ कर दिया गया। इनके अलावा एक क्रीड़ा अधिकारी, 1 ग्रंथपाल, 1 सहायक ग्रेड-3 भी भोपाल स्थानांतरित किए गए हैं। भोपाल की एक प्रोफेसर का कॉलेज बदला गया है।

### महामंडलेश्वर सुमनानंद को मिली जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**जागरण, उज्जैन।** मंगलनाथ रोड स्थित गंगाघाट श्री मौन तीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर और निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज को जान से मारने की धमकी मिली है, जो एक पत्र के माध्यम से दी गई है। इसमें उदयपुर के टेलर और दिल्ली में ईद के मौके पर युवक की हुई हत्या जैसा हश्र करने की बात कही गई है। जानकारी के मुताबिक धमकी भरा पत्र सोमवार को गंगाघाट श्री मौन तीर्थ पीठ पर पहुंचा। जब इसे मंगलवार को खोला तो उसमें हाथ से लिखा एक पत्र मिला, इसमें महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि के लिए धमकी भरे शब्द लिखे गए हैं। पत्र उत्तर प्रदेश के महू शहर से भेजा गया है। पत्र में नबी की शान में गुस्ताखी का जिक्र करते हुए जहन्नुम पहुंचाने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही लिखा गया है कि तुझे मोदी और मोहन कोई नहीं बचा सकेगा। पत्र मिलने के बाद महामंडलेश्वर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज ने बताया कि पत्र सोमवार शाम को मिला था। इसकी जानकारी उज्जैन एसपी को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सनातन के लिए लगातार काम करने से उन्हें इस तरह की धमकियां मिल रही हैं। इससे पहले उन पर बड़ौदा और उज्जैन में भी हमला हो चुका है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई है।



**इंदौर के 150 साल पुराने ऐतिहासिक मंदिर में सामने आई दिल-दहलाने वाली वारदात**

## नशे में मंदिर आने से टोका तो चौकीदार ने बुजुर्ग ट्रस्टी पर डंडे से 31 वार कर ली जान

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज वारदात हुई। 150 साल पुराने ऐतिहासिक मंदिर में दिल-दहलाने वाली घटना सामने आई है। मंदिर के 70 साल के वयोवृद्ध ट्रस्टी कैलाश मोदी की मंदिर के चौकीदार ने ही पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात में मंदिर के चौकीदार मुकेश शर्मा ने उन पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला किया। पुलिस ने आरोपी चौकीदार को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी शिवेंदु जोशी के मुताबिक, वारदात मंगलवार सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मंदिर का चौकीदार मुकेश शर्मा अत्यधिक शराब पीने का आदी है और वह अक्सर नशे में मंदिर परिसर के भीतर ही लोगों से विवाद करता था। बुजुर्ग ट्रस्टी कैलाश मोदी उसे पहले भी कई बार ऐसी हरकतें न करने की समझाइश दे चुके थे। मंगलवार सुबह जब मुकेश फिर नशे की हालत में मंदिर पहुंचा तो मोदी ने उसे दोबारा समझाने की कोशिश की, लेकिन मुकेश समझाने पर भड़क गया और उसने मोदी को मारने पास ही रखा एक मजबूत डंडा उठा लिया। यह देखकर मोदी अपनी जान बचाने वहां से भागे, लेकिन थोड़ी ही दूरी पर मुकेश ने उन्हें पकड़ लिया और उन पर डंडे से अंधाधुंध वार करना शुरू कर दिया। लहूलुहान मोदी किसी तरह जान बचाने पास स्थित गुरुद्वारे में घुस गए, लेकिन आरोपी पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गया, उसने गुरुद्वारे के अंदर भी मोदी के सिर पर कई हमले किए। चश्मदीदों के अनुसार आरोपी ने मोदी के सिर, हाथ और पैरों पर 31 बार डंडे बरसाए।



**जान बचाने गुरुद्वारे में गए, आरोपी ने वहां भी नहीं छोड़ा**

### सिर में गंभीर चोट, इलाज के दौरान तोड़ा दम

हमले के दौरान सिर में गंभीर और बेहद गहरे घाव होने से कैलाश मोदी अत्यधिक खून बह जाने से मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद स्थानीय लोग और श्रद्धालु उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उनके सिर के घाव इतने गहरे थे कि इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**समीक्षा** भाजपा ने मंडल व जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर की समीक्षा, कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

# पद मिल गए अब काम दिखाने का समय, लक्ष्य अगला चुनाव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को मंडल व जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर समीक्षा की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम अगले विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक सीटें जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का भी ध्यान देना होगा कि कार्यकर्ताओं को पद दिए गए हैं, तो अब उन्हें काम दिखाना होगा और हम सभी का लक्ष्य पार्टी को मजबूत बनाना और प्रदेश में आने वाले समय में प्रस्तावित चुनाव होना चाहिए।

इस प्रशिक्षण वर्ग की समीक्षा बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित दूसरे वक्ताओं ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के बल पर वर्ष 2028 के विधानसभा में सर्वाधिक सीटों पर विजय प्राप्त कर इतिहास रचेगी। प्रदेश संगठन ने जिस गंभीरता और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया है, वह निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा की वास्तविक ताकत हैं। वर्तमान में देश के



लगभग 80 प्रतिशत भू-भाग पर भाजपा और एनडीए की सरकारें हैं। यह किसी राजनीतिक संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास का प्रमाण है। भाजपा में पद परिवार, वंश या विशेषाधिकार से नहीं, बल्कि परिश्रम, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा से प्राप्त होता है।

भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण को जब हम जीवन, व्यवहार और आचरण में उतारते हैं तो समाज को उसका वास्तविक लाभ मिलता है। प्रशिक्षण हमारी पार्टी की सतत चलने वाली कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक दो माह में नियमित रूप से कोर कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। आगामी जुलाई माह में प्रस्तावित कोर कमेटी बैठकों में प्रशिक्षण वर्गों की विस्तृत समीक्षा और अधिक प्रभावी एवं परिणामकारी बनाने के सुझावों पर विशेष चर्चा की जाएगी।

### संगठन को मजबूती देने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना आवश्यक

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली सीख का भाव आप सभी कार्यकर्ताओं के आचरण व व्यवहार में परिलक्षित होना चाहिए। कुछ लोग देश में वंदेमातरम् का गायन करने से परहेज करते हैं, लेकिन यह नया भारत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्व के कई देशों में वंदेमातरम् का गायन हो रहा है। गुजरात के प्रदेश संगठन महामंत्री रत्नाकर ने कहा कि पार्टी संगठन की संरचना को और मजबूती देने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करना आवश्यक होता है। प्रशिक्षण से पार्टी कार्यकर्ताओं के कार्य करने का तरीका बदलता है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के पश्चिम मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी के.सी. पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश का संगठन मंडल और जिला प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षा पर खरा उतरा है। शत-प्रतिशत मंडल प्रशिक्षण वर्ग संपन्न होना मध्यप्रदेश पार्टी संगठन की बड़ी उपलब्धि है। बैठक में पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक, प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश मंत्री राजेन्द्र सिंह, प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश संयोजक विजय दुबे एवं डॉ. अभय यादव मंचासीन रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रशिक्षण अभियान प्रभारी व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एडीएम का रीडर और महिला पटवारी घूस लेते गिरफ्तार, एक दिन में दो ट्रेप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने सिवनी जिले में एडीएम के रीडर को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वह आवेदक के पक्ष में फैसला कराने की एवज में पैसों की मांग कर रहा था। लोकायुक्त एसपी को ग्राम गंगादाना, तहसील छपारा के संतोष सिंह सिसोदिया ने शिकायत में बताया था कि उनकी पैतृक जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत विरोधी पक्ष ने एसडीएम ऑफिस लखनादौन में की थी। इस मामले में संतोष के खिलाफ फैसला आने पर एडीएम कार्यालय में अपील दायर की। अपील को पक्ष में निपटाने एडीएम के रीडर माधव प्रसाद तिवारी 30,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे थे और मोलभाव के बाद 20,000 रुपये में सौदा तय हुआ। मंगलवार को जैसे ही माधव ने एडीएम ऑफिस के पास उपभोक्ता फोरम बिल्डिंग के पोर्च में रिश्वत की रकम ली, वैसे ही उसे लोकायुक्त की टीम ने दबोचकर घूस में दिए नोट बरामद कर लिए।



### घर बुलाकर किसान से घूस लेती महिला पटवारी अरेस्ट

इधर, लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने दूसरी कार्रवाई करते हुए धार जिले की बदनावर तहसील के खेरवास गांव में पदस्थ महिला पटवारी को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। गांव के किसान सुरेश सिंह पंवार की 12 बीघा खेती की जमीन के बगल में स्थित सरकारी जमीन, सड़क की नपती और जमीन का सीमांकन कराने के लिए पटवारी कला भट्ट ने 15,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। महिला पटवारी ने मंगलवार को किसान को घूस की रकम लेकर बदनावर स्थित अपने घर पर बुलाया। यहां जैसे ही कला भट्ट ने रिश्वत की पहली किस्त के 10,000 रुपये लिए, वैसे ही टीम ने दबिश देकर रिश्वत की राशि जब्त कर ली। महिला पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और इसकी जानकारी जिले के कलेक्टर को भेज दी गई।

# सीएम हेल्पलाइन : आगामी दो दिनों में करें शिकायतों का निराकरण : अपर कलेक्टर



## जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की एंट्री में लापरवाही नहीं चलेगी : सीईओ

**जागरण मंडला।** जिला योजना भवन में बुधवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने विभागवार कार्यों की प्रगति जानी और जरूरी निर्देश दिए।

**तीन दिन बाद आएगी सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग, तेज करें काम :** अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की नई रैंकिंग जारी होने में सिर्फ तीन दिन बचे हैं। सभी विभाग दो दिन में अधिकतम शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। 50 दिन से ज्यादा लंबित शिकायतों को भी नियमानुसार बंद कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निम्न गुणवत्ता वाले प्रकरणों को संबंधित जिलाधिकारी री-ओपन कराकर संतुष्टि के साथ क्लोज करें। बैठक से गैरहाजिर जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

**जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की एंट्री 'चिंताजनक' :** सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत और मुख्यालय स्तर पर लगे शिविरों में मिले सभी आवेदनों की एंट्री गुरुवार तक हर हाल में कर दी जाए। एंट्री की स्थिति चिंताजनक है।

**कृषि तथा संबद्ध विभागों की बैठक की तैयारी की समीक्षा :** कृषि एवं संबद्ध विभागों की प्रस्तावित समीक्षा बैठक को लेकर सीईओ श्री मीना ने कहा कि सभी जिलाधिकारी निर्धारित फार्मेट में अपना प्रेजेंटेशन तैयार करें। साथ ही पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन भी बिंदुवार बनाकर लाएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया, कृषि व अन्य विभागों के जिला प्रमुख योजना भवन में मौजूद रहे। समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद, सीडीपीओ, बीईओ, सीएमओ और बीएमओ वीसी के जरिए बैठक से जुड़े।

# चंद्रकांता चड्ढा आईटीआई के छात्रों ने किया ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण



**कटनी।** चंद्रकांता चड्ढा प्राईवेट आईटीआई कटनी के फिटर ट्रेड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक एवं तकनीकी ज्ञान के उद्देश्य से ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फैक्ट्री में संचालित विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनों तथा धातुओं से वस्तुओं के निर्माण की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान एचआरडी सेक्शन के अधिकारी सी.एल.सूर्यवंशी, जेडब्ल्यूएमक्यूए जे. पी.उइके तथा आतिश राज द्वारा विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया गया। अधिकारियों ने फैक्टी में हो रही विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा धातुओं के चयन से लेकर तैयार उत्पाद के निर्माण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को विस्तारपूर्वक समझाया। चड्ढा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संरक्षक डॉ.जय चड्ढा एवं डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा ने छात्र छात्राओं को शैक्षाणिक भ्रमण के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस शैक्षाणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना तथा औद्योगिक वातावरण से परिचित कराना है जिससे वे अपने तकनीकी कौशल को और अधिक विकसित कर सकें। यह शैक्षाणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर चंद्रकांता चड्ढा प्रा.आईटीआई कटनी के प्राचार्य विकास मिश्रा तथा प्राध्यापकगण सुनील कुमार मथुरिया, सुमित कुमार गुप्ता, आरिफ खान एवं सहायक स्टाफ आशा गुप्ता, सुशील दुबे गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जवा को जिला बनाने की मांग को लेकर हजारलिंगी धाम गोहटा में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**जवा ब्यूरो।** रीवा जिले के जवा तहसील को जिला बनाने की मांग एक बार पुनः मुखर होती नजर आ रही है। संवाददाता को गोपाल सिंह बघेल अधिवक्ता हाई कोर्ट जबलपुर ने बताया कि जवा जनपद पंचायत अंतर्गत हजारलिंगी धाम गोहटा में मानव कल्याण, जनकल्याण एवं जवा को जिला बनवाने की मांग को लेकर भगवान शिव के पावन पंचाक्षरी महामंत्र नमः शिवाय का 21 दिवसीय अखंड नाम संकीर्तन का 24 मई 26 से प्रारंभ किया गया था जिसका समापन 14 जून को किया गया। समापन उपरांत अमावस्या एवं पुरुषोत्तम अधिक मास सोमवार को समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन सुवह 11 बजे से देर शाम 7 बजे तक किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये। आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने बताया कि समस्त मानव जनकल्याणार्थ एवं जवा को जिला बनाने की मांग को लेकर 21दिवसीय ओंम नमः शिवाय का अखंड जाप किया गया एवं समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही धार्मिक आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मंगलेश्वर सिंह, स्वामी संत शरण जी महराज, देवेंद्र मिश्रा, नत्थू पांडेय, धनेंद्र द्विवेदी, इंद्र बहादुर सिंह, पारस नाथ नामदेव, दीपू तिवारी ,घनश्याम सिंह सहित हजारों की संख्या में धर्मानुरागी भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# चाकघाट बार्डर में दूध का अवैध परिवहन करते टैंकर जब्त नंबर प्लेट भी था गायब

**त्योंथर ब्यूरो।** एमपी से यूपी की ओर बिना नंबर प्लेट अवैध रूप से दूध का परिवहन कर रहें एक टैंकर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पकड़ा गया है। जहां परिवहन संबंधित किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर टैंकर को जब्त कर लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश द्विवेदी द्वारा संवाददाता को बताया गया कि काफी समय से गुणवत्ता विहीन एवं अवैध दूध परिवहन का शिकायत प्राप्त हो रहा था। जिसके उपरांत चाकघाट बॉर्डर में एक



दूध लोड टैंकर के जांच उपरांत वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर टैंकर को जब्त कर कार्यवाही किया गया है। बताया गया कि गुणवत्ता जांच हेतु दूध का सेंपल भी लिया गया है और खाली टैंकर को थाने में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दूध की खेप नंद डेरी नारीबारी प्रयागराज ले जाया जा रहा था। जहां टैंकर वाहन मालिक अंजू पति मिथलेश कुमार ग्राम थम्बा कौशांबी और नंद डेरी के संचालक नंदजी यादव के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही जारी है।

# नगर पालिका परिषद् मंडला एवं जनपद पंचायत मंडला के संयुक्त जनकल्याण शिविर का समापन

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में 863 प्रकरणों का हुआ निराकरण




**जागरण मंडला।** नगर पालिका परिषद् मंडला एवं जनपद पंचायत मंडला के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका परिषद् टाउनहॉल में 15 जून से 17 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविर का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम नगर पालिका परिषद् मंडला के अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना था। समापन अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

### हितलाभ वितरण

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 01 क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। 15 हजार के 20, 25 हजार के 06 तथा 50 हजार के 10 ऋण प्रकरणों सहित कुल 9.50 लाख की राशि वितरित की गई। पेंशन योजना के 10 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित की गई। 01 दिव्यांग हितग्राही को ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। संबल योजना के तहत 06 हितग्राहियों को कुल 12 लाख की सहायता राशि तथा 01 हितग्राही को 5,000 की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, विश्व पर्यावरण पखवाड़ा (05 जून से 21 जून) के अंतर्गत 500 से अधिक पौधरोपण अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्व-सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छता सेवाएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति कर, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित कुल 863 प्रकरणों का निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, पार्षद श्री सुधीर मिश्रा एवं सुश्री कृतिका चौरसिया, जनपद पंचायत मंडला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानन नाफड़े, तहसीलदार श्री अजय श्रीवास्तव, उपयंत्री सुश्री रुखसार अली एवं सुश्री प्रीति घरते, सिटी मिशन मैनेजर श्री महेंद्र सिंह सनोडिया, श्री मुबीन अहमद, सुश्री पूजा यादव, सामुदायिक संगठक श्रीमती आशु मरावी एवं श्री विकास पटेल, प्रभारी योजना श्री अजय बरकड़े एवं श्री प्रकाश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूहों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# अग्रहरि वैश्य समाज का परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह 21 जून को

**गुढ़ ( नि. प्र )।** मध्यप्रदेश अग्रहरि वैश्य समाज द्वारा 21 जून 2026, रविवार को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम, सिरमौर चौराहा रीवा में विशाल परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह समारोह, युवक-युवती, विधवा, विकलांग एवं परित्यक्ता महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश अग्रहरि समाज जिला इकाई रीवा के तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे श्री गणेश पूजन, महाराजा अग्रसेन जी के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ होगी। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय के साथ उनके परिजनों के आपसी संवाद हेतु पृथक बैठक व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। वहीं राष्ट्रीय अग्रहरि समाज के अध्यक्ष विदुप अग्रहरि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता केदार प्रसाद गुप्त करेंगे। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अभिनंदन तथा सामूहिक विवाह का आयोजन विशेष आकर्षण रहेगा। समाज द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश अग्रहरि समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक शिवप्रसाद अग्रहरि ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में विवाह योग्य युवक-युवतियों सहित सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता, वैवाहिक परिचय एवं समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक संचालित होगा। समाज के सभी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।



# नदी से गौवंशों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला

**डभौरा नि.प्र.।** रीवा जिले के नगर परिषद डभौरा के कोटा नदी में दो गौवंश फंसे हुए थे, जिसकी सूचना चरवाहों ने श्री गौदर्शन लोक कल्याण संस्था नगर परिषद डभौरा संचालित गौशाला के संचालक जयप्रकाश साहू को दी। संवाददाता को उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा तत्काल गौसेवकों के साथ नदी में पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर गौवंशों को सुरक्षित निकालकर गौशाला पहुंचाया। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने गौशाला संचालक और कर्मचारियों की प्रशंसा की।

# जनकल्याण शिविर में जनपद अध्यक्ष ने ही सौंपा आवेदन

## जनपद की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की उठाई मांग



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** जनपद पंचायत नईगढ़ी परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर में उस समय अलग स्थिति देखने को मिली जब आम जनता की तरह स्वयं जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी भी अपनी मांगों और दस्तावेजों के साथ अधिकारियों के समक्ष पहुंचीं। उन्होंने तहसीलदार नईगढ़ी के माध्यम से कलेक्टर मऊगंज को एक विस्तृत आवेदन सौंपते हुए जनपद पंचायत की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के बावजूद अब तक जनपद पंचायत की भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

**सरकार पंचायतों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना चाहती है :** जनपद अध्यक्ष ने संवाददाता को बताया कि मध्य प्रदेश सरकार तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मंशा ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायतों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की है। इसी उद्देश्य से सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर जनपद पंचायत की भूमि का सीमांकन कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया गया था, ताकि भविष्य में वहां निर्माण एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से आय के स्रोत विकसित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत को वित्त आयोग मदों से सीमित राशि प्राप्त होती है, जिससे बैठक, बिजली बिल और अन्य प्रशासनिक खर्चों का संचालन किया जाता है। यदि जनपद पंचायत की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर व्यवस्थित रूप से उपयोग में लाया जाए तो संस्था अपनी आय बढ़ाकर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

# विश्व सिकल सेल एनीमिया जागरूकता शिविर 19 को



**रीवा।** 19जून को आयुष विंग कुशाभाऊ ठाकरे ज़िला चिकित्सालय बिछिया रीवा में विश्व सिकल सेल जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का समय सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस शिविर में आने वाले सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा। सिकल सेल से पीड़ित मरीजों में खून की कमी हो जाती है, लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती है। मरीजों को कमज़ोरी होने लगती है। ज़िला आयुष अधिकारी डॉ.शारदा मिश्रा ने सभी हितग्राहियों से शिविर में आने की अपील की है।

# मानसिक रूप से कमजोर युवक का 5 दिन से नहीं लगा सुराग



**गोविन्दगढ़, ब्यूरो।** गोविन्दगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गहिरा निवासी 36 वर्षीय युवक विपिन गौतम पिछले 5 दिनों से लापता है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आमजन से तलाश में सहयोग की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपिन गौतम, पिता राजेन्द्र गौतम, निवासी ग्राम गहिरा, दिनांक 8 जून 2026 को घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।द परिजनों ने बताया कि विपिन गौतम मानसिक रूप से कुछ कमजोर है, जिससे उसकी सुरक्षा को लेकर परिवार की चिंता और बढ़ गई है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है तथा युवक की तलाश जारी है। परिजनों ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को विपिन गौतम के संबंध में कोई जानकारी मिले या वह कहीं दिखाई दे, तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाने अथवा परिजनों को सूचित करें।

# जनकल्याण शिविर में विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का हुआ पंजीयन

## पात्र लोगों को मिले योजनाओं का लाभ : सिद्धार्थ



**त्योंथर ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा एनडीए सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संगठन के निर्देशानुसार त्योंथर विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्रामगृह में विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' के नेतृत्व में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जनकल्याण शिविर में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में क्षेत्रीय जनों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिनके समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। शिविर के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को प्रदान की गई। साथ ही आयुष्मान भारत योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सूर्य घर योजना, लखपति दीदी योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि आज शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन का विश्वास शासन व्यवस्था में और अधिक मजबूत हुआ है। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में त्योंथर विधानसभा भी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

# एमपीआईडीसी के अधिकारियों ने सीबीजी प्लांट का किया स्थल निरीक्षण

**त्योंथर ब्यूरो।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की सभापति डॉ. संगीता शर्मा ने एमपीआईडीसी (मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम) के अधिकारियों अनिल सिंह एवं अभिलाष मिश्र, जनपद सदस्य वेद प्रकाश तिवारी के साथ रीवा जिले स्थित त्योंथर तहसील में घोषित औद्योगिक क्षेत्र ग्राम पंचायत टगहा ग्राम बरौ मे 12 हेक्टेयर मे आइओसीजीपीएस रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा लगाये जाने वाले सीबीजी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर घुशुरूम की एमपीआइडीसी को आवंटित भूमि का अवलोकन कर अधिकारियों से सीमांकन कराकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम बरौ उद्योग स्थापना क्षेत्र में पूर्व से रह रहे चिन्हित विस्थापित परिवारजनों से सभी पहलुओं पर चर्चा कर अधिकारियों को विस्थापन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का निर्देश देते हुए प्रभावित परिवारों को पूरा सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। सभापति डॉ. संगीता शर्मा ने कहा कि त्योंथर तहसील में रोजगारपरक औद्योगिक विकास हमारी समिति की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास तथा उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को अपने तहसील में ही रोजगार मिलेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। डा.संगीता ने कहा कि हमारी उद्योग समिति लगातार औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा निवेश आकर्षित करने की दिशा में रीवा एवं मऊगंज जिले में लगातार कार्य कर रही है। कई बड़ी परियोजनाएं क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जनपद सदस्य वेद प्रकाश तिवारी ने कहा कि त्योंथर के ग्रामीणांचल मे बड़े उद्योगों का आगमन विकास की नई इबारत लिख सकता है।



# महाराजा छत्रसाल जयंती पर पन्ना ने किया गौरव का स्मरण

## माल्यार्पण से लेकर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तक दिनभर रहे आयोजन





**जागरण, पन्ना ।** बुंदेलखंड के गौरव, वीर शिरोमणि एवं स्वतंत्रता के महानायक महाराजा छत्रसाल की जयंती बुधवार को पन्ना नगर में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती के अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने छत्रसाल पार्क और धरमसागर तालाब स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प को लेकर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सुबह महाराजा छत्रसाल जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पन्ना नगर स्थित छत्रसाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे सहित प्रणामी संप्रदाय के गणमान्य नागरिकों ने महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा छत्रसाल ने बुंदेलखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और धर्म की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और त्याग आज भी नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।इसके बाद धरमसागर तालाब स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना की पहचान महाराजा छत्रसाल की वीरता और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी हुई है तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन चरित्र से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। इसी क्रम में नगर के छत्रसाल स्टेडियम पहुंचकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं और रात्रिकालीन खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु स्थापित की जा रही फ्लड लाइट व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि खेल प्रतिभाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत संकल्प को लेकर टाउन हॉल पन्ना में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और विकसित भारत का संकल्प जनभागीदारी से ही साकार होगा।खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देगा।पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का आत्मविश्वास बढ़ा है और विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी परांजपे ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में सहभागिता और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।महाराजा छत्रसाल जयंती के गौरवपूर्ण आयोजनों और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के माध्यम से पन्ना नगर में इतिहास, संस्कृति, विकास और राष्ट्र निर्माण का संदेश एक साथ देखने को मिला। कार्यक्रम मे बृजेन्द्र मिश्रा जिलाध्यक्ष बीजेपी , श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत (प्रदेश महामंत्री), श्रीमती स्मृति जैन (सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदेश महिला मोर्चा), जय प्रकाश चतुर्वेदी,ब्रज मोहन जड़िया ,राम बिहारी चौरसिया,मीना राजे परमार, श्रीमती मीना पांडे, आशा गुप्ता, शशि परमार, कमल लालवानी, पूनम यादव, माधवेंद्र सिंह, भास्कर पांडे, आशीष तिवारी, कैलाश गुप्ता, धीरेंन्द्र वाजपेई, अरुण चौरसिया, प्रशांत चतुर्वेदी, संगीता राय, राजेंद्र कुशवाहा, अमृता खरे, रवि पांडे, रत्नेश पटैरिया, अमन सेन, सोनू राजा, राकेश गुप्ता, रविंद्र शुक्ला एवं मनोज केसरवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खेती की जमीन नीलामी में लेने के बाद नहीं मिला कब्जा कलेक्टर से लगाई गुहार

**जागरण, पन्ना ।** तहसील अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में शासकीय जमीन है जिसकी नीलामी शासन द्वारा की जाती है तथा नीलामी की रकम शासकीय कोष में जमा होती है उक्त जमीन किसान अरविंद सिंह यादव द्वारा 42000 की राशि शासकीय कोष में जमा की गई थी जिसकी वकायदा रसीद भी उपलब्ध है उसके बावजूद स्थानीय अधिकारियों द्वारा संबंधित किसान को कब्जा नहीं दिलाया गया जिससे किसान भारी परेशान है मामले को लेकर पीड़ित किसान अरविंद सिंह यादव ने पन्ना कलेक्टर की जनसुनवाई में लिखित आवेदन देकर नीलम की गई जमीन दिलाए जाने की मांग की है उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2025 में ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित शासकीय जमीन जिसका रकवा लगभग 16 एकड़ था उस जमीन को उसके द्वारा नीलामी में 42000 में 1 वर्ष के लिए जमीन ली गई थी और उसके द्वारा तुरंत ही 42000 शासकीय कोष में जमा करवाए गए थे यह नीलामी तहसील कार्यालय पन्ना में 2025 में हुई थी और उस समय संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे इसके बाद पीड़ित को कब्जा दिलाने के लिए कहा गया लेकिन आज दिनांक तक उसको कब्जा नहीं दिलाया गया और पीड़ित ने बार-बार संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि उसे जमीन का कब्जा दिलाया जाए अधिकारी उसको आश्वासन देते रहे लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज दिनांक को उसको ना जमीन का कब्जा मिला और ना ही उसके जमा किए हुए बयालीस हजार रुपए मिले इस कारण पीड़ित ने पन्ना कलेक्टर की जनसुनवाई में लिखित शिकायत की है उसके साथ न्याय किया जाए और उसे जमीन का कब्जा दिलाया जाए क्योंकि यह जमीन 1 वर्ष के लिए उसे नीलामी में दी गई थी।

# सर्पदंश से वृद्धा की मौत, मामला सिजहटी गांव का



**पन्ना ।** शाहनगर थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत टिकरिया के समीप सिजहटी गांव में सर्पदंश से एक वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान श्रीमती बड़ी बहू राठौर, पति रूपलाल राठौर, उम्र 60 वर्ष, निवासी सिजहटी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक महिला बुधवार की दोपहर लगभग 2 बजे घर में थी, तभी काले सांप पर पैर पड़ जाने से सांप ने दंश मार दिया। परिजन तत्काल उन्हें शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर आशीष तिवारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मामले की सूचना शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से थाना शाहनगर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को सुरक्षित मर्चुरी केन्द्र शाहनगर मे रखवा दिया है शाहनगर टी आई परसुराम डाबर ने बताया सायं होने पर गुरूवार को पी एम कराया जायेगा शाहनगर बीएमओ डा0 सर्वेश लोधी ने बारिश के मौसम में सांप-बिच्छू निकलते हैं। रात में टॉर्च लेकर चलें, घर-आंगन में झाड़-झंखाड़ साफ रखें। सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक के चक्कर में समय न गंवाएं, तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

# नगर कांग्रेस कमेटी पन्ना ने मनाई महाराणा प्रताप एवं वीर केसरी महाराजा छत्रसाल जी की जयंती

**पन्ना ।** नगर कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप एवं बुंदेलखंड के गौरव वीर केसरी महाराजा छत्रसाल जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस जनों छात्र छात्राओं के बीच पहुंचकर महाराज छत्रसाल एवं महाराणा प्रताप जी की वीर गाथा का वर्णन किया एवं दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन एवं आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया तथा वीर केसरी महाराजा छत्रसाल ने बुंदेलखंड की अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके त्याग, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम से आज भी युवाओं को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में भाईचारे, एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष श्री अनीश खान, पुरुषोत्तम जड़िया,राज बहादुर पटेल ,दीपक तिवारी , कदीर खान,वैभव थापक,स्वतंत्र अवस्थी,सौरभ पटेरिया, रियासत खान, आकाश जाटव एवं कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन,युवा कांग्रेस एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में कुशल वक्ता समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद खरे हुए सम्मानित

**पन्ना ।** कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक मेधावी छात्र सम्मान समारोह उस समय ऐतिहासिक पल में बदल गया, जब समाज मंच पर समाजसेवी रामेश्वर खरे को सम्मानित किया गया जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज को सींचने में जीवन समर्पित कर दिया। इस बार की महफिल की चमक तब और बढ़ गई जब शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के प्रभारी व समाज के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद खरे के नाम की घोषणा सम्मान के लिए की गई। समारोह में मौजूद लोग उस वक्त सम्मोहित रह गए जब हमेशा की तरह श्री खरे ने अपनी जादुई आवाज और बेहतरीन मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम में जान फूंक दी। उन्होंने न सिर्फ कार्यक्रम को बेहद रोचक और जीवंत बनाया, बल्कि मंच से अपनी ओजस्वी वाणी द्वारा बच्चों में ऐसा जोश भरा कि पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। श्री खरे के इस अभूतपूर्व योगदान, अथक परिश्रम और बच्चों का उत्साहवर्धन करने की कला से गदगद होकर कायस्थ समाज के अध्यक्ष बिंदु कुमार खरे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने भरे मंच पर पूरी गर्मजोशी के साथ रामेश्वर खरे को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष द्वारा किए गए सम्मान को देखकर कार्यक्रम में मौजूद कायस्थ समाज के सभी सदस्यों के चेहरे खिल उठे।

# पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा पुलिस लाइन परिसर पन्ना में आधुनिक बैरक निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन



**जागरण, पन्ना ।** म.प्र.पुलिस बल के आवासीय एवं आधारभूत संसाधनों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज पुलिस लाइन परिसर,पन्ना में नवीन बैरक निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। प्रस्तावित बैरक का निर्माण मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 1 करोड़ 84 लाख रुपये है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैरक मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल (एस.ए.एफ.) के जवानों की आवासीय क्षमता के अनुरूप निर्मित किया जाएगा। भवन में एक समय में 60 जवानों के ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ कंपनी कमांडर हेतु पृथक कार्यालय कक्ष निर्मित किए जाएंगे। बैरक में पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त वेंन्टिलेशन, स्वच्छता संबंधी सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू ने कहा कि पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय एवं कार्य वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। नवीन बैरक के निर्माण से पुलिस जिला में पदस्थ एस.ए.एफ जवानों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक आवासीय सुविधा प्राप्त होगी, जिससे उनके मनोबल एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

# लाभार्थी के घर पहुंचे सांसद वीडी शर्मा, दिव्यांग युवक को तत्काल दिलाई ट्राई साइकिल

## सिद्धनाथ धाम के विकास कार्यों का लिया जायजा अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** खजुराहो सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदत्त शर्मा ने अपने पन्ना प्रवास के दौरान जनसंपर्क, विकास कार्यों के निरीक्षण एवं हितग्राहियों से मुलाकात कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुनौर विधानसभा क्षेत्र के कल्दा श्यामगिरि पहुंचकर वृक्षारोपण किया तथा क्षेत्र के धार्मिक एवं विकास संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। प्रवास के दौरान सांसद शर्मा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्धनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल फोन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वे अनुसूचित जाति वर्ग के एक हितग्राही परिवार के घर पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों से योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। परिवार के युवक डब्लू चौधरी ने सांसद को बताया कि एक सड़क दुर्घटना में उसका एक पैर कट गया था। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से उसका इलाज तो हो गया, लेकिन उसे अब तक ट्राई साइकिल उपलब्ध नहीं हो सकी थी, जिससे दैनिक जीवन में उसे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। युवक की समस्या सुनते ही सांसद शर्मा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा की और मौके पर ही उसे ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। सांसद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांग युवक को शासन की सभी पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि वह आत्मनिर्भर जीवन जी सके। सांसद द्वारा की गई इस त्वरित पहल से युवक एवं उसके परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने भी सांसद शर्मा के इस जनहितैषी और संवेदनशील व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार सीधे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त की अर्थी यात्रा आज



**जागरण, पन्ना ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चल रहे तीन दिवसीय विरोध कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कांग्रेस पन्ना द्वारा लोकतंत्र एवं संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा हेतु एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। महिला कांग्रेस नेत्री श्रीमती आस्था तिवारी के नेतृत्व में दिनांक 18 जून 2026, गुरुवार को दोपहर 3~30 बजे जगात चौकी-डायमंड चौक चौराहा, पन्ना जिला मुख्यालय से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रतीकात्मक अर्थी यात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर पुतला दहन एवं लोकतंत्र बचाओ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महिला कांग्रेस का मानना है कि राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की भावना पर गंभीर प्रहार है। इसी के विरोध में यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। अतः महिला कांग्रेस पन्ना जिले की समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, कांग्रेसजनों एवं लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों से अपील करती है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं तथा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करें।

## एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे लोग

**मझगवां।** कहने को ग्राम पंचायत है लेकिन यहां पर साधन नगर पंचायत के है न्यायालय एसडीएम कोर्ट जनपद पंचायत तहसील का मुख्यलय है लेकिन यहां मिलेगा कुछ नहीं कहने को नेताजी लोग और यहां के निवासी चित्रकूट के प्रमुख द्वार के नाम से भी पुकारते हैं यहां पर ट्रेन का भी साधन है कई एक्सप्रेस गाड़ी के एस्टापेज है लेकिन मौके मे आपको यहां कुछ भी नहीं मिलेगा ।एक एक बूंद पानी के लिए परेशान यात्री टायलेट के लिए परेशान महिला और बच्चे भटकते नजर आयेंगे और या तो खुले में शौच करते नजर आएंगे एक तरफजिले के और यहां पर पदस्थ अधिकारी महात्मा गांधी के बन्दर बनकर बैठे और सता में बिराजमान नेता विकास यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन उनको ना जाने क्यों आम जनता से जुड़ी समस्या दिखाई नहीं देती मझगवा नगर के अन्दर रहने वाले नरक का जीवन जीने को मजबूर है पानी को तरसते लोग बजबजाती नालिया और अंधेरे में डूबा नगर यहां की पहचान बन गई है मजेदार बात यह है कि वर्तमान में नगर के ही निवासी जनपद अध्यक्ष है और नगर के ही निवासी ग्राम पंचायत के सरपंच है और तो और भाजपा के जाने माने नेता हैं ।

# दक्षिण पन्ना वनमंडल में सागौन रूटशूट रोपण का वैज्ञानिक प्रशिक्षण आयोजित

**जागरण, पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल के अंतर्गत आगामी वर्षाकालीन रोपण कार्यों को अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सागौन स्टंप (रूटशूट) रोपण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वनपरिक्षेत्र रैपुरा में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सागौन रोपण की उन्नत तकनीकों से मैदानी अमले को अवगत कराना तथा रोपण की जीवितता दर (सर्वाइवल रेट) में वृद्धि सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में वन विकास निगम, कुंडम के अनुभवी वनपरिक्षेत्र अधिकारी पी. वेणुगोपाल नायडू मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अक्षत जैन (भारतीय वन सेवा), उपवनमंडल अधिकारी पवई तथा विवेक कुमार जैन, वनपरिक्षेत्र अधिकारी रैपुरा भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में रैपुरा, मोहंद्रा, पवई एवं सलेहा वनपरिक्षेत्रों के रोपण प्रभारी, परिक्षेत्र सहायक तथा रैपुरा वनपरिक्षेत्र के मैदानी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान श्री नायडू ने सागौन स्टंप के वैज्ञानिक चयन, जड़ एवं तने के उपयुक्त अनुपात, क्रोबार डिग की मानक माप एवं दूरी, मृदा उपचार, दीमक नियंत्रण तथा खाद प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री एवं सही रोपण पद्धति के महत्व पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के व्यावहारिक सत्र में सभी प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर सागौन स्टंप रोपण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। वनकर्मियों से स्वयं गड्ढों की तैयारी एवं रोपण कार्य करवाया गया तथा रोपण उपरांत देखभाल एवं संरक्षण की तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों की तकनीकी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे उन्हें कार्य के व्यावहारिक पहलुओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई।



कार्यक्रम के समापन पर उपवनमंडल अधिकारी अक्षत जैन एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार जैन ने सभी रोपण प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में सीखी गई वैज्ञानिक तकनीकों का आगामी रोपण कार्यों में प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण मानसून सत्र के दौरान सागौन रोपण की गुणवत्ता एवं सफलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा दक्षिण पन्ना वनमंडल में वानिकी विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

# मंदिर परिसर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार तथा अनियमितता : रमा बुंदेला

## नगर पालिका पन्ना के भ्रष्टाचार को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने की पत्रकार वार्ता




**जागरण, पन्ना ।** नगर पालिका पन्ना द्वारा बुंदेलखंड के आराध्य भगवान जुगल किशोर लोक निर्माण के कार्यों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं अनियमितताएं की जा रही हैं तथा नगर में किए जा रहे अन्य कार्यों में भी लगातार नगर पालिका द्वारा करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है उक्त मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला ने नगर पालिका अध्यक्ष सांसद तथा क्षेत्रीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक कार्यों मे भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है श्री जुगल किशोर मंदिर में पूर्व से टाइल्स मार्बल तथा अन्य संरचना बनी हुई थी जिन्हें तोड़कर कमीशन खाने के चक्कर में फिर से मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है। जबकि प्राचीन ऐतिहासिक संरचनाओं को किसी प्रकार से क्षति नहीं पहुंचाई जा सकती है लेकिन शासन द्वारा दी गई करोड़ों की राशि को ठिकाने लगाने के चक्कर में यह सारा खेल चल रहा है पंचम सिंह चौराहा के पास चार बार भगवान श्री जुगल किशोर जी मंदिर का स्वागत द्वार तोड़कर बनाया गया तथा चारों बार उसमें शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया इसी प्रकार मंदिर के सामने धर्मशाला एवं परिसर को तोड़कर तीन मंजिला भवन खड़ा कर दिया गया जबकि मंदिर परिसर के सामने पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है पार्किंग बनाई जाती तो बेहतर होता उन्होंने संपूर्ण मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। इसके अलावा नगर के मठिया तालाब को सौंदर्य करण के नाम पर एक करोड़ 36 लाख की राशि खर्च की जा रही है तथा तालाब की मेड को इसलिए चौड़ीकरण किया जा रहा है क्योंकि नगर पालिका अध्यक्ष के पति विष्णु पांडे एवं अन्य भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा जमीन खरीद कर प्लाटिंग की जा रही है एवं मैरिज गार्डन आदि बनाए जा रहे हैं उक्त कार्य के लिए नगर पालिका के टैक्स की शासकीय राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है नगर पालिका द्वारा कायाकल्प के तहत नगर में कोतवाली चौराहा से अजयगढ़ चौराहा तक 4 करोड़ की सड़क का निर्माण किया गया जिसमें सड़क की चौड़ाई कम कर दी गई और राशि निपटा दी गई नगर के अंदर मोहन निवास नहर पट्टी में पाथवे निर्माण एवं नाला सफ़ाई के नाम पर 3 करोड़ से अधिक की राशि आधा अधूरा निर्माण कराकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया जबकि उक्त कार्य अत्यंत घटिया एवं गुणवत्ता हीन हैं ।

# विकास, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्षों पर भाजपा की प्रबुद्धजन संगोष्ठी संपन्न




**जागरण, पन्ना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा *विकास और जनकल्याण* विषय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में नगरीय विकास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम में सांसद बी डी शर्मा, विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व खनिज मंत्री,अश्वनी परांजपे भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के शुरुआत में जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र मिश्रा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया इसके बाद लोकप्रिय पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी लोगों को ओर जिले वासियों को छत्रसाल जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि मोदी जी की योजनाओं से 12 साल में ऐसी कई शासकीय योजनाएं रही जिससे सबका साथ सबका विकास के मंत्र को आत्मसात करते हुए मोदी जी ने इन 12 वर्षों में विकास की इबादत लिखी ह सांसद बी डी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत अभियान तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# परिक्षेत्र में बाल हृदय उपचार की तस्वीर बदलती एनसीएल की नन्हा सा दिल पहल

## सिंगरौली की किसान पुत्री प्रांजली की प्रेरक दास्तां

जागरण, सिंगरौली

जिले के सरई ग्राम की छह वर्षीय बालिका प्रांजली प्रजापति का परिवार कृषि कार्य पर निर्भर है। लगभग 5000- 6000 की मासिक आय में इस परिवार का जीवन.यापन होता है। प्रांजली को लंबे समय से शीघ्र थकान बार.बार बीमार पड़ने तथा अन्य बच्चों के साथ सामान्य गतिविधियों में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। उसके माता.पिता समय.समय पर उसे निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाते रहे किंतु उसकी बीमारी का सही कारण ज्ञात नहीं हो सका। यह परिवार भी ग्रामीण भारत के अनेक परिवारों की भाँति जन्मजात हृदय रोग से अनजान था। उनके लिए स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल तक पहुँच एवं उन्नत उपचार की लागत वहन करना संभव नहीं था। स्थितियां तब बदली जब प्रोजेक्ट नन्हा सा दिल एनसीएल के अंतर्गत बाल हृदय जांच दल उनके गांव पहुँचा। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सहयोग तथा श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल द्वारा संचालित इस परियोजना के तहत ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों की हृदय संबंधी जांच की जाती है। राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के सहयोग से आयोजित जांच शिविर में चिकित्सकों ने हृदय रोग की आशंका व्यक्त करते हुए प्रांजलि को आगे की जांच हेतु रेफर किया। कुछ समझाइश के बाद प्रांजलि के पिता संतोष उसे नन्हा सा दिल एनसीएल् कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी देवसर में आयोजित इको जांच शिविर में लेकर पहुंचे। वहां श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा किए गए इकोकार्डियोग्राम में यह पुष्टि हुई कि प्रांजलि के दिल में छेद है। इस जानकारी से परिवार में निराशा छा गई उनके लिए दवाइयों का खर्च उठाना ही कठिन थाए ऐसे में ऑपरेशन यात्रा भोजन और आवास की व्यवस्था करना उनकी कल्पना से भी परे था। वे अपनी बेटी के भविष्य को लेकर लगभग आशा खो चुके थे। इसी कठिन समय में नन्हा सा दिल एनसीएल् सीएसआर प्रकल्प आशा की किरण बनकर सामने आया। प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों ने परिवार को आश्वस्त किया कि उपचार से जुड़ा पूरा खर्च एनसीएल द्वारा वहन किया जाएगा और उनकी बच्ची को स्वस्थ बनाकर घर वापस भेजना अब उनकी जिम्मेदारी होगी। इसके बाद परिवार को किसी भी स्तर पर अकेला नहीं छोड़ा गया। परामर्श यात्रा आवास उपचार तथा उपचारोपरांत देखभाल सहित सभी व्यवस्थाएं नन्हा सा दिल .एनसीएल के माध्यम से की गईं। प्रांजलि के दिल का ऑपरेशन हरियाणा के पलवल स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में पूर्णतः निःशुल्क हुआ। आज प्रांजलि अपने गांव लौट चुकी है। वह नियमित रूप से स्कूल जाती है अपने मित्रों के साथ खेलती है और एक सामान्य एवं स्वस्थ बचपन का आनंद ले रही है। उसकी कहानी उन सैकड़ों बच्चों की कहानियों में से एक है जिनके जीवन में नन्हा सा दिल एनसीएल् पहल ने सकारात्मक बदलाव लाया है।




### बाल स्वास्थ्य के लिए एक राष्ट्रीय अभियान

गौरतलब है कि एनसीएल की यह पहल कोल इंडिया लिमिटेड सीआईएल द्वारा शुरू किए गए व्यापक नन्हा सा दिल् कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे इसकी विभिन्न अनुषंगी कंपनियों . एनसीएल एसईसीएल सीसीएल तथा डब्ल्यूसीएल में संचालित किया जा रहा है।पिछले दो वर्षों में इस पहल के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के 1.75 लाख से अधिक ग्रामीण एवं जनजातीय बच्चों की जांच की गई है तथा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित लगभग 1.400 बच्चों के उपचार को संभव बनाया गया है। इस कार्यक्रम की विशेषता इसकी समग्र कार्यप्रणाली है जिसमें जागरूकता सामुदायिक स्तर पर जांच निदान यात्रा सहायता आवास शल्य चिकित्सा उपचारोपरांत देखभाल और दीर्घकालिक फॉलो.अप को एकीकृत रूप से जोड़ा गया है। आज प्रांजलि स्वस्थ है और मुस्कुरा रही है। एनसीएल ऐसे अनेक और ष्नन्हे दिलोंष् तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है जिन्हें समय पर उपचार और देखभाल की आवश्यकता है।

### नन्हा सा दिल-एनसीएल - बाल हृदय उपचार की पूरी व्यवस्था

जन्मजात हृदय रोग बच्चों में पाए जाने वाले सबसे सामान्य जन्म दोषों में से एक है। यदि समय पर इसकी पहचान हो जाए तो अधिकांश मामलों में सफल उपचार संभव है। लेकिन दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए जांच और उपचार तक पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसी चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से 2025 में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पतालों के साथ साझेदारी कर मध्य प्रदेश के सिंगरौली एवं सीधी तथा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलों में नन्हा सा दिल् प्रकल्प प्रारंभ किया। इस सीएसआर प्रकल्प को इस प्रकार विकसित किया गया है कि बच्चों को जागरूकता जांच निदान ऑपरेशन और उपचारोपरांत देखभाल तक सम्पूर्ण सहायता एक ही मंच पर निः शुल्क उपलब्ध हो सके। यह उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्ष के दौरान इस प्रकल्प के अंतर्गत एनसीएल में 534 स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए गए जिनमें 38315 बच्चों की जांच की गई। साथ ही 764 इकोकार्डियोग्राम किए गए तथा 255 बच्चों की हृदय शल्य चिकित्सा पूर्णतः निःशुल्क कराई गई। एनसीएल के बीना अस्पताल में भी एक समर्पित सीएचडी स्क्रीनिंग सेंटर स्थापित किया गया है। प्रारंभिक पहचान और उचित रेफरल व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एचडी मेडिकल यूएस के सहयोग से विशेष स्क्रीनिंग उपकरणों और डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस पहल के केंद्र में नन्हे दिल का सफर् नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो इस प्रकल्प से जुड़े प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य सुधार पर निगरानी रखने के लिए विकसित किया गया है। प्रारंभिक जांच से लेकर ऑपरेशन और उपचारोपरांत फॉलो.अप तक यह प्लेटफॉर्म स्वास्थ्य टीमों को बच्चों और उनके परिवारों से सतत रूप से जोड़कर रखता है। साथ ही यह विभिन्न जिलों में कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी करने तथा यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि उपचार की आवश्यकता वाले किसी भी बच्चे की देखभाल की प्रक्रिया बीच में बाधित न हो।

# बालिकाएं सिर्फ अपने परिवार का ही नहीं बल्कि इस पूरे देश का भविष्य : संजय




## एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तीकरण अभियान सपनों की उड़ान् का समापन

**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर के तरंग प्रेक्षागृह में एनटीपीसी लिमिटेड के फ्लैगशिप कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण अभियान.26 सपनों की उड़ान का समापन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस चार सप्ताह की आवासीय कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजय असाटी कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद उपस्थित रहे समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में विंध्याचल परियोजना प्रमुख किशोर कुमार होता सिंगरौली परियोजना प्रमुख ई पी राव वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती नीलू असाटी वनिता समाज की अध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा नायक महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण प्रणय कुमार नायक सीआईएसएफ़के डेप्युटी कमांडेंट प्रकाश मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोयपाई एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सी एस पीटर्स उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण यूनियन एवं असोसियेशन के पदाधिकारीगण ग्राम प्रधान बच्चों के अभिभावकगण सहित भारी संख्या में कर्मचारी कार्यक्रम का साक्षी बनने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी गीत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि और वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोयपाई ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बालिका सशक्तीकरण अभियान.26 के दौरान आयोजित की गईं विभिन्न रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समापन समारोह के अवसर पर प्रतिभागी बालिकाओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना पर आधारित एक सुंदर नृत्य नाटिका से हुआ। इसके बाद बालिकाओं ने योग कौशल का प्रदर्शन किया और माँ तथा सपनों की उड़ान् थीम पर आधारित विचारोत्तेजक स्किट देशभक्ति व प्रेरक नृत्यों और गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बालिकाओं के आत्मविश्वास की भूरी-भूरी सराहना की। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि संजय असाटी ने अपने संबोधन में कहा आज यह कार्यशाला भले ही समाप्त हो रही है लेकिन आपके सपनों की उड़ान अभी शुरू हुई है। यहाँ आपने जो अनुशासन आत्मरक्षा के गुर हुनर और आत्मविश्वास सीखा है उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कभी भी खुद को किसी से कम मत आंकना। आप सिर्फ अपने परिवार का ही नहीं बल्कि इस पूरे देश का भविष्य हैं। खूब पढ़ना खूब आगे बढ़ना और जहाँ भी रहना रिहंद की इस सीख की चमक बिखरते रहना। समारोह के अंतिम चरण में कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया गया और सभी प्रतिभागी बालिकाओं को उनकी लगन व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपहार और स्मृति चिह्न वितरित किए गए।

# परियोजना प्रबंधन द्वारा किसी भी गृहस्वामी का मकान नहीं किया ध्वस्त

## बिना प्रतिकर भुगतान के मकान गिराने के संबंध में एनसीएल जयंत द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण

**जागरण, सिंगरौली।** एनसीएल जयंत द्वारा बिना प्रतिकर भुगतान के मकान गिराने के संबंध में यह आरोप लगाया गया है कि जयंत परियोजना द्वारा बिना पूर्व सूचना एवं बिना प्रतिकर दिए एक परिवार का मकान ध्वस्त कर दिया गया। उक्त प्रकरण छोटे बियार पिता स्व.बिट्टन बियार की जयंत परियोजना हेतु अर्जित भूमि पर स्थित मकान के मुआवजा भुगतान से संबंधित है। जयंत परियोजना के लिए ग्राम मढ़ोली स्थित स्व. बिट्टन बियार एवं उनके परिवार की भूमि तथा उस पर स्थित परिसंपत्तियों का अधिग्रहण सीबीए - डी एक्ट 1957 की धारा 9/1 के अंतर्गत जारी अधिसूचना क्र. 3065 के माध्यम से किया गया था। अर्जित भूमि के एवज में स्व. बिट्टन बियार को स्वीकृत मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। उनकी मृत्यु के उपरांत शेष देय मुआवजा राशि का भुगतान उनके वैध वारिसों छोटे बियार एवं अन्यको आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के पश्चात नियमानुसार किया जाना है। यह स्पष्ट है कि परियोजना द्वारा किसी भी गृहस्वामी का मकान ध्वस्त नहीं किया जाता है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गृहस्वामी स्वयं अपना मकान हटाकर परियोजना को स्थल का अधिपत्य सौंपता है जिसके पश्चात नियमानुसार प्रतिकर एवं पुनर्वास संबंधी लाभों का भुगतान किया जाता है। स्व बिट्टन बियार के अन्य पुत्रों एवं उनकी पत्नी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने मकानों का अधिपत्य परियोजना को सौंपा गया था जिसके उपरांत उन्हें मकान मुआवजा तथा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन लाभों का भुगतान किया जा चुका है। छोटे बियार से संबंधित प्रकरणों में मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए उन्हें समय.समय पर लिखित नोटिस भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त कार्यालय एवं स्थल स्तर पर उनके परिवारजनों को मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया है। तथापि आज तक न तो छोटे बियार और न ही उनकी पत्नी श्रीमती नीता बियार द्वारा आवश्यक दस्तावेज परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इसी कारण मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। जयंत परियोजना प्रबंधन ने कहा है कि आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होते ही प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करते हुए देय मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# टीईटी के विरोध में शिक्षक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला इकाई रीवा के अध्यक्ष शिवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में देशभर के शिक्षकों से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को लेकर भारत के प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर रीवा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में आवश्यक संशोधन करते हुए वर्ष 2009 के पूर्व तथा संशोधित प्रावधान लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को अनिवार्य पात्रता परीक्षा से मुक्त किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सहित देश के लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने से पूर्व संबंधित राज्य सरकारों की स्थापित नीतियों, चयन प्रक्रिया एवं नियमावली के अनुसार विधिवत रूप से की गई थीं। इन शिक्षकों ने वर्षों तक विद्यालयों में सेवाएं प्रदान करते हुए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लगभग दो दशक अथवा उससे अधिक समय तक शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को पुनः उच्च स्तरीय पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बाध्य करना न केवल अनुचित है, बल्कि उनके दीर्घकालीन अनुभव, समर्पण एवं शैक्षणिक योगदान का उचित मूल्यांकन भी नहीं है। संगठन ने कहा कि इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेकर लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों को राहत प्रदान की जा सकती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक कांग्रेस रीवा जिला अध्यक्ष शिवेन्द्र पाडेय, पूर्व प्रांत उपाध्यक्ष आबाद खान, संभागीय अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय, प्रान्तीय सचिव रमाकान्त शुक्ला, सुरेशचन्द्र तिवारी, महिला प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष मीरा उपाध्याय, संभागीय सचिव संजय तिवारी, देवदास कोल, उमाशंकर मिश्र, शिव कुमार तिवारी, मनोज पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा विभाग ने जारी की तबादला सूची

# देर रात लिस्ट देखते ही मचा हड़कंप, कई खुश हुए तो कईयों को लगा झटका

**जागरण,रीवा।** प्रदेश सरकार द्वारा स्थानांतरण नीति के तहत प्रदेश भर में सभी विभागों में स्थानांतरण किए गए हैं, कई जगहों पर स्वैच्छिक स्थानांतरण हुए तो कई जगहों पर सिकवा-शिकायतों के बाद प्रशासनिक स्थानांतरण में प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों व महाविद्यालय में पदस्थ अन्य स्टाफ को हटाया गया है। बता दें कि देर रात सूची उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई, कईयों ने तो देर रात ही स्थानांतरण सूची देखते ही उसे वॉयरल कर दिया तो कईयों की नींद खुलने के बाद जब उन्होंने सूची देखी तो हड़कंप मच गया। शासकीय महाविद्यालयों सहित विवि में स्थानांतरण को लेकर चर्चाएं चलती रहीं। स्वच्छिक स्थानांतरण पाकर लोग खुश रहे तो कईयों का अप्रत्याशित तबादला होने से प्राध्यापकों के बीच चर्चाएं चलती रहीं। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हुई। देर रात उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अपलोड की गई तबादला सूचियों में रीवा व मऊगंज जिले में दर्जन भर सीटों में बदलाव हुआ है।

**अतिथि विद्वानों की एक बार फिर फजीहत, कई जगहों पर हुए फॉलेन आऊट**

### हटाए गए सहायक कुलसचिव

बता दें कि विवि में भी स्थानांतरण किए गए हैं। अवधेश प्रताप सिंह विवि के सहायक कुलसचिव बृजेश सिंह ठाकुर का बरकतउल्ला विवि भोपाल कर दिया गया है। महिला वरिष्ठ कार्यसहायक के जबरन वेतन कटौती मामले में यह विवादों में आए थे, इनकी शिकायतें भी हुई थी। मंगलवार को जारी सूची में इनका भी स्थानांतरण कर दिया गया है। इनकी जगह महू विवि से सहायक कुलसचिव अकांक्षा प्रजापति को एपीएसयू भेजा गया है।

### अतिथि विद्वान फिर परेशान

बता दें कि कई प्राध्यापकों को ऐच्छिक स्थानांतरण इस प्रकार से दिए गए हैं कि दोनो महाविद्यालयों के बीच एक किमी की दूरी भी नहीं है। जीडीसी से टीआरएस व न्यू साइंस कॉलेज में कई प्राध्यापक व अन्य स्टॉफ गए हैं। इन तबादलों से अतिथि विद्वानों को भारी नुकसान हुआ है। इन तबादलों की वजह से एक बार फिर से उन्हें बाहर होना पड़ेगा और यदि सीटें रीवा में नहीं खुलती हैं तो उन्हें बाहरी जिलों में च्वाइस फिलिंग करनी होगी। मंगलवार को अतिथि विद्वान काफी परेशान दिखे, जो फॉलेन आऊट हुए वह तो परेशान थे लेकिन जो नहीं भी हुए वह भी सरकार की इस तरह की व्यवस्था को कोसते दिखे। च्वाइस फिलिंग पर एक बार फिर रोक लग गई है, कयास लगाया जा रहा है कि अभी और भी लिस्ट जारी हो सकती हैं जिसमें कई अतिथि विद्वान बाहर हो सकते हैं।

## 10 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में समिति बनाना कानूनन अनिवार्य

**जागरण,रीवा।** शहर में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सरकारी दावे और निजी संस्थानों के सुरक्षा वादों के बावजूद अधिकांश कार्यालयों में महिलाओं के लिए अनिवार्य आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया है। स्थिति निजी संस्थानों तक कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायतों की सुनवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कानून के तहत ऐसे सभी शासकीय और अशासकीय संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

# अभिभावकों को फोन कर दी सूचना, बच्चों को भेजें

**जागरण,रीवा।** जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गई। सोमवार को गोपनीय सामग्री का वितरण सभी परीक्षा केंद्रों में किया गया। शत प्रतिशत छात्रों की परीक्षा में सहभागिता हो इसके लिए स्कूलों से अभिभावकों को फोन लगाकर जानकारी दी गई। क्योंकि परीक्षा का यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुनः परीक्षाओं की तिथि में दो बार परिवर्तन किया जा चुका है। पहले जनगणना से संबंधित कार्यों के कारण परीक्षा स्थगित की गई थी, जबकि बाद में ग्रीष्म अवकाश के चलते संशोधित कार्यक्रम जारी करना पड़ा। मंगलवार को शुरु हुई परीक्षा में कितने छात्र उपस्थित रहे कितने अनुपस्थित इसकी जानकारी डीपीसी कार्यालय नहीं दे पाया। बदलती तिथियों के कारण विद्यार्थी और अभिभावक असमंजस की स्थिति में थे लेकिन परीक्षा कार्यक्रम तय होने के बाद स्कूलों से अभिवावको सूचना दी गई। हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा का परिणाम मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किया गया। अपराह्न 4 बजे घोषित परिणाम के बाद भी जिला शिक्षा कार्यालय में इस बात की जानकारी नहीं जुटाई जा सकी की परीक्षा में कितने छात्र अनुत्तीर्ण रहे और पास छात्रों का प्रतिशत कितना रहा। हायर सेकेंड्री की तरह अधिकारी-कर्मचारियों ने जिले की स्थिति को लेकर जानकारी न होने की बात कही। हालांकि बताया गया कि 18 जून को जिला पंचायत सभागार में रीवा व मऊगंज के मैरिट सूची के छात्रों को पुरस्कृत किए जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

# लामाटोला भूमिगत खदान की पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न

## सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों ने परियोजना के जल्द आने के पक्ष में दिया समर्थन





**जागरण, वैढ़न।** कोतमा तहसील अंतर्गत प्रस्तावित लामाटोला भूमिगत कोयला खदान परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित लोक सुनवाई ग्राम पंचायत बसखली स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में परियोजना से प्रभावित सात गांवों के लगभग 1500 ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा परियोजना के पक्ष में अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। लोक सुनवाई का संचालन कोतमा के अनुविभागीय अधिकारी श्री सतीश वर्मा एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि डॉ. अशोक कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया। लोक सुनवाई में लामाटोला रेउला गढ़ी बिचारपुर बसखली मौहारी एवं थोड़ाहा गांवों के ग्रामीणों ने परियोजना के संभावित सामाजिक एवं आर्थिक लाभों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों के सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उन्हें अभिलेख में दर्ज किया। परियोजना के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित खदान के लिए अपनाए जाने वाले पर्यावरणीय संरक्षण उपायों एवं प्रबंधन योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। ए.सी.सी. लिमिटेड की तरफ से कई अधिकारियों की मौजूदगी रही जिन्होंने परियोजना के लिए उठाये जानेवाले पर्यावरणीय उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। लामाटोला भूमिगत कोयला परियोजना भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा वाणिज्यिक खनन के अंतर्गत अगस्त 24 में प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से मेसर्स एसीसी लिमिटेड को आवंटित की गई है। यह परियोजना अनूपपुर जिले की कोतमा तहसील के सात गांवों में लगभग 1030 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वायु गुणवत्ता जल गुणवत्ता जल संसाधन ध्वनि स्तर भूमि पर्यावरण एवं मृदा गुणवत्ता सहित विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन किया गया है। अध्ययन में सभी मानक निर्धारित सीमाओं के अनुरूप पाए गए हैं तथा परियोजना के लिए व्यापक पर्यावरण प्रबंधन योजना का भी प्रावधान किया गया है। यह परियोजना लगभग 35 वर्षों तक संचालित होगी जिसमें आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रतिवर्ष 20 लाख टन कोयले का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना के संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे जिससे स्थानीय लोगों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार होगा। साथ हीराज्य सरकार के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। एसीसी् लिमिटेड ने क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल कौशल विकास एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तृत योजनाएं तैयार की हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी परियोजना से क्षेत्र के समग्र विकास और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद व्यक्त की। कोतमा के जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए बताया किए ष्इस परियोजना के आने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे एवं क्षेत्र का विकास होगा। जबकि बसखला के जनपद सदस्य देवनाथ सिंह का कहना है कि इस परियोजना के संचालित होने से रोजगार के अवसर आएंगे एवं मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा। बसखला गांव की रहनेवाली गणेशिया सिंह कहती हैं कि लामाटोला प्रोजेक्ट के आने से इस क्षेत्र का विकास होगा। परियोजना के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव व्यापक वृक्षारोपण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग वर्षा जल संचयन तथा खनन पट्टा क्षेत्र एवं परिवहन मार्गों के किनारे हरित पट्टियों का विकास किया जाएगा। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास के साथ.साथ जनस्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण संरक्षण सतत आजीविका कौशल विकास व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं किसान विकास कार्यक्रमों को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे स्थानीय समुदाय के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# बाल श्रम पर जिला प्रशासन का प्रहार, मेले और मिष्ठान भंडार से 6 बच्चे कराए गए मुक्त

**जागरण, वैढ़न।** जिला प्रशासन द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन और बच्चों के सुरक्षित भविष्य को लेकर आज एक विशेष संयुक्त निरीक्षण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार गठित संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग.अलग व्यावसायिक स्थलों से कुल 5 किशोर श्रमिकों और 1 बाल श्रमिक को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। प्रशासन की इस औचक दबिश से बाल श्रम कराने वाले नियोजकों में हड़कंप मच गया है। अभियान के दौरान श्रम निरीक्षक बाल संरक्षण अधिकारी विशेष किशोर पुलिस इकाई एसजेपीयू और कनपुरा कुटुंबकम एनजीओ की संयुक्त टीम ने एनसीएल ग्राउंड में संचालित मेले एवं कचनी मोड़ स्थित गुप्ता मिष्ठान भंडार पर अचानक छापा मारा। इस सघन तलाशी और औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने कार्यस्थलों पर काम कर रहे मासूमों को मुक्त कराया। मुक्त कराए गए सभी 6 बाल व किशोर श्रमिकों को तुरंत वैधानिक प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहाँ से अब उनके सुरक्षित पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर मासूमों से श्रम कराने वाले संबंधित नियोजकों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। इन सभी नियोजकों के विरुद्ध बाल श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम 1986 के कड़े प्रावधानों के तहत वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। जिला प्रशासन नें चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। बाल श्रम कराने वालों के विरुद्ध प्रशासन जीरो टॉलरेंस शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रहा है और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संदीप कुमार सिंह पता ग्राम भरूहा पोस्ट अमलोरी उपवन वार्ड सिंगरौली मध्य प्रदेश का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पहले नाम संदीप सिंह था जो कि बदल कर संदीप कुमार सिंह हो गया है और मुझे अब संदीप कुमार सिंह के नाम से जाना जाए । इस बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है जो सत्य एवं सही है।

# मेसी का मैजिक, विश्व कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, रोनाल्डो को पीछे छोड़ा

## अर्जेंटीना ने अपने पहले मैच में अल्जीरिया को 3-0 से रौंदा, फ्रांस, नार्वे और ऑस्ट्रिया ने जीत दर्ज की

जेएनएन, केनसस सिटी

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे के अपने पहले मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से करारी शिकस्त देते हुए फीफा विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। इस जीत के सबसे बड़े हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने अपने विश्व कप करियर का पहला हैट्रिक लगाकर इतिहास रच दिया। अमेरिका के एरोहेड स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अर्जेंटीना ने शुरुआत से ही खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। 39 साल के मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों गोल दागे। उन्होंने मैच का पहला गोल 17वें मिनट में किया, दूसरा गोल 62वें मिनट में और फिर 76वें मिनट में तीसरा गोल कर अपना पहला विश्व कप हैट्रिक पूरा किया। 38 वर्ष 357 दिन की उम्र में हैट्रिक लगाने वाले वे विश्व कप इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो 33 साल 130 दिन) का पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इसके साथ ही मेसी ने पुरुष फीफा विश्व कप इतिहास में सबसे च्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब उनके नाम विश्व कप में कुल 16 गोल हो गए हैं, जिससे उन्होंने जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मेसी ने ऑल-टाइम गोल स्कोरर्स की सूची में किलियन एम्बाप्पे, थॉमस म्यूलर और ब्राजील के महान स्ट्राइकर रोनाल्डो नजारियो जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। यह मेसी का लगातार छठा फीफा विश्व कप है। उन्होंने अपने करियर के हर विश्व कप में गोल करने का कारनामा किया है। मेसी के करियर का 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। वहीं अर्जेंटीना ने लगातार 10वें विश्व कप मैच में गोल करने का कारनामा भी किया।



- 1994 के बाद से अर्जेंटीना ने विश्व कप के ओपनिंग मैच में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की, जब उसने अमेरिका में ग्रीस को 4-0 से हराया था। उस मैच में भी हैट्रिक लगी थी, जो गैब्रियल बतिस्तुता ने लगाई थी।
- 11 वीं टीम अल्जीरिया बन गई है, जिसके खिलाफ मेसी ने विश्व कप में गोल किया। टूर्नामेंट में किसी भी दूसरे खिलाड़ी ने इतने च्यादा अलग-अलग विरोधियों के खिलाफ गोल नहीं किए हैं।

### पेले से आगे निकले एमबाप्पे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** कप्तान काइलियान एमबाप्पे (66 और 90+6) के दो गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप के अपने पहले मैच में सेनेगल पर 3-1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही एमबाप्पे ने विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को पीछे छोड़ दिया है। एम्बाप्पे विश्व कप में 14 गोल हो गए। फ्रांस के लिए 58 गोल करके उन्होंने ओलिवियर गिरोड का फ्रेंच रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 साल के एमबाप्पे ने विश्व कप गोल के मामले में पेले (12) और फ्रांस के जस्ट फोंटेन (13) को पछाड़ा। वह जर्मनी के गर्ड म्यूलर साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल अर्जेंटीना के मेसी (16), जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज (16) और ब्राजील के रोनाल्डो नाजारियो (15) हैं। एमबाप्पे का मैच में दूसरा गोल 29 मीटर (32 यार्ड) की दूरी से आया, जो उनके विश्व कप करियर का सबसे लंबी दूरी से किया गया गोल है।

### डेब्यू विश्व कप में हालैंड ने दागे दो गोल, नॉर्वे की सबसे बड़ी जीत

**बोस्टन।** स्टार स्ट्राइकर हालैंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने ग्रुप-आई के मुकाबले में इराक को 4-1 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। विश्व कप में अपना डेब्यू कर रहे हालैंड ने 29 और 43वें मिनट गोल दागा, जबकि सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में आए ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर किक पर शानदार हेडर लगाकर 76 वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल दागा।

# अफगान पर सबसे बड़ी जीत दर्ज कर भारत ने सीरीज अपने नाम की

## दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 170 रन से हराया



जेएनएन, लखनऊ

कप्तान शुभमन गिल (154) और इशान किशन (125) के शतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने दूसरे वनडे में बुधवार को अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 403 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करे हुए अफगानिस्तन की टीम अर्शदीप (45 रन पर तीन विकेट), गुरनूर बरार (60 रन पर तीन विकेट) और प्रिंस यादव (56 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के सामने कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और अंततः 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई। यह भारत की अफगानिस्तान पर सबसे बड़ी जीत भी है। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने सधी हुई शुरुआत की। गुरबाज (41 रन) और इब्राहिम जादरान ने पहले विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। बरार ने आठवें ओवर में गुरबाज का शिकार किया। अर्शदीप सिंह ने 14वें ओवर में इब्राहिम जादरान (31 गेंदों में 21) को पवेलियन भेजा। वॉशिंगटन सुंदर ने 24वें ओवर में सेदिकुल्लाह अटल (50 गेंदों में 42) को एलबीडब्ल्यू किया। उन्होंने रहमत शाह के संग तीसरे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की। दरविश रसूली (6) रिटायर्ड हर्ट हो गए हैं। गुरनूर ने 26वें ओवर में कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (4) को बोल्ड किया। डेब्यूटेंट प्रिंस यादव ने 31वें ओवर में नांगेयालिया खरोटी (6) को बोल्ड किया। राशिद खान (12), सलीम सफी (9) और अल्लाह गनजफर (1) सस्ते में लौटे। प्रिंस ने रहमत शाह को गुरनूर के हाथों लपकवाया और अफगानिस्तान की पारी को समेटा।

### स्कोर बोर्ड

**भारतः 402/10 (49.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. खरोटे बो. सलीम | 4 | 9 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो. राशिद | 48 | 39 | 6 | 2 |
| गिल का. रसूली बो. खरोटे | 154 | 110 | 22 | 2 |
| किशन का. अलीखिल बो. खरोटे | 125 | 79 | 14 | 7 |
| अय्यर का. जदरान बो. खरोटे | 26 | 24 | 1 | 1 |
| राहुल का. जदरान बो. खरोटे | 0 | 1 | 0 | 0 |
| सुंदर स्टं. गुरबाज बो. राशिद | 19 | 19 | 1 | 0 |
| बरार का. जदरान बो. राशिद | 3 | 7 | 0 | 0 |
| अर्शदीप का. राशिद बो. गजनफर | 3 | 4 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 3 | 3 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव रनआउट | 5 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 49.5 ओवर में 402 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-9, 2-96, 3-320, 4-360, 5-360, 6-371, 7-387, 8-392, 9-396, 10-402, गेंदबाजीः गजनफर 10-1-69-1, सलीम 8-0-75-1, बिलाल सामी 8.5-0-90-0, खरोटे 10-0-76-4, राशिद खान 8-0-48-3, शाहिदी 5-0-36-0.

**अफगानिस्तानः 232/10 (44.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का. राहुल बो. बरार | 41 | 33 | 7 | 1 |
| जदरान का. प्रिंस बो. अर्शदीप | 21 | 31 | 3 | 0 |
| सेदिकुल्लाह पगबाधा बो. सुंदर | 42 | 50 | 5 | 1 |
| रहमत शाह का. बरार बो. प्रिंस | 79 | 89 | 8 | 0 |
| दरवेश रसूली रिटायर्ड हर्ट | 6 | 6 | 1 | 0 |
| हशमतउल्ला शाहिदी बो. बरार | 4 | 2 | 1 | 0 |
| नांगोलिया खरोटे बो. प्रिंस | 6 | 11 | 0 | 0 |
| राशिद का. रोहित बो. अर्शदीप | 12 | 12 | 2 | 0 |
| गजनफर का. श्रेयस बो. अर्शदीप | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सलीम बो. बरार | 9 | 19 | 2 | 0 |
| बिलाल सामी नाबाद | 2 | 14 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 44.3 ओवर में 232 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-52, 2-71, 3-128, 4-140, 5-170, 6-188, 7-190, 8-220, 9-232, **गेंदबाजीः** अर्शदीप सिंह 9-0-45-3, प्रिंस यादव 7.3-0-56-2, गुरनूर बरार 10-0-60-3, कुलदीप यादव 10-0-42-0, वॉशिंगटन सुंदर 7-0-24-1, जायसवाल 1-0-3-0.

# 36 साल बाद ऑस्ट्रिया की विश्व कप में जीत



## अर्नाटोविच और शमिड के गोल से जोर्डन को 3-1 से हराया

**सांता क्लारा, जेएनएन।** ऑस्ट्रिया ने विश्व कप में 36 साल बाद पहली जीत दर्ज करते हुए जोर्डन को 3-1 से हराया। जोर्डन के डिफेंडर यजान अल अरब के आत्मघाती गोल से ऑस्ट्रिया को 76वें मिनट में 2-1 से बढ़त मिली। स्टॉपेज टाइम में अनुभवी स्ट्राइकर मार्को अर्नाटोविच ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त 3-1 की कर दी। ऑस्ट्रिया पिछले छह विश्व कप में क्वालिफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रिया के लिए रोमानो शमिड ने 20वें मिनट में गोल दागा। वहीं अली ओल्वान ने 50वें मिनट में जोर्डन के लिए बराबरी का गोल किया। उन्होंने विश्व कप में जॉर्डन के लिए पहला गोल दागा। ओल्वान 2026 विश्व कप क्वालिफायर में नौ गोल के साथ जॉर्डन के सबसे सफल स्कोरर भी रहे थे। जोर्डन अब सोमवार को अल्जीरिया से खेलेगा, जबकि ऑस्ट्रिया का सामना उसी दिन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम से होगा।

■ 1998 में इविका वास्टिक के बाद रोमानो शिमड विश्व कप मैच में पेनल्टी एरिया के बाहर से गोल करने वाले पहले ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी बने। शिमड ने 23.3 मीटर (25.4 यार्ड) की दूरी से शानदार गोल किया, जो 1982 के बाद ऑस्ट्रिया की ओर से विश्व कप में सबसे लंबी दूरी से किया गया गोल है। इससे पहले 1982 में रेनहोल्ड हिंटरमेयर ने उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ 26.4 मीटर की दूरी से गोल किया था।

### आरोपः संचिता को पैसे के लिए किया गया टॉर्चर

**मुंबई, जेएनएन।** टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले की सुसाइड के बाद उनके पिता मच्छिंद्र उगले ने कहा कि उनकी बेटी को टॉर्चर किया जा रहा था। उस पर पैसे को लेकर दबाव बनाया गया, इसके बाद डिप्रेशन में थी। टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य में दिया का किरदार निभाकर घर-घर मशहूर हुईं संचिता उगले का शव रविवार रात सीलिंग फैन से लटका मिला था। एक्ट्रेस के पिता ने एनडीटीवी से कहा कि वह अक्सर परेशान रहती थी। उसने कभी हमें इसकी वजह नहीं बताई। बस इतना पता था कि वह अंदर ही अंदर परेशान रहती थी। कई बार वह बिल्कुल ठीक और खुश नजर आती थी, लेकिन अचानक डिप्रेशन में चली जाती थी। ये बात हमारे ध्यान में आई और हम उसके साथ रोज आना-जाना करते थे।

## एमपीएलः धर्मेश के शतक से रॉयल निमाड़ ईगल्स की लगातार चौथी जीत

**भोपाल, खेप्र।** रॉयल निमाड़ ईगल्स ने मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) में इंदौर पिंक पैंथर्स को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों में लगातार चौथी जीत दर्ज की। होलकर स्टेडियम में इंदौर पिंक पैंथर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाए। अथर्व जोशी ने 38 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। रॉयल निमाड़ ईगल्स के कुमार कार्तिकेय ने 3 विकेट झटके, जबकि परुष मंडल, पुष्कर विश्वकर्मा, धर्मेश पटेल और देवेंद्र सिंह कठैत ने एक-एक सफलता मिली। जवाब में धर्मेश पटेल (108) की शतकीय पारी से रॉयल निमाड़ ने 18.5 ओवर में दो विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम किया। कनिष्क दुबे 31 और हिमांशु मंत्री ने 28 रन का योगदान दिया। दिन के दूसरे मुकाबले में रीवा जगुआर ने जबलपुर रॉयल लायंस को 8 विकेट से हराया। जबलपुर ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 218 रन बनाए। उसके लिए कप्तान राहुल बाथम ने 66 और रितिक टाडा ने नाबाद 67 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, अजय रोहेरा ने 49 रन बनाए। रीवा के रामवीर और अश्विन दास ने तीन-तीन विकेट झटके। जवाब में रीवा ने अक्षत रघुवंशी (नाबाद 147, 64 गेंद) के नाबाद शतक की बदौलत 16.3 ओवर में दो विकेट खोकर 219 रन बना लिए।



## टैलेंट सर्च 27 जून से, 17 से रजिस्ट्रेशन

**भोपाल, खेप्र।** खेल विभाग द्वारा खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उन्हें राज्य खेल अकादमियों में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टैलेंट सर्च 2026-27 अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं संभागों में छिपी खेल प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं खेल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। टैलेंट सर्च के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश की विभिन्न खेल अकादमियों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। टैलेंट सर्च में भाग लेने के लिए खिलाड़ी 17 जून से ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। 27 जून से टैलेंट सर्च की चयन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। चयन के अंतर्गत खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता, खेल कौशल एवं अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण किया जाएगा। टैलेंट सर्च के द्वारा 21 खेल विधाओं में प्रतिभा चयन आयोजित किया जा रहा है, जिनमें एथलेटिक्स, हॉकी (पुरुष एवं महिला), कुश्ती, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, जूडो, तीरंदाजी, बैडमिंटन, रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, ट्रायथलॉन, शूटिंग (राइफल, पिस्टल एवं शॉटगन), घुड़सवारी सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभा चयन किया जाएगा। टैलेंट सर्च राच्य की खेल प्रतिभाओं को पहचान देने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## इंटर हाउस लीगः धोनी हाउस 58 रन से जीता

**भोपाल, खेप्र।** महेंद्र सिंह धोनी हाउस ने मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस सीनियर ग्रुप क्रिकेट लीग में विराट कोहली हाउस को 58 रनों से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर धोनी हाउस ने सात विकेट खोकर 165 रन बनाए। कप्तान अरबाजउद्दीन ने 50 और अक्षत सोलंकी ने 42 रनों का योगदान दिया। कोहली हाउस के लिए निश्चय सिकरवार और अर्णव सिंह पुंढ़ीर ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में कोहली हाउस 108 पर ऑलआउट हो गया। अर्णव पुंडीर ने 48 और रिषभ पाण्डे ने 24 रन बनाए। धोनी हाउस के लिए यशवर्धन और साद बगड़ ने दो-दो विकेट लिए।



### लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष पहुंचा टीएमसी विवाद

# एनसीपीआई में विलय पर दोनों पक्ष को सुनेंगे बिड़ला

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में जारी राजनीतिक खींचतान अब लोकसभा स्पीकर के दरवाजे तक पहुंच गई है। पार्टी के बागी सांसदों द्वारा लोकसभा में अलग समूह के रूप में मान्यता और नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय का दावा किए जाने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों की बात सुनने का फैसला किया है।

स्पीकर कार्यालय ने ममता बनर्जी खेमे के सांसदों को भी ईमेल भेजकर बैठक के लिए बुलाया है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सभी दस्तावेजों की जांच के बाद ही इस मामले में कोई निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि मानसून सत्र शुरू होने से पहले इस मुद्दे पर फैसला आ सकता है।

**ममता पहुंचीं हाईकोर्ट**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव परिणाम को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस सीट पर ममता को 15,105 वोटों से हराया था। मंगलवार को खुद हाईकोर्ट पहुंचीं ममता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि मतगणना प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं थी।

**टीएमसी नेता सौमित्र पर अंडे फेंकेः** पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का विरोध लगातार बढ़ता दिख रहा है। मंगलवार को तृणमूल युवा नेता और ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले सौमित्र बनर्जी पर अंडे फेंके गए। दूसरी ओर, धनुरहाट ग्राम पंचायत की सरपंच मंदिरा गेन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे लोगों से घिरी हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में वे हाथ जोड़कर, कान पकड़कर और घुटनों के बल बैठकर माफी मांगती दिखाई दे रही हैं।

**बढ़ीं अभिषेक की मुश्किलेंः** तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी मंगलवार को कथित भड़काऊ भाषण मामले में पश्चिम बंगाल सीआईडी के सामने पेश हुए। उनके खिलाफ उत्तर 24 परगना जिले के बागुईआटी थाने में एक महीने पहले एफआईआर दर्ज की गई थी।

**काकोली बनीं एनसीपीआई की नई राष्ट्रीय अध्यक्षः** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने काकोली घोष दस्तीदार को एनसीपीआई का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इस बीच काकोली और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की।

# झारखंड राज्यसभा चुनावः एनडीए ने की 24 विधायकों की घेराबंदी



**दो सीटों पर झामुमो के बैजनाथ राम कांग्रेस के प्रणव झा और एनडीए समर्थित परिमल नाथवानी के बीच मुकाबला**

**रांची, जेएनएन।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को मतदान होना है। मतदान से पहले एनडीए अपने सभी 24 विधायकों को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में ठहराने की तैयारी कर रहा है। होटल में 32 कमरे बुक किए गए हैं, जहां सभी विधायकों को रखा जाएगा।

मतदान के दिन सभी विधायकों को बसों के जरिए सीधे विधानसभा ले जाया जाएगा। वहीं, एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी रांची के होटल कैपिटल हिल में रुके हैं। जिन दो राज्यसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक सीट झामुमो संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के बाद खाली हुई है। जबकि दूसरी सीट भाजपा नेता दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के कारण खाली हो रही है। इन 2 सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। आईएनडीआईए की ओर से झामुमो के बैजनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी भी मैदान में हैं। राजनीतिक समीकरणों को देखा जाए तो बैजनाथ राम की जीत लगभग तय मानी जा रही है। जबकि दूसरी सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा व निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है।

## नीट से पहले अलर्ट मोड में पुलिस 38 साइबर कमांडो रखेंगे नजर



**भोपाल।** 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) के दौरान पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी। नीट की तैयारियों के लिए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने प्रदेश के सभी एसपी के साथ मंगलवार को वीसी के जरिए बैठक कर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम से प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को वापस लाने के लिए सभी एसपी को 20 जून तक संबंधित परीक्षा केंद्रों, स्ट्रॉन्ग रूम और संबंधित बैंकों का निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। पुलिस के 38 साइबर कमांडो एक्टिव रहेंगे, जो सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। इनका काम पेपर लीक की अफवाह रोकना और परीक्षा संबंधी अपराधों में पूर्व से लिप्त रहे संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रखना होगा। डीजीपी ने कहा कि अगर कोई भी सोशल मीडिया पर नीट को लेकर गलत सूचना दे, तो उसके खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने कहा कि परीक्षा के एक दिन पहले से ही होटल, लॉज और कोचिंग संस्थानों में भी जांच की जाए।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस, अब तक एफआईआर नहीं

## करोड़पति टिन्नू यादव बोला ऑटो चलाकर कमाये हैं पैसे

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित गड़बड़ी और चोरी के आरोपों के बीच मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आया है। मंगलवार को वीडियो संदेश में टिन्नू ने जिन जमीनों और संपत्तियों की कीमत 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है, उनमें से अधिकांश संपत्तियां वर्ष 2008 में खरीदी थीं। उसने दावा किया कि यह संपत्ति वर्षों तक ऑटो चलाकर और अन्य वैध व्यवसायों से कमाई की है। दूसरी ओर, मंगलवार को इस मामले में पुलिस के पास तीन शिकायतें पहुंचीं। धर्मसेना के संस्थापक संतोष दुबे, यूपी युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला और करणी सेना ने शिकायतें दी गई हैं। हालांकि अभी तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



# हवाओं के दबाव में 'मानसून', मप्र में अब तक 35% कम बारिश

### जेट स्ट्रीम हवाओं ने रोका मानसून का रास्ता, स्थिति नहीं सुधरी तो बिगड़ेंगे हालात



**नगर संवाददाता, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। यही कारण है कि 15 जून गुजर जाने के बाद भी मध्य प्रदेश में इसकी एंट्री नहीं हुई है। इतना ही नहीं प्रदेश में इसके पहुंचने का समय दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। पहले अनुमान था कि 18 जून तक प्रदेश में मानसून दस्तक देगा, लेकिन अब बताया जा रहा है कि 21 जून के बाद मानसून आ सकता है। मानसून की ताजा स्थिति पर वर्ल्ड मेट्रोलॉजी ऑर्गेनाइजेशन ने जानकारी दी है कि मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 6 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। यहां कई हिस्सों में गर्मी लौट आई है। अधिक जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ में 3 से 4 दिन, तो मध्य प्रदेश-यूपी में मानसून की एंट्री हफ्तेभर बाद हो सकती है।

**ऐसे असर डाल रहीं जेट स्ट्रीम हवाएंः** मेट्रोलॉजी विभाग का यह भी कहना है कि इस हफ्ते के अंत तक बारिश में सुधार संभव है। मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि करीब 15 किमी ऊपर बह रही हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं। ये इस बार सामान्य से ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक गई है। इसके कारण ऊपरी स्तर की पूर्वी जेट वायु धारा दब गई है, जो भारतीय मानसून को गति देने में अहम भूमिका निभाती है। नतीजा यह हुआ कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाली मौसम प्रणालियां देश के अंदरूनी हिस्सों तक प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। बारिश लाने वाले सिस्टम या तो कमजोर पड़ रहे हैं या फिर सीमित क्षेत्रों तक सिमटकर रह जा रहे हैं। इससे नमी का वितरण प्रभावित हो रहा है और कई राज्यों में अपेक्षित बारिश नहीं हो पा रही है।

**मानसून की दोनों दिशाएं कमजोर**

देश में मानसून दो दिशाओं से आगे बढ़ता है, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी। अरब सागर से उठ रही मानसूनी हवाएं भी 8 जून से अटकी हुई हैं। इससे देश के अंदर पहुंच चुकीं मानसूनी हवाओं को पुश नहीं मिल पा रहा है। यानी, मानसूनी हवाओं को तेलंगाना से छत्तीसगढ़ और मप्र की तरफ धकेलने के लिए जरूरी प्रेशर नहीं बन रहा है। जबकि बंगाल की खाड़ी में सिस्टम कमजोर है। इस वजह से मानसून रुका हुआ है।

**तंबाकू सेवन से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है प्रतिकूल प्रभाव : प्रो नंदलाल**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत कला संकाय में छात्रों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तंबाकू सेवन जन्य विकार एवं उनका व्यवहारिक समाधानष् विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसिक स्वास्थ्य समिति एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो नंदलाल मिश्र ने की।

**जन कल्याण शिविरों में 16504 आवेदनों का निराकरण, 70 प्रकरण शेष**

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 12 से 18 जून तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनकल्याण शिविरों के छठवें दिन तक सतना जिले में कुल 16574 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 16504 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि 70 प्रकरण लंबित हैं, जिन पर कार्यवाही जारी है।


Dr. Juneja's
पेट सफा
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
Natural Laxative GRANULES & TABLETS
पेट सफा तो हर रोग दफा
24x7 Helpline 91197 88888
www.petsaffa.com
NO.1 BRAND INDIA 2016
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं
पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स,
जिसे सेवन करना है
बिल्कुल आसान, और
परिणाम है पहले
दिन से
इसकी आदत भी नहीं बनती
Divisa


# घटिया निर्माण कराने वाले उपयंत्री पर आखिर किसका संरक्षण

## उप सरपंच की शिकायत पर भी नही हो रही कार्यवाही

**जागरण, सतना**

ग्राम पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यो की गुणवत्ता देखना उपयंत्री की प्रमुख जिम्मेवारी है मगर ऐसा लगता है जैसे इन उपयंत्रियों को घटिया निर्माण से कोई लेना देना नही। ऐसा ही एक मामला मैहर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलदरा का सामने आया है जहां पर उपयंत्री राजा भईया सिंह द्वारा लगातार घटिया निर्माण को बढावा दिया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर उपसरपंच सहित गांव के कई लोगो ने कई बार एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की मगर कार्यवाही सिफर रही। अब एक बार फिर उपसरपंच पुष्पेन्द्र सिंह कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। कलेक्टर से शिकायत के बाद अब लोगो को उम्मीद है कि जल्द ही घटिया निर्माण को बढावा देने वाले उपयंत्री पर कार्यवाही होगी।


प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय
मैहर जिला मैहर म०प्र०
विषय- ग्राम पंचायत बेलदरा के गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो की जांच कर इंजीनियर से राशि वसूली किये जाने के सम्बंध में।
महोदय,
निवेदन है कि ग्राम पंचायत बेलदरा में गुणवत्ता विहीन सी०सी० रोड एवं नालियो का निर्माण कराया जा रहा है जो निम्नानुसार है-
1. यह कि वार्ड क्र0 05 में नाली का निर्माण फ्लोरी मशीन से तथा प्राक्कलन के विपरीत गुणवत्ता विहीन घटिया किस्म का निर्माण कराया गया जिसकी शिकायत दिनांक 17.02.2026, 18.02.2026 को की गई प्रमाण संलग्न है।
2. यह कि गनेश कोरी के घर से चिंतामन पटेल के घर तक सी०सी० रोड का निर्माण रात्रि में गुणवत्ता विहीन फ्लोरी मशीन से रोड में लाईट लगाकर बनायी गई जो बहुत ही घटिया किस्म की है।
3. यह कि वार्ड क्र0 13 व 08 में पी०सी०सी० रोड का निर्माण फ्लोरी मशीन से प्राक्कलन के विपरीत गुणवत्ता विहीन रोड का निर्माण कराया गया जो बहुत ही जर्जर है।
4. यह कि माध्यमिक शाला के पास से हरिजन/आदिवासी मोहल्ले की ओर नाली का निर्माण फ्लोरी मशीन से कराया गया जो बहुत ही घटिया किस्म की है।
5. यह कि शांति धाम पहुच मार्ग में पी०सी०सी० रोड का निर्माण फ्लोरी मशीन से कराया गया जो बहुत ही गुणवत्ता विहीन है प्राक्कलन अनुसार जांच होनी चाहिए जिसकी शिकायत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना एवं श्रीमान को की गई परन्तु जांच अभी तक शेष है।
उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि दिनांक 26.03.2026 को कार्यालय कार्यपालन यंत्री सेवा संभाग सतना द्वारा टीम गठित कर दी गई परन्तु जांच दल द्वारा आज तक जांच नही की गई। पत्र संलग्न है।
अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि ग्राम पंचायत बेलदरा में निर्माण कार्य जे०सी०बी० मशीन एवं फ्लोरी मशीन से इंजीनियर श्री राजा भैया की देखरेख में निर्माण कार्य कराये जाते है इसीलिए जांच कराकर दुरूपयोग की गई ग्राम पंचायत की राशि इंजीनियर से वसूली कराकर सरकारी खजाने में जमा कराये जाने की कृपा की जावे।
दिनांक- 16.06.2026
संलग्न- पूर्व मे दी गई शिकायतो की छायाप्रतियां। जांच समिति दिनांक 26.03.2026 की छायाप्रति।
प्रार्थी
उपसरपंच व अन्य ग्राम वासी ग्राम पंचायत बेलदरा जनपद पंचायत मैहर जिला मैहर

### इन कार्यों को लेकर बढा असंतोष

जिन कामो को लेकर घटिया निर्माण का आरोप सीधे तौर पर उपयंत्री पर लगा है उसमें पंचायत के वार्डक्रमांक 5 में घटिया स्तर का नाली निर्माण कराया गया है। इसकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है। गणेश कोरी के घर से चिंता मणी पटेल के घर तक सीसी रोड का गुणवत्ता विहीन निर्माण रात के अंधेरे में मशीनो से कराया गया है। वार्ड क्र 13 एवं 8 में पीसीसी रोड का निर्माण प्राक्कलन के विपरित कराया गया। माध्यामिक शाला के पास से हरिजन आदिवासी मोहल्ले की ओर नाले का निर्माण, शांति धाम पहुच मार्ग में पीसी रोड का निर्माण मशीनो का उपयोग कर गुणवत्ता विहीन कराया गया जिसकी शिकायत पूर्व भी आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री से की गई। 26 मार्च को घटिया निर्माण की जांच कराने के लिए आरईएस कार्यपालन यंत्री द्वारा टीम गठित की गई लेकिन आज दिनांक तक कोई भी नही की गई।

## धान की सीधी बुवाई को बढ़ावा

**सतना।** जिले में धान की खेती को अधिक लाभकारी और संसाधन-सक्षम बनाने के उद्देश्य से किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) पद्धति अपनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग के अनुसार यह विधि न केवल पानी और श्रम की बचत करती है, बल्कि समय पर बुवाई होने से उत्पादन में भी वृद्धि होती है। कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने बताया कि बेहतर जमाव और सिंचाई प्रबंधन के लिए खेत का समतल होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए लेजर लैंड लेवलर का उपयोग सर्वोत्तम माना गया है, हालांकि पारंपरिक जुताई और पाटा विधि से भी खेत समतल किया जा सकता है। डीएसआर के अंतर्गत नम और सूखी दो विधियां अपनाई जा सकती हैं। नम विधि में बुवाई से पहले सिंचाई कर खेत तैयार किया जाता है, जबकि सूखी विधि में पहले बुवाई कर बाद में सिंचाई या वर्षा पर निर्भर रहा जाता है। दोनों ही स्थितियों में सीड ड्रिल या जीरो टिलेज मशीन का उपयोग उपयुक्त बताया गया है। धान की सीधी बुवाई के लिए 15 से 25 जून का समय सबसे उपयुक्त माना गया है, जो मानसून आगमन से 10-15 दिन पूर्व होता है। जिले के लिए एमटीयू-1010, जेआर-206 और जेआर-21 किस्मों की अनुशंसा की गई है। सामान्य किस्मों के लिए 20-25 किलोग्राम तथा संकर धान के लिए 8-10 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ पर्याप्त बताया गया है। बीज को बुवाई से पूर्व फफूंदनाशी घोल (कार्बेन्डाजिम, मैन्कोजेब) से उपचारित करने की सलाह दी गई है। बुवाई के समय बीज की गहराई 2-3 सेमी तथा पंक्ति दूरी 18-22.5 सेमी रखने की अनुशंसा की गई है। खरपतवार नियंत्रण के लिए रसायनिक और यांत्रिक दोनों उपाय सुझाए हैं।

# निर्माण के अगले दिन ही ध्वस्त हुई नाली, विकास कार्यों की खुली पोल

## ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री और भ्रष्टाचार के लगाए आरोप, जांच की मांग तेज



**जागरण, सतना।** जनपद पंचायत मैहर अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरबई में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किया जा रहा हैए जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घोरबई में नाली निर्माण का कार्य पिछले लगभग एक माह से चल रहा था। बताया जा रहा है कि 10 से 15 जून के बीच निर्माण कार्य पूर्ण हुआए लेकिन निर्माण पूरा होने के अगले ही दिन 16 जून को कंधी लाल कोल के घर के पास बनी नाली का हिस्सा ध्वस्त हो गया। नई नाली के इतनी जल्दी टूट जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया गयाए जिसके कारण नाली टिकाऊ साबित नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि पंचायत क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद जनपद पंचायत और संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत मैहर और संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करते हैं या नहीं।

# शबरी के राम ने छोड़ी गहरी छाप दर्शकों ने सराहा अभिनय



## सांसद बोले चित्रकूट की सांस्कृतिक विरासत को मिले राष्ट्रीय पहचान

**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एनएसडी नई दिल्ली एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईओसीएल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप का बुधवार को समापन हुआ। लगभग एक माह तक चली इस रंगमंचीय कार्यशाला के समापन अवसर पर तैयार बाल नाट्य प्रस्तुति ष्शबरी के रामष् का मंचन महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालयए चित्रकूट के वाल्मीकि सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह रहे। बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटक ष्शबरी के रामष् ने दर्शकों को भाव.विभोर कर दिया। भगवान श्रीराम और माता शबरी के प्रेमए भक्तिए समर्पण तथा मानवीय मूल्यों पर आधारित इस प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति लोक परंपराओं और नैतिक आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त संदेश दिया। इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी मुस्कान गोस्वामी ने किया। अदिति गुप्ता ने सहायक निदेशक तथा प्रवीण चोरगड़े ने वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वेशभूषा की जिम्मेदारी अदिति जोशी ने संभाली। कार्यशाला के दौरान बच्चों को अभिनय संगीतए नृत्य वॉइस एंड स्पीच चित्रकला मंच सज्जा तथा व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों ने रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखते हुए अपनी रचनात्मक क्षमताए अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास को विकसित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने बाल कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि चित्रकूट वनांचल से जुड़ा माता शबरी और प्रभु श्रीराम का प्रसंग क्षेत्र की सांस्कृतिक और भावनात्मक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु चित्रकूट की पावन भूमि पर भी पहुंचना चाहता हैए क्योंकि भगवान श्रीराम के वनवास काल का महत्वपूर्ण हिस्सा चित्रकूट से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम वन पथ के विकास का कार्य प्रारंभ हो चुका हैए जो भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने चित्रकूट की 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में स्थित संत.महात्माओं की तपोभूमियों साधना स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद ने सुझाव दिया कि संस्कृति मंत्रालय ऐसे सभी स्थलों का चिन्हांकन एवं विकास कराएए जहां प्रभु श्रीराम ने वनवास के दौरान प्रवास किया अथवा जिनका उल्लेख रामकथा में मिलता है। इससे चित्रकूट के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को और अधिक व्यापक पहचान मिल सकेगी।

## सहायक कुलसचिव नीलकमल कुमावत को दी गई विदाई

**सतना।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव नीलकमल कुमावत का स्थानांतरण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन किए जाने पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। रजत जयंती सभागार में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने श्री कुमावत को शालए श्रीफल एवं स्मृति.चिह्न भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय लेखा नियंत्रक डॉ एस ओझा सहित स्थापना लेखा कुलपति कार्यालय तथा विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कुमावत के कार्यनिष्ठ अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण कार्य व्यवहार की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## जनपद पंचायत में जनकल्याण शिविर संपन्न



**सतना।** अमरपाटन की ग्राम पंचायत कठहा के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में बुधवार को जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत सदस्य हरीशकांत त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष माया विनीत पांडेय, जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल, सीईओ वेदमणि मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अमरपाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदमणि मिश्रा ने बताया कि जनकल्याण शिविर के दौरान कुल 3028 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3018 आवेदनों पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष 10 आवेदनों में निराकरण की कार्यवाही समय-सीमा में की जायेगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत रामनगर की ग्राम पंचायत बडा इटमा में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने की। जनपद पंचायत रामनगर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती दीक्षित ने बताया कि जनकल्याण शिविर के दौरान कुल 4247 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3842 आवेदनों पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष 405 आवेदनों में निराकरण की कार्यवाही समय-सीमा में की जायेगी।


प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)
कॉलेज कोड: P494 | पंजीयन - री.स. 2440
(राजीव विकास परिषद रीवा द्वारा संचालित)
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एम.पी. बोर्ड भोपाल
स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक
बी.ए.एल.एल.बी., एल.एल.बी., एल.एल. एम. में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक

| क्र. | कक्षा | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए. एल.एल.बी. | पांच वर्षीय पाठ्यक्रम – सभी अनिवार्य विषय (बी.ए. के साथ एल.एल.बी.) |
| 2. | डी.एल.एड. (32208) | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (वर्ग–3 एवं वर्ग–2 के लिए मान्य) |
| 3. | बी.ए. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम (राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य) |
| 4. | बी.कॉम (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन सहित |
| 5. | बी.एस.सी. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम– (भौतिकशास्त्र, जन्तुशास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणिशास्त्र |
| 6. | एल.एल.बी. | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम |
| 7. | एल.एल.एम. | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (क्रिमिनल लॉ, बिजनिस लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ) |
| 8. | एम.एस.सी. | गणित, रसायनशास्त्र |
| 9. | एम.कॉम. | सभी अनिवार्य विषय |
| 10. | एम.ए. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी |
| 11 | एम.एस.डब्ल्यू. | सभी अनिवार्य विषय |

संपर्क करें : मो.:9893558718, 9981265181



गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 21 जून 2026
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे
एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
(गोल्ड मेडलिस्ट), एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (USA)
कंसलटेंट - इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001
समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222



विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा



चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311



रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्श:
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।
किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
दिनांक 20 जून 2026 शनिवार को
मिलने का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
PCI APPROVED/9649
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma
D.Pharma
REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com